# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 17 अगस्त, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 224, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 1,331 अंकों की उछाल

सेंसेक्स दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ और निफ्टी 397 अंक चढ़कर 24,500 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ। } 14

## घाटी में लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत करेगा चुनाव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया तथा कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करेगा और क्षेत्र के लिए विकास के नये दौर के द्वार खोलेगा। } 14



## अटलजी की पुण्यतिथि पर अर्पित की गयी श्रद्धांजलि



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित सदैव अटल जाकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय जनता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 69 हजार शिक्षक भर्ती की मेरिट लिस्ट हुई रद्द

### सामान्य श्रेणी की मेरिट में आने पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को सामान्य में माइग्रेट करने के आदेश

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2019 की 1 जून 2020 को जारी चयन सूची व 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 की चयन सूची को दरकिनार कर नए सिरे से चयन सूची बनाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि नयी चयन सूची बनाते समय यदि वर्तमान में कार्यरत किसी सहायक शिक्षक पर विपरीत असर पड़ता है तो मौजूदा सत्र का लाभ दिये जाये ताकि छात्रों की पढ़ायी पर खराब असर न पड़े।

यह फैसला जस्टिस एआर मसूदी व जस्टिस बृजराज सिंह की दो सदस्यीय पीठ ने महेंद्र पाल व अन्य द्वारा एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल 90 विशेष अपीलों को एक साथ निस्तारित करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने मामले में सुनवायी पूरी कर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। कोर्ट ने अपना फैसला 13 अगस्त को ही सुना दिया था किन्तु उसकी कापी कोर्ट की वेबसाइट पर शुक्रवार को उपलब्ध हुई। कोर्ट ने इस सम्बंध में 13 मार्च 2023 के एकल पीठ के आदेश को संशोधित करते हुए यह भी निर्णय दिया है कि सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित मेरिट में आने पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी में ही माइग्रेट किया जाएगा। अपने आदेश में कोर्ट ने यह भी कहा है कि पीठ द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार दिए जाने वाले ऊर्ध्वाधर आरक्षण का लाभ क्षैतिज आरक्षण को भी देना होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने इसी भर्ती परीक्षा के क्रम में आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 की चयन सूची को खारिज करने के एकल पीठ के निर्णय में कोई हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने सरकार व अन्य संबधित को आदेश दिया है कि तीन माह में नई सूची जारी करने की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये। विशेष अपीलों को दाखिल करके अपीलार्थियों ने एकल पीठ के 13 मार्च 2023 के निर्णय को चुनौती दी गई थी। गौरतलब हो कि एकल पीठ ने 69 हजार अभ्यर्थियों की चयन सूची पर पुनर्विचार करने के साथ साथ 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 की चयन सूची को खारिज कर दिया था। एकल पीठ ने अपने निर्णय में कहा था कि टीईटी में आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी का कट ऑफ मार्क्स पाने पर अनारक्षित वर्ग में रखा जाना सही है क्योंकि टीईटी एक अभ्यर्थी को सिर्फ सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा में भाग लेने के लिए उपयुक्त बनाता है। हालांकि एकल पीठ ने आगे कहा था कि सहायक ...शेष पृष्ठ 14 पर




संक्षेप

### थाईलैंड की नयी पीएम पैतोंगतार्न शिनावात्रा



बैंकाक। थाइलैंड की संसद में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की सबसे छोटी बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा देश की नयी प्रधानमंत्री चुनी गयीं। पैतोंगतार्न, शिनावात्रा परिवार से थाईलैंड की कमान संभालने वाली तीसरी नेता बन गई हैं। इससे पहले उनके पिता थाकसिन शिनावात्रा और चाची यिंगलक शिनावात्रा यह पद संभाल चुके हैं। थाकसिन शिनावात्रा को तख्तापलट के जरिए सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। पैतोंगतार्न अपनी चाची के बाद थाईलैंड की दूसरी महिला प्रधानमंत्री बनीं हैं। वह सत्तारूढ़ दल फेउ थाई की नेता हैं, लेकिन निर्वाचित सांसद नहीं हैं।

### कौशांबी में सड़क हादसा, दो की मौत

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह मां शीतला धाम कड़ा दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं के वाहन में एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना में दो महिलाओं समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रयागराज जिले के थाना पुरामुफ्ती क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर निवासी 13 लोग एक वाहन से मां शीतला धाम कड़ा दर्शन करने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ओवरटेक करते समय श्रद्धालुओं के वाहन में टक्कर मार दी, जिससे अमरनाथ तथा दिनेश की मौके पर ही मौत हो गयी।

# जम्मू-कश्मीर व हरियाणा में बजा चुनावी बिगुल

## जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच तीन चरणों व हरियाणा में एक अक्टूबर को विधानसभा चुनाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच तीन चरणों में जबकि हरियाणा में एक ही चरण में एक अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को यह घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दोनों विधानसभाओं के लिए मतगणना 4 अक्टूबर को होगी।

साल 2019 में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। कुमार ने इस बहुप्रतीक्षित चुनाव के कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए कहा कि 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले चरण के तहत 18 सितंबर को मतदान होगा जबकि दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आखिरी चरण का मतदान एक अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती चार अक्टूबर को की जाएगी।




कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की घोषणा जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा जरूरतों के कारण बाद में की जाएगी। साल 2019 में हरियाणा के साथ ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव करवाए गए थे। उन्होंने कहा कि इस साल और अगले साल की शुरुआत में चार विधानसभाओं के चुनाव होने हैं और चूंकि जम्मू-कश्मीर को लेकर अनिश्चितता थी, इसलिए आयोग ने दो विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने का फैसला किया। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के अलावा महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में भी चुनाव होने हैं। कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनाव संपन्न होने के बाद अन्य राज्य विधानसभा चुनावों की घोषणा की जाएगी। जम्मू-कश्मीर में पहले चरण में 24 सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे और तीसरे चरण में क्रमशः 26 और 40 सीटों पर चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर में पिछला विधानसभा चुनाव नवंबर-दिसंबर 2014 में पांच चरणों में हुआ था। कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 42.6 लाख महिलाओं सहित कुल 87.09 लाख मतदाता हैं, जिनमें 20 लाख से अधिक युवा हैं। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। कुमार ने कहा कि मतदान के लिए कुल 11,838 मतदान केंद्र होंगे। उन्होंने कहा कि इस पूर्ववर्ती राज्य के सभी उम्मीदवारों को उनके राजनीतिक दलों की मांग के अनुसार आवश्यक सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए वहां हर किसी में उत्सुकता है और वहां की आवाम तस्वीर बदलना चाहती है। उन्होंने कहा कि आयोग के एक दल ने जम्मू-कश्मीर का दौरा भी किया था और उसके बाद वह वहां मौसम ठीक होने और अमरनाथ यात्रा खत्म होने का इंतजार कर रहा था। केंद्र सरकार ने साल 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था। इस फैसले को चुनौती देनी वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की ...शेष पृष्ठ 14 पर

विधानसभा चुनाव: 2024

### दो राज्यों में बजा चुनावी बिगुल

जम्मू कश्मीर — सीटें 90, बहुमत 46

| | पहला चरण 24 सीटें | दूसरा चरण 26 सीटें | तीसरा चरण 40 सीटें |
|---|---|---|---|
| अधिसूचना | 20 अगस्त | 29 अगस्त | 05 सितंबर |
| नामांकन | 27 अगस्त | 05 सितंबर | 12 सितंबर |
| नामांकन की जांच | 28 अगस्त | 06 सितंबर | 13 सितंबर |
| नाम वापसी | 30 अगस्त | 09 सितंबर | 17 सितंबर |
| मतदान | 18 सितंबर | 25 सितंबर | 01 अक्तूबर |

हरियाणा — सीटें 90, बहुमत 46

| | तारीख |
|---|---|
| अधिसूचना | 05 सितंबर |
| नामांकन | 12 सितंबर |
| नामांकन की जांच | 13 सितंबर |
| नाम वापसी | 17 सितंबर |
| मतदान | 01 अक्तूबर |

नतीजे: 04 अक्तूबर

## देश में एक लाख करोड़ की 13236 शत्रु संपत्तियां

आशीष मौर्य

- अयोध्या की 0.92 करोड़ की संपत्ति 4.11 करोड़ में बिकी
- मेरठ में 2.36 करोड़ की संपत्ति 8.71 करोड़ में बिकी
- शत्रु संपतियों की बिक्री से केंद्र को मिले 54.82 करोड़ रुपये

लखनऊ। उत्तर प्रदेश समेत देश भर में 13,236 अधिग्रहीत शत्रु संपत्तियां हैं जिनकी अनुमानित कीमत एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है। 12 ई नीलामी के जरिये अब तक 155 शत्रु संपत्तियों की बिक्री की जा चुकी है, जिससे सरकार को 54.82 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। ये 155 संपत्तियां उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे अमरोहा, अमेठी, अयोध्या, सीतापुर, मुजफ्फरनगर, बदायूं, पीलीभीत, एटा, शामली, गाजियाबाद, कानपुर देहात, बिजनौर, सोनभद्र, लखनऊ, मेरठ और अलीगढ़ और महाराष्ट्र के ठाणे जिले में स्थित थीं। इन नीलामियों में 622 अनूठे बोलीदाताओं ने हिस्सा लिया, और कुल 10,771 बोलियां प्राप्त हुईं। इन संपत्तियों के लिए आरक्षित मूल्य लगभग 27.80 करोड़ से 1.97 गुना तक बोली लगी। मेरठ में स्थित एक संपत्ति जिसकी आरंभिक कीमत 2.36 करोड़ रुपये के मुकाबले 8.71 करोड़ में बेचा गया। मुजफ्फरनगर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## युवा बनेंगे उद्यमी, 10 लाख एमएसएमई इकाइयों को देंगे मदद : योगी

### मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान योजना शुरू

विशेष संवाददाता

लखनऊ। 78वें स्वाधीनता दिवस पर विधान भवन के समक्ष ध्वजारोहण के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं के लिए 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि युवा भारत के विकास की धुरी है। हमारा युवा प्रतिभाशाली है, ऊर्जा से भरपूर है, विकसित भारत के निर्माण के लिए इन युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए राज्य सरकार शिक्षा और रोजगार पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रदेश के अंदर अपने युवाओं के लिए एक नई योजना की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस योजना के माध्यम से आगामी कुछ वर्षों के अंदर 10 लाख युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार ...शेष पृष्ठ 14 पर



पुण्यतिथि पर अटलजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### अटलजी ने आधुनिक भारत की रखी थी नींव

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी। तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनने के साथ ही उन्होंने भारत की राजनीतिक अस्थिरता को दूर किया था। सीएम योगी ने कहा कि 25 दिसंबर 1924 को जन्में अटल जी का लगभग छह दशक का सार्वजनिक जीवन पूर्णतः निष्कलंक रहा। उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सीएम योगी ने अटल को भारतीय राजनीति का अजातशत्रु करार देते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में उनकी पहचान एक सर्वमान्य चेहरे के रुप में थी। सीएम योगी ने शुक्रवार ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर — एसएसएलवी की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान का सफल प्रक्षेपण

## इसरो ने स्थापित किया निगरानी उपग्रह

एजेंसी

श्रीहरिकोटा ( आंध्र प्रदेश )। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो ) ने शुक्रवार को अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान ( एसएसएलवी ) की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान के जरिए भू प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-08 और एसआर-ओ डेमोसैट उपग्रह को उनकी निर्धारित कक्षाओं में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। इस यान के जरिए ले जाए गए पेलोड का इस्तेमाल उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा और पर्यावरण निगरानी, आग लगने का पता लगाने और ज्वालामुखी गतिविधि प्रेक्षण जैसे कई कार्यों में किया जाएगा। एलवी-डी3 की इस उड़ान ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान का उपयोग करके प्रक्षेपण करने के उद्देश्य से उद्योग और इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के बीच गठजोड़ का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। एसएसएलवी-डी3-ईओएस-08 मिशन के प्रक्षेपण से पूर्व साढ़े छह घंटे की उल्टी गिनती भारतीय समयानुसार बृहस्पतिवार देर रात दो बजकर 47 मिनट पर शुरू हुई और इसके समाप्त होते ही रॉकेट को पूर्व निर्धारित समयानुसार सुबह नौ बजकर 17 मिनट पर चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से प्रक्षेपित ...शेष पृष्ठ 14 पर



## कोलकाता रेप-मर्डर केस : सीबीआई हिरासत में पूर्व प्रिंसिपल

### डॉक्टरों की हड़ताल जारी, ममता ने निकाला मार्च, पीड़िता के परिजनों को इंटर्न-डॉक्टरों पर शक

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले में पीड़ित परिवार से शुक्रवार ( 16 अगस्त ) को सीबीआई ने बातचीत की। परिवार ने अस्पताल के कुछ इंटर्न और डॉक्टर्स पर इस केस में शामिल होने का शक जताया है। सीबीआई ने कहा कि पीड़ित परिवार ने कुछ नाम लिखाए हैं। हम अभी 30 लोगों से पूछताछ करेंगे।

सीबीआई ने कहा कि आज दो पीजी ट्रेनी डॉक्टर और एक हाउस स्टाफ को पूछताछ के लिए बुलाया। घटना वाली रात ये लोग पीड़ित डॉक्टर के साथ ड्यूटी पर थे। राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को हिरासत में लिया है। उनसे भी पूछताछ होगी। साथ ही एजेंसी गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय को घटना का सीन रिक्रिएट करने के लिए राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल लेकर पहुंची। संजय को 9 अगस्त को ही गिरफ्तार किया गया था। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी आज नया आदेश जारी किया। मंत्रालय ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर



# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं लखनऊ के पूर्व मेयर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के आवास 55 पुराना किला कोठी और उनके विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास पर बीबीडी के मुख्य अधिशाषी निदेशक आर.के. अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फांडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी तादाद में उपस्थित रहे।

## आन-बान-शान से भाजपा मुख्यालय पर फहरा तिरंगा



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के राज्य मुख्यालय में 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक राष्ट्रगान किया और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि लम्बे कालखंड की परतंत्रता के बाद आज के दिन हमारा देश स्वतंत्र हुआ। देशवासियों के संघर्ष, त्याग, तपस्या और अगणित बलिदानों से देश आजाद हुआ। स्वतंत्रता दिवस देश की एकता और अखण्डता को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए प्रत्येक भारतीय द्वारा लिए जाने वाले संकल्प का दिन है। साथ ही स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व वैभवशाली राष्ट्र निर्माण के संकल्प का भी दिन है। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष व बलिदान करने वाले अमर बलिदानियों को कृतज्ञ नमन।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलता हुआ भारत दुनिया के सामने है। मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व योगी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया है।

## सूचना निदेशक शिशिर ने किया ध्वजारोहण

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता निदेशक सूचना शिशिर ने की, जिन्होंने परिसर के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रध्वज फहराया। शिशिर ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन हमें उन महान सेनानियों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

आज का दिन हमें उनके आदर्शों का अनुसरण करने और अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने की प्रेरणा देता है। निदेशक सूचना ने प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। हमारा दायित्व है कि हम इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक इनका लाभ पहुंच सके। उन्होंने विभागीय कार्मिकों से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वाह करें। सूचना परिसर के सभागार में सांस्कृतिक दलों द्वारा देशभक्ति पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## सीएम की मौजूदगी में 70 हजार से ज्यादा को मिलेंगे रोजगार के अवसर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मिशन रोजगार को रफ्तार देने के लिए योगी सरकार निरंतर नए-नए कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा 17 और 18 अगस्त को क्रमशः अंबेडकरनगर और अयोध्या में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें करीब 150 प्रतिष्ठित कंपनियां 70 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करने जा रही हैं।

महत्वपूर्ण बात ये भी है कि रोजगार मेला का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जाएगा। यह रोजगार मेला उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा प्रशिक्षण एवं सेवा योजन निदेशालय और एमएसएमई विभाग के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। रोजगार मेला प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा तथा इसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व आईटीआई के प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता छात्रों के साथ ही अन्य सामान्य विद्यार्थी भी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षाए कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणर्थियों को प्रशिक्षण उपरांत सेवायोजित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसी क्रम में इन रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। 18 अगस्त को अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय, कुमारगंज में यह वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है।

## तिरंगा फहराकर रालोद ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



लखनऊ। आज राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर रालोद पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में प्रधानमंत्री के साथ-साथ देश का प्रत्येक नागरिक एक साथ गौरवमयी तिरंगे को सलामी दे रहा है। यह अंग्रेजों से भारत को आजादी दिलाने वाले भारत के वीर सपूतों को याद करने का दिन है। आजाद भारत की कल्पना में खुद को मिटा देने वाले भारत के बेटों को नमन करने का दिन है।

उनके सपनों को अपनी आंखों से देखने का दिन है। उन्होंने एक ऐसे स्वतंत्र भारत की कल्पना की थी जहां की एकता, भाईचारा और अखंडता पूरे संसार का आईना बने। ध्वजारोहण कार्यक्रम में रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, अम्बुज पटेल, रामवती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, प्रदेश सचिव एमए आरिफ, अफसर अली, प्रदेश प्रवक्ता सम्राट सिंह चौहान तथा आमिर साबरी, शैलेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष रामसेवक रावत, महानगर अध्यक्ष सरताज मलिक, मनोज कुमार शर्मा, परिणीता सिंह, मंजू शुक्ला, आयशा, शहजाद आदि नेताओं ने भाग लिया।

## दी पॉम गोल्फ कोर्स में हुआ ध्वजारोहण



लखनऊ। 78 वें स्वंतन्त्रता दिवस के अवसर पर दी पॉम गोल्फ कोर्स और रिजॉर्ट्स में रिटायर्ड आइएस एसके सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया। और उपस्थित सभी सदस्यों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। इस मौके पर रिटायर्ड आइएस एसके सिंह ने कहा कि हमे ये आजादी बहुत ही संघर्षों के बाद मिली है। इस आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जानों की कुर्बानी देकर हमें स्वतंत्रता दिवस मनाने का अवसर दिया है।

## कांग्रेस ने लड़ी आजादी की लड़ाईः अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर परंपरागत तरीके से सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में ध्वज वंदन हुआ। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम एवं ध्वज गीत से हुई।

ध्वजारोहण के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंग्रेजों के लगभग 200 वर्षों के शासन का अंत कर आज ही के दिन 1947 में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू ने राष्ट्रध्वज फहराया। यह आजादी हमें असंख्य कुर्बानियों के बाद मिली है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अगुवाई में स्वतंत्रता आंदोलन में स्वतंत्रा संग्राम के महान नायक चन्द्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, सुभाषचन्द्र बोस, सरदार बल्लभ भाई पटेल, भगत सिंह, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेड़कर, खुदीराम बोस, बाल गंगाधर तिलक, लक्ष्मी सहगल, सरोजनी नायडू, अब्दुल गफ्फार खान, रामप्रसाद बिस्मिल, लाला लाजपत राय, मौलाना आजाद, सहित तमाम ज्ञात अज्ञात असंख्य क्रान्तिकारियों के संघर्ष, बलिदान और त्याग के परिणाम स्वरूप हम सभी को आज का दिन देखने को मिला है।

## शिक्षक तथा शिक्षिकाओं के हित में लिए गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

विशेष संवाददाता (vol)

- राष्ट्रीय अध्यापक कल्याण प्रतिष्ठान की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित

लखनऊ। प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अध्यापक कल्याण प्रतिष्ठान की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के सभागार में आयोजित की गई। यह कार्यकारिणी समिति प्रदेश में सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों तथा बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं सीनियर बेसिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के कल्याण के लिए कार्य करती है।

कार्यकारिणी समिति की बैठक में विचार-विमर्श के दौरान राज्य कार्यकारिणी समिति द्वारा विभिन्न निर्णय लिये गये। मुख्य रूप से लंबित प्रकरणों के ससमय निस्तारण के लिए राज्य कार्यकारिणी की आयोजित होने वाली बैठक 6 माह के स्थान पर प्रत्येक 3 माह के अन्तराल पर बैठक की जायेगी। इसके साथ ही योजनान्तर्गत प्रदेश के गम्भीर रोगों से ग्रसित अध्यापकों अथवा उनके आश्रितों के सहायतार्थ स्वच्छ पारदर्शी तरीके से आवेदन-पत्र ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त करने तथा इस के लिए एक वेब पोर्टल विकसित कराने तथा ससमय प्रकरण के निस्तारण के लिए एक समय-सारणी निर्धारित करने पर सहमति व्यक्त की गयी। ऑनलाइन वेब पोर्टल तथा समय-सारणी की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक त्रिसदस्यीय समिति के गठन पर भी सहमति बनी। राष्ट्रीय अध्यापक कल्याण प्रतिष्ठान कोष से गम्भीर रोग सहयोग राशि प्रदान करने के सम्बन्ध में सहमति बनी। इसके साथ ही मृत शिक्षकों की पुत्रियों के विवाह के लिए आर्थिक अनुदान की धनराशि 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये किये जाने की सहमति प्रदान की गयी। गम्भीर रोगों से ग्रसित शिक्षकों को राष्ट्रीय अध्यापक कल्याण प्रतिष्ठान कोष से दी जाने वाली धनराशि 30 हजार रुपये से बढ़ाकर अधिकतम 1 लाख रुपये दिये जाने पर सहमति दी गई। बैठक में वर्तमान में योजनान्तर्गत शिक्षक दिवस पर 2 रुपये मूल्य के सांकेतिक झंण्डे निर्धारित हैं, जो काफी कम प्रतीत होने के दृष्टिगत 2 रुपये मूल्य के स्थान पर कक्षा-1 से 8 तक के छात्रों से 5 रुपये की सांकेतिक सहयोग राशि तथा कक्षा-9 से 12 तक के छात्रों से 10 रुपये प्रति झण्डे की सांकेतिक सहयोग राशि निर्धारित करने पर सहमति बनी।

## कोलकाता की घटना पर इंडी गठबंधन का रवैया पीड़ादायक



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कोलकाता में नृशंस, वीभत्स, सामूहिक दुष्कर्म की घटना से चिकित्सक समुदाय सहित पूरे देश में भारी रोष व्याप्त है। जितनी दर्दनाक और दुखद यह घटना है उससे भी ज्यादा पीड़ादायक पश्चिम बंगाल सरकार और इंडी गठबंधन के नेताओं का आचरण है। कोलकाता में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना को आत्महत्या बताने का प्रयास किया गया। केस को सीबीआई को नहीं दिया गया। जिस प्रधानाचार्य को हटाया गया उसे चंद घंटो में ही दूसरे कॉलेज का प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिया गया। इससे टीएमसी सरकार की मंशा साफ दिखाई देती है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद प्रदर्शन की आड़ में आसामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़-फोड़ और चिकित्सकों के साथ मारपीट तथ्यों और साक्ष्यों को मिटाने का षडयंत्र हो सकता है। यह घटना सिर्फ एक घटना नही है, एक मानसिकता है और यह मानसिकता पश्चिम बंगाल में बहुत पहले से चल रही है। 2012 में संतारगाछी की घटना, 2013 में कमदुनी सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की घटना, 2014 में बीरभूमि में सामूहिक दुष्कर्म की घटना, 2015 में कंधमाल में सामूहिक दुष्कर्म की घटना, 2015 में पार्क स्ट्रीट में सामूहिक दुष्कर्म की घटना, 2020 में भाजपा समर्थक आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म तथा 2021 में पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद टीएमसी सरकार द्वारा सुनियोजित हिंसा को पूरे देश ने देखा है।

## हरा-भरा होगा बुंदेलखंड, लोग भूल जायेंगे सूखा

विशेष संवाददाता (vol)

- केन बेतवा लिंक से सिंचित होगा लाख हेक्टेयर से अधिक रकबा, लाखों लोगों की बुझेगी प्यास

लखनऊ। शौर्य और संस्कार की धरती, बुंदेलखंड। यह धरती उत्तर प्रदेश का स्वर्ग बने, यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है। इसे वह कई बार सार्वजनिक रूप से बोल भी चुके हैं। इस संकल्प को पूरा करने के लिए योगी-1.0 से शुरू सिलसिला योगी-2.0 में भी उसी शिद्दत से जारी है। डिफेंस कॉरिडोर, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, इस एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, कानपुर और झांसी के बीच नोएडा से भी बड़ा इंडस्ट्रियल हब बनाने, यहां के नामचीन किलों को एडवेंचर टूरिज्म के लिए विकसित करने जैसी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। इंडस्ट्री के अलावा बुंदेलखंड का सबसे बड़ा संकट पानी है। चाहे शुद्ध पेयजल की बात हो या खेतों के सिंचाई। योगी सरकार का इस पर भी समान रूप से फोकस रहा है।

अर्जुन सहायक नहर के साथ अन्य छोटी और मझोली परियोजनाओं के पूरा होने से यहां सिंचन क्षेत्र का रकबा बढ़ा है। खेत तालाब योजना से न केवल यहां के जमीन के जल धारण की क्षमता बढ़ी है बल्कि सूखे के समय खेतों की सिंचाई और मवेशियों की प्यास भी बुझ रही है। फिलहाल बुंदेलखंड के लोगों और खेतों की प्यास बुझाने की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना केन बेतवा लिंक परियोजना है। नदी जोड़ो योजना के तहत आज से करीब दो दशक पहले यह सपना तबके प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देखा था। योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में ही मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से जुड़ी इस परियोजना को लेकर गंभीर पहल की। दोनों प्रदेशों और केंद्र में भाजपा की सरकार होने के नाते इन पहलों के नतीजे भी सकारात्मक रहे। तीनों सरकारों में इस बाबत समझौता भी हो चुका है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित विभाग के साथ इसकी समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिए कि केन बेतवा लिंक परियोजना से हमीरपुर को भी जोड़ा जाय। पहले इससे बांदा, महोबा, ललितपुर और झांसी को ही जोड़ा जाना था। उल्लेखनीय है कि करीब तीन साल पहले केन-बेतवा परियोजना पर केंद्रीय कैबिनेट की मुहर लगी थी। इस योजना से बुंदेलखंड में आने वाले उत्तर प्रदेश के पांच और मध्यप्रदेश के आठ जिलों की किस्मत बदल जाएगी। दशकों से पेयजल और सिंचाई संकट का सामना कर रहे इस क्षेत्र के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं होगी। अर्से यह क्षेत्र सूखे का शिकार है।

## झंडारोहण कर अखिलेश ने लिया शहीदों के सपनों को पूरा करने का संकल्प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों के पार्टी कार्यालयों में झंडारोहण का कार्यक्रम समारोहपूर्वक मनाया गया। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी देने के साथ सभी देशवासियों को बधाई दी गई। अमर शहीदों के सपनों को पूरा करने का संकल्प भी लिया गया।

सपा के राज्य मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के बाद अपने सम्बोधन में अखिलेश यादव ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सपा के सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना पूरी तरह खत्म कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश की सीमाएं असुरक्षित हैं। पड़ोसी देशों से सम्बंध बिगड़े हुए हैं। आए दिन जवानों की जानें आतंकी हमलों में जा रही है। भाजपा ने गोमती रिवरफ्रंट को बर्बाद कर दिया है। भाजपा अन्याय, अत्याचार कर रही है। अखिलेश यादव द्वारा इस अवसर पर नृत्य में मीसा रतन एवं ईसा रतन को नृत्य, मणिशंकर यादव अग्निवीर अभ्यर्थी, उपेन्द्र कुमार कन्नौज के अतिरिक्त तरइया खान को लैपटॉप देकर पुरस्कृत किया गया। पारस नाथ यादव, सियाराम और ओम प्रकाश सिंह यादव ने राष्ट्रीय भावना के गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने भी सभी देशवासियों को 15 अगस्त की बधाई देते हुए कहा कि देश की एकता और अखण्डता के लिए सभी देशवासियों को एक होकर देश की रक्षा करनी है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# सिपाही ने पत्नी की हत्या कर खुद को मारी गोली, मौत

● पति-पत्नी में काफी समय से चल रहा था विवाद, मामले की जांच जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के कृष्णानगर इलाके में एक सिपाही पति ने पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद की कनपटी पर भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। खून से लथपथ पड़े पति को अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

डीसीपी साउथ केशव कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम 7.30 बजे हत्या और सुसाइड की सूचना मिली। मौके पर जांच चल रही है। लोगों से पूछताछ में पता चला है कि कल्ली पश्चिम के रहने वाले सर्वेश (32) ने पत्नी मीरा (28) की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी सुसाइड कर लिया। सर्वेश पुलिस विभाग में कानपुर में तैनात था। सर्वेश 2011 बैच का कॉन्स्टेबल था। पत्नी मीरा पोस्ट ऑफिस में क्लर्क के पद पर तैनात थी। दोनों की एक 8 महीने की बच्ची है। मीरा आजादनगर में अपने मायके में रह रही थी। दोनों में पहले से विवाद चल रहा था। कोर्ट में समझौता होने के बाद साथ रह रहे थे। सर्वेश शाम 7.05 पर पत्नी के पास पहुंचा। दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया।


मृतक सिपाही और पत्नी की फाइल फोटो

इसके बाद सर्वेश ने गोली मार दी। सूत्रों की मानें तो पिस्टल अवैध है। पुलिस जांच कर रही है। डीसीपी साउथ केशव कुमार भी मौके पर पहुंचे। बताया कि दोनों में पारिवारिक विवाद चल रहा था। गोली की आवाज सुन मोहल्ले में भीड़ लग गई। सर्वेश ने गोली क्यों मारी यह पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि आज ही पत्नी के साथ ससुराल आया था मीरा की मां सुरसती ने बताया कि दोनों लोग रक्षाबंधन के मौके पर घर आए थे। हम लोग नीचे के फ्लोर पर थे। बातचीत कर रहे थे। तभी बहस हो गई। इसके बाद बेटी को धोखे से गोली मार दिया। फिर खुद ऊपर जाकर गोली मार ली। हमें पता था लड़ाई हो रही है। लेकिन गोली मार लेगा, ऐसा नहीं सोचा था।

सुरसती ने बताया, पती-पत्नी में विवाद हो रहा था तो मैंने अपने 8 माह की नातिन को गोद में ले लिया था। डर था कहीं बच्ची को न मारने लगें। बेटी लखनऊ जीपीओ में बाबू के पद पर तैनात थी। बेटी के ऑफिस जाने के बाद 8 महीने की नातिन मेरे ही रहती थी। घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

## संदिग्ध परिस्थिति में मासूम समेत तीन की मौत

**लखनऊ।** बंथरा के कल्लन खेड़ा निवास रामेश्वर लोधी की दो वर्षी की बेटी सोनम काफी दिनों से बीमार चल रही थी। बुधवार को रात में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस पर शराब के नशे में धुत रामेश्वर ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि पड़ोसियों ने उसके घर पर ईंट पत्थरों से हमला बोल दिया। जिससे उसकी बेटी की ईट लगने से मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि सूचना पर पहुंची पुलिस उसके पड़ोसियों को थाने ले आई। लेकिन जब रामेश्वर का नशा उतरा तो उसने हत्या की बात से इनकार कर दिया। इसके बाद पड़ोसियों से पूछताछ कर उन्हें छोड़ दिया गया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में गुरुवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। मेदांता अस्पताल के पास मलाक रोड़ पर रहने वाले नयन अग्रवाल (22) की अचानक गुरुवार की शाम तबियत बिगड़ गई। जिसे उसके भाई ओम व पिता मनोज ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। भाई ओम ने बताया कि वह बाहर गया था। घर आने के बाद अचानक तबियत विगड़ गई। मृतक के परिवार में पिता भाई व मां मंजुलता है। उधर बिजनौर पुलिस के मुताबिक घसियारी मोहल्ले में रहने वाली गड्डी (50) बुधवार रात घर से बाहर टहलने के लिए निकली थी। कुछ देर बाद वापस घर पहुंचते ही वह अचानक गश खाकर जमीन पर गिर पड़ी। उसे बेसुध हालत में देख पति राजकुमार ने सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पहुंचे ही चिकित्सकों ने गुड्डी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि हार्ट अटैक से गुड्डी की मौत हुई है।

**सिरफिरे युवक ने गला रेत किया आत्महत्या का प्रयास:** मानक नगर इलाके में युवक ने सरेराह सड़क पर खुद ब्लेड से अपना गला रेत कर जान देने की कोशिश की। खून से लतपथ युवक को देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़कर इलाज के लिए नजदीकी लोकबन्धु अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि घायल युवक की पहचान मोहम्मद इरफान धर्मलपुर सोहरावल जनपद फैजाबाद निवासी के रूप में हुई है। जिसने ब्लेड से खुद का गला रेत कर आत्महत्या का प्रयास किया है। जिसकी बारे में जांच की जा रही है।

**सड़क हादसे में दारोगा की मौत:** जानकीपुरम थाना क्षेत्र के आईकॉन हॉस्पिटल जानकीपुरम में गुरुवार सुबह कानपुर में कार्यरत सबइंस्पेक्टर रवि दीक्षित (39) की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## नहाने के दौरान झील में डूबकर मौत

लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र में झील में नहाने के दौरान युवक की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार पप्पू उम्र करीब 34 वर्ष जो ग्राम किशनपुर हेरिया जिला बस्ती का रहने वाला है। जो विभूतिखंड के कठोता गांव में अपने मामा के लड़के के साथ रूम लेकर रहता था। यहां रहकर वह पीओपी लगाने का काम करता था। जो बुधवार की रात घर से निकला था। जिसके बाद से वह वापस नही आया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। छानबीन के दौरान पुलिस को पप्पू के चप्पल और कुछ कपड़े कठौता झील के किनारे पड़े मिले। जबकी उसका शव शुक्रवार को कठौता झील में उतराता मिला।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ०प्र० सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 30.08.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 31.08.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./ एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code - PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-रिलप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने / त्रुटि सुधार / पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा । निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा वि खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत है:- **1. ई - निविदा संख्या 67 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- रूदौली, अयोध्या के टाऊन एरिया में विभिन्न क्षमता के जले हुए परिवर्तको के स्थान पर मरम्मत शुदा परिवर्तको की स्थापना का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 5000.00 **2. ई - निविदा संख्या 68 एच(एफ)(कार्य)/ 2024-25** विद्युत परीक्षण खण्ड, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले वृहद एवं भारी उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटरिंग हेतु क्षतिग्रस्त सी.टी. पी.टी. कम्बाइन्ड बदलने एवं नयी सी.टी. पी.टी. कम्बाइन्ड यूनिट स्थापित करने का कार्य ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 5000.00 **3. ई - निविदा संख्या 69 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अयोध्या के अधीन अतिरिक्त बिजनेस प्लान वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर क्षमता वृद्धि कराने का कार्य ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3200.00। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

**"राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें"**

**(पत्रांक 8382 / दि. 16.08.2024)**

# सड़क हादसे में महिला समेत चार की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सड़क हादसे में महिला समेत चार लोगों की मौत हो गयी। मूलरूप से असम के बरपेटा निवासी नैय्यब अली हजरतगंज के बालू अड्डा में झोपड़पट्टी डालकर रहते हैं। नैय्यब अली के मुताबिक बेटा सादिक बुधवार को एक रिश्तेदार को छोड़ने तेलीबाग गया था। शाम को वह बाइक से घर लौट रहा था।

सादिक आलमबाग के सरदारी खेड़ा पहुंचा तभी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। पुलिसकर्मियों ने गंभीर हालत में उसे लोकबंधु अस्पताल भेजवाया। जहां इलाज के दौरान सादिक की मौत हो गई। उधर ठाकुरगंज बंधा रोड पर गुरुवार को तेज रफ्तार वाहन ने शटरिंग कारीगर मोहम्मद हारुन (20) को रौंद दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ठाकुरगंज के न्यू हैदरगंज निवासी मोहम्मद हारुन गुरुवार को बंधा रोड पर सड़क पार कर रहा था। इस बीच पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन से टक्कर मार दी। वहीं मोहनलालगंज के फत्तेखेड़ा के पास गुरुवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मदापुर निवासी इरफान अली के मुताबिक फत्तेखेड़ा में उनकी दुकान है। गुरुवार सुबह चार बजे एक महिला उनकी दुकान के पास सड़क किनारे खड़ी थी। इस बीच तेज रफ्तार में आया ट्रक महिला को रौंदते हुए रायबरेली की तरफ निकल गया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव के मुताबिक महिला की शिनाख्त के प्रयास किए गए पर पहचान नहीं हो सकी।

**ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत:** सरोजनीनगर में गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में ठोकर मार दी। जिससे स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसका बेटा घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक अमीनाबाद के हीवेट रोड निवासी शाइस्ता अंजुम (42) गुरुवार दोपहर अपने बेटे आमिर के साथ स्कूटी से कानपुर स्थित अपने मायके जा रही थी। तभी सरोजनीनगर में हाइडिल नहर चौराहे के पास पीछे से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी। इस हादसे में शाइस्ता अंजुम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका बेटा चोटिल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसके बेटे को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। वहीं पुलिस ने शाइस्ता अंजुम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान:** ससुराली जनों समेत पत्नी की मानसिक प्रताणना से तंग आकर युवक ने सुसाइड नोट लिखकर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। रायबरेली जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पडीला कला निवासी अजीत उर्फ शानू सिंह ने शुक्रवार को ससुरालीजनों की प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए सुसाइड नोट लिखकर निगोहां रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। परिवारीजनों के अनुसार अजीत सिंह उर्फ शानू और उसकी पत्नी जूही सिंह निवासी बाराबंकी के बीच विवाद चल रहा है। जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में पत्नी व सास-ससुर पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मृतक के परिवार में छोटा भाई सचिन व मां रानी सिंह व पिता राजेश है। जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

**वीडियो बनाकर मजदूर ने दी जान:** आशियाना थाना इलाके में स्थित निमार्णाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार का वीडियो बनाकर मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मूलरूप से जनपद बाराबंकी निवासी पिंटू (34) बीते कुछ समय से आशियाना स्थित किला क्षेत्र में एक निमार्णाधीन सरकारी अस्पताल में मजदूरी कर रहा था। जहा पर वह अपने साथियों के साथ रह रहा था। जिसका शव पंखे व चादर के सहारे लटक रहा था। वहीं पास में मोबाइल पड़ा हुआ था। जांच दौरान जब मृतक का मोबाइल चेक किया गया। जिसमे पुलिस ने पाया कि पिंटू ने फांसी लगाने से पहले वीडियो बनाया हुआ था। भाई के मुताबिक मृतक के परिवार में पत्नी रितु एक बेटी है।

**कैटर्स का कई दिन पुराना शव नहर के दलदल में मिला:** मानक नगर थाना इलाके में कनौसी रेलवे लाइन के पास निकली नहर में शुक्रवार दोपहर कई दिन पुराना शव मिलने से हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान उसके पिता ने कुरियाना आलमबाग निवासी 40 वर्षीय सोनू कुमार के रूप में की है। मृतक के पिता के अनुसार वह कैटरिंग का काम करते हैं। जिसमें उनका बेटा भी हाथ बंटाता था। जो नशे का आदि था। वह करीब एक सप्ताह से घर से लापता था। जिसकी खोजबीन वह परिचितों से कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी विमला देवी और दो पुत्र मोनू व मनीष समेत एक पुत्री कल्पना थी। पुलिस के अनुसार मृतक का शव करीब पांच दिन पुराना है।

**रेलवे लाइन पर मिला शव:** गोमतीनगर थाना क्षेद्ध में किशोर का शव रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला। शिवराज निवासी ग्राम कठम्बरा थाना बैनीगंज जिला हरदोई ने बताया कि वह विनीत खण्ड में झोपड़पट्टी बनाकर रहते है। शुक्रवार को उसका भाई श्याम बाबू उम्र करीब 16 वर्ष रेलवे लाईन पर शौच के लिए गया हुआ था। इस दौरान दोनों तरफ से पटरी पर ट्रेन आ जाने के कारण उसकी चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गयी है। मृतक मजदूरी करता था।

## बाइक की टक्कर पर युवकों ने किया उपद्रव

लखनऊ। तिरंगा यात्रा में शामिल होकर घर लौट रहे युवकों की बाइक आपस में टकरा गयी। जिस पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। हमले से बचने के लिए एक पक्ष नीलम पैलेस स्थित स्टोर में घुस गया। जिस पर दबंग पथराव करने लगे। करीब आधे घंटे तक उपद्रव चला, जिससे अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर अपलोड किया। जिसके बाद पारा पुलिस हरकत में आई और उपद्रवियों की पहचान कर मुकदमा दर्ज किया गया।

## फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा के गायब होने पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। पश्चिम बंगाल की सत्य घटनाओं के ऊपर द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल नाम की फिल्म बनाकर सुर्खियों में आये फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा से दो दिन से लापता होने पर उनकी पत्नी ने गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पत्नी द्युति मिश्रा ने गोमतीनगर पुलिस को बताया कि पिछले डेढ़ साल से लगातार धमकियाँ मिलने और हमला होने का अंदेशा जताया था। लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर वह हताश हो चुके थे। अभी पिछले ही दिनों जब वे अपनी उसी आगामी फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के प्रोमोशन और रीलीजिंग कि तैयारियों में देश भर में घूम रहे थे। तभी उनको पश्चिम बंगाल पुलिस की तरफ से इसी केस के सिलसिले में मिलने के लिए कोलकाता बुलाया गया था। वह पिछले 14 अगस्त को ही कोलकाता में पुलिस से मिलने के लिए गए थे। जब वह कोलकाता में पुलिस से मिले तभी से उनका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ बता रहा है और उनकी कोई खोज खबर भी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में उनके परिवार में अफरातफरी का माहौल है और किसी अनहोनी की आशंका है।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग

मलिहाबाद। रहिमाबाद थाना क्षेत्र में गुरूवार की रात इलेक्ट्रानिक की दुकान में आग लग गयी। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित जुगलकिशोर चौरसिया निवासी ग्राम अटेर थाना रहीमाबाद ने बताया कि उनकी दुकान गहदो चौराहे पर चौरसिया इंटरप्राइजेज नाम से इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिक की दुकान है।

## गैंगरेप का आरोपी गिरफ्तार

मोहनलालगंज। पुलिस ने महिला से गैंगरेप और धर्म परिवर्तन का दबाव डालने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक गुरुवार को खलील को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था। पूछताछ में जानकारी मिली कि खलील के बेटे अकील से महिला की दोस्ती थी। जिसके साथ वह लिवइनरिलेशिप में रह रही थी।

# पांच दिन से लापता युवक का शव बेहता नाले के पास लटका मिला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र में पांच दिन से लापता युवक का शव बेहता नाले के पास पेड़ से लटकता मिला। शव मिलने की सूचना पर हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पतौना गांव निवासी जगतपाल रावत का 20 वर्षीय बेटा अनूप कुमार पांच दिन से लापता था। जिसका शव गुरुवार को दुबग्गा थाना क्षेत्र के जेहटा के पास स्थित बेहता नाले के पास आम के पेड़ से डाल में रस्सी के सहारे शव लटक मिला। परिजनों का आरोप है कि अनूप की गांव के ही गुलामी उर्फ रामशंकर, पंकज और अशोक ने हत्या कर शव को रस्सी के सहारे आम की बाग में पेड से लटका दिया है। मृतक के पिता का आरोप है कि इससे पहले कई बार गुलामी ने मेरे पुत्र को जान से मार देने की कोशिश की थी।



जिसकी वह हर बार शिकायत थाने पर की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अगर पुलिस कार्रवाई करती तो शायद आज मेरा बेटा जीवित होता। मृतक के पिता ने पांच दिन पहले माल थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस लापरवाह बनी रही। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। उधर पुलिस की कार्यशैली से नाराज परिजनों व ग्रामीणों ने माल जेहटा रोड स्थित पतौना मोड़ के पास शव रखकर प्रर्दशन किया। जहां मृतक के परिवार वालों का आरोप लगाया कि पुलिस ने अभी तक नामजद आरोपियों की गिरफ्तार नहीं की है। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक रोड जाम किया। जिससे आवागमन बाधित रहा। मौके पर पहुंचे पुलिस उपायुक्त मलिहाबाद धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने समझा बूझाकर प्रदर्शन समाप्त कराया।

**बीटेक के छात्र समेत तीन ने फांसी लगाकर दी जान:** जमशेदपुर निवासी लक्ष्मण सिंह सरदार जानकीपुरम सेक्टर एच में पत्नी और बेटे देव सिंह सरदार (22) के साथ रहते हैं। लक्ष्मण सिंह टाटा मोटर्स चिनहट में कार्य करते हैं। बेटा देव सिंह जमशेदपुर से ही बीटेक कर रहा था। गुडंबा थाना प्रभारी नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही देव जमशेदपुर से लखनऊ आया था। शुक्रवार सुबह देव ने बाथरूम में पायजामा के नाड़े से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर शव जमशेदपुर लेकर चले गए। उधर माल थाना क्षेत्र के थावर गांव निवासी तेईस वर्षीय अंकित कुमार मौर्य ने शुक्रवार की सुबह घरेलू विवाद के चलते अपने घर के अंदर कमरे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गयी। जिसकी सूचना पुलिस को दिये बगैर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के परिवार में पिता दुलारे, मां व पत्नी के अलावा एक डेढ़ वर्ष का बेटा भी है। वहीं पारा थाने में नीलम गौतम निवासिनी ग्राम भारतपुर थाना संधना जनपद सीतापुर ने सूचना दी कि मेरे पति दिनेश कुमार सरोसा भरोसा में स्थित सोनू अवस्थी के किराये के कमरे में रहते है। जहां उन्होंने छत में लगे पंखे से साड़ी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। दारोगा सतीश चन्द्र मिश्रा ने बताया गया कि मृतक प्राइवेट गाडी चलाता था। जिसके एक पुत्र 02 वर्षीय व एक पुत्री 06 माह की है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र मो. अकील को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। **मो. खलील पुत्र शुकरु निवासी-ग्राम पवैयाबाद पोस्ट व थाना देवा, बाराबंकी।**

**सूचना**

सूचित हो कि शशी प्रभा पत्नी राजकुमार निवासी ग्राम महातुआ चितभवन जिला इटावा की हाईस्कूल रोल नं. 1334049, इटरमीडिएट रोल नं. 0733740, बीए रोल नं. 3092979, एमए रोल नं. 8101601 व 2102165 व बीएल रोल नं. ई148870524 जो कि वास्तव में खो गई है। **शशि प्रभा स्व. राजकुमार निवासी ग्राम महातुआ चितभवन जिला इटावा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र कुलदीप सिंह व उसकी पत्नी नेहा को उनके गलत आचरण व अभद्र व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **जगरूप सिंह पुत्र स्व. कुवंर सिंह नि.- मो. माक्षखोर कस्बा उत्तर परगना व तह. सफीपुर जिला उन्नाव**

# माता-पिता को बेहोश कर जेवर लेकर बेटी प्रेमी संग फरार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शरबत में माता-पिता को नशीला पिला कर बेटी प्रेमी के साथ घर में रखे करीब पांच लाख के गहने और लैपटॉप लेकर भाग निकली। सर्राफ ने जानकीपुरम कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। वशिष्ठपुरम निवासी सर्राफ की साठ फीटा रोड पर दुकान है। कुछ दिन से दुकान से जेवर गायब हो रहे थे। शक होने पर सर्राफ ने सीसी कैमरे की फुटेज चेक की। जिसमें सर्राफ की बेटी ही जेवर बटोरते हुए दिखाई पड़ी। फुटेज के आधार पर सर्राफ ने घर पहुंच कर बेटी से पूछताछ करना शुरू किया। इस दौरान युवती ने पिता को अंकित सिंह भदौरिया के बारे में बताया। जिसके कहने पर युवती ने जेवर दुकान से निकालने की बात कही। पीड़ित पिता के मुताबिक बीती 11 अगस्त की रात उनकी बेटी शरबत बना कर लाई थी। जिसे पीने के बाद सर्राफ और उसकी पत्नी बेहोश हो गए। देर रात दोनों को होश आया तो बेटी घर पर नहीं थी। घर का दरवाजा भी बंद था। जिसे परिचितों की मदद से सर्राफ ने खुलवाया। अगले दिन दुकान पहुंचने पर पता चला कि पांच लाख के गहने, लैपटॉप, हीरे के जेवर और चांदी के गहने गायब है। सर्राफ के मुताबिक अंकित कुमार भदौरिया का असली नाम राजबाबू है। जो दूसरे धर्म से ताल्लुक रखता है। आरोप है कि राजबाबू ने पहचान बदल कर बेटी से मुलाकात की। जिसके बाद उसे दुकान से गहने चुराने के लिए प्रेरित किया। इंस्पेक्टर जानकीपुरम के मुताबिक सर्राफ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सर्विलांस की मदद से आरोपियों की लोकेशन पुलिस खंगाल रही है।

**छात्रा पर तेजाब फेंकने की धमकी:** हजरतगंज कोतवाली में हाईस्कूल की छात्रा ने पिता के दोस्त पर छेड़छाड़ और आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने फोटो वायरल करने का विरोध किया था। इस पर आरोपी तेजाब फेंक कर चेहरा जलाने की धमकी देने लगा। बेलदारी लेन निवासी 16 वर्षीय छात्रा के मुताबिक पिता के एक दोस्त घर पर आते थे। जिन्होंने छात्रा के साथ कई बार गलत हरकत करने का प्रयास किया। पर, छात्रा किसी तरह से बच निकली। डर के कारण उसने परिवार को घटना के बारे में नहीं बताया था। आरोप है कि कुछ दिन पहले घर आने के दौरान आरोपी ने युवती की फोटो और वीडियो उसके मोबाइल से निकाल ली। जिसे एडिट कर आपत्तिजनक तस्वीरें बनाई और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। परिचितों से जानकारी मिलने पर छात्रा ने विरोध दर्ज कराया। इस पर आरोपी ने छात्रा पर तेजाब फेंक कर चेहरा जलाने की धमकी दी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच**

**संख्या 390/भूसा क्रय- निविदा/2024** **दिनांक 13 अगस्त, 2024**

**अल्पकालिका प्रस्ताव आमन्त्रण सूचना**

निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0 के धनांवटन पत्र संख्या-8/3230/(343) कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना/2023-24 दिनांक 06.06.2023 के अन्तर्गत गौशालाओं में रखे गये गोवंशों के चारे-भूसे आदि की व्यवस्था हेतु आवंटित रू. 1043000.00 से ग्राम चफरिया में स्थित नगरपालिका के अस्थाई गौशाला में संरक्षित गोंवशों हेतु भूसा आपूर्ति के लिए इच्छुक व्यक्तियों/फर्मो से दिनांक 21.08.2024 तक प्रति कुन्तल भूसा (भाड़ा सहित) की दर सील बन्द लिफाफे में अपरान्ह 3:30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिनांक को सायं 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों / फर्मों को 02 प्रतिशत जमानत धनराशि रू. 20860.00 नियमानुसार जमा करना होगा। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नही किये जायेंगे। किसी एक अथवा समस्त प्रस्ताव को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|
| नगरपालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| बहराइच। | बहराइच। |

# शुभ योग में सावन का अंतिम प्रदोष व्रत आज



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सावन का अंतिम प्रदोष व्रत श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी ति ?थि को रखा जाएगा। शनिवार के दिन होने के कारण यह शनि प्रदोष व्रत होगा। शनि प्रदोष व्रत का इंतजार पूरे साल सब लोग करते हैं क्योंकि ये अपने महत्व के कारण विशेष माना जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, सावन माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 17 अगस्त को सुबह 8 बजकर 5 मिनट से प्रारंभ होगी। इस तिथि की मान्यता 18 अगस्त को सुबह 5 बजकर 51 मिनट तक रहेगी। ऐसे में प्रदोष काल के पूजा मुहूर्त को देखते हुए सावन का अंतिम प्रदोष व्रत यानि शनि प्रदोष व्रत 17 अगस्त दिन शनिवार को रखा जाएगा। 2 शुभ योग में शनि प्रदोष व्रत 2024सावन का अंतिम प्रदोष व्रत यानि शनि प्रदोष व्रत के दिन दो शुभ योग बनने वाले हैं। व्रत के दिन प्रीति योग प्रातःकाल से लेकर सुबह 10 बजकर 48 मिनट तक है। उसके बाद से आयुष्मान योग प्रारंभ हो जाएगा, जो अगले दिन 18 अगस्त को सुबह 7 बजकर 51 मिनट तक रहेगा।

**शनि प्रदोष व्रत का मुहूर्त:** सावन के इस शनि प्रदोष व्रत की पूजा का मुहूर्त 2 घंटे 11 मिनट तक है। जो लोग 17 अगस्त को शनि प्रदोष का व्रत रखेंगे, वे भगवान शिव की पूजा शाम के समय में 6 बजकर 58 मिनट से रात 9 बजकर 9 मिनट के बीच कभी भी कर सकते हैं।

**शनि प्रदोष के दिन रुद्राभिषेक समय:** यह सावन का शनि प्रदोष व्रत है। इस दिन सूर्योदय के समय यानी सुबह 5 बजकर 51 मिनट के बाद से कभी भी रुद्राभिषेक कराया जा सकता है क्यों ?कि पूरे दिन शिववास रहेगा। सावन में हर दिन शिववास होता है। वैसे शनि प्रदोष के दिन शिववास कैलाश पर प्रातःकाल से लेकर सुबह 8 बजकर 5 मिनट तक है। उसके बाद नंदी पर होगा, जो अगले दिन 5 बजकर 51 ए एम तक रहेगा।

**कालसर्प दोष पूजा समय:** शनि प्रदोष व्रत वाले दिन आप कालसर्प दोष की पूजा भी करा सकते हैं। कालसर्प दोष से शिव जी की पूजा राहुकाल में कराते हैं। उस दिन राहुकाल का समय 09:08 ए एम से 10:47 ए एम तक है।

**शनि प्रदोष व्रत का महत्व:** पौराणिक कथा के अनुसार, शनि प्रदोष का व्रत रखकर भगवान शिव की विधि विधान से पूजा करने पर निःसंतान दंपत्तियों को संतान की प्राप्ति होती है। शनि प्रदोष का व्रत करने से पुत्र की प्राप्ति का योग बनता है। इसके अलावा जो लोग इस व्रत को पूरी भक्ति भावना के साथ करते हैं, उनके दुख दूर होते हैं, सुख, समृद्धि, धन, वैभव आदि की प्राप्ति होती है।

## सावन पूर्णिमा पर शोभन योग समेत बन रहे हैं 5 अद्भुत संयोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन श्रद्धालु गंगा समेत पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाकर विधि-विधान से जगत के पालनहार भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। साथ ही जप-तप और दान-पुण्य करते हैं।

इस शुभ तिथि पर भगवान विष्णु की उपासना और दान-पुण्य करने से जातक को कभी न क्षय होने वाले फल की प्राप्ति होती है। साथ ही जातक को भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उनकी कृपा से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। ज्योतिषियों की मानें तो सावन पूर्णिमा पर दुर्लभ शोभन योग समेत कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी। पंचांग के अनुसार, श्रावण पूर्णिमा 19 अगस्त ( अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार ) को देर रात 03 बजकर 44 मिनट पर शुरू होगी और 19 अगस्त को देर रात 11 बजकर 55 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में सूर्य उदय से तिथि की गणना की जाती है। अतः 19 अगस्त को सावन पूर्णिमा मनाई जाएगी। सावन पूर्णिमा पर भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन मनाया जाता है। इसके लिए19 अगस्त को ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा।

**शोभन योग :** ज्योतिषियों की मानें तो सावन पूर्णिमा पर दुर्लभ शोभन योग का संयोग बन रहा है। इस योग का निर्माण देर रात 12 बजकर 47 मिनट तक है। ज्योतिष शोभन योग को शुभ कार्यों का श्रीगणेश करने के लिए उत्तम मानते हैं। इस योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही लक्ष्मी नारायण जी का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।

**करण:** सावन पूर्णिमा पर बव करण का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण भद्रा के बाद हो रहा है। वहीं, समापन देर रात 11 बजकर 55 मिनट पर हो रहा है। इसके बाद बालव करण का योग बनेगा। ज्योतिष बव और बालव करण को शुभ मानते हैं। इस दिन श्रवण नक्षत्र का संयोग 08 बजकर 10 मिनट तक है। इसके बाद धनिष्ठा नक्षत्र का निर्माण हो रहा है। इन योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का आगमन होता है।

# दादी के मनमोहक भजन सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

- श्री झुनझुनु वाली दादी का दो दिवसीय झूला उत्सव सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** श्री दादी परिवार लखनऊ की ओर से दो दिवसीय झूला उत्सव के दूसरे दिन झुंझुनूं वाली दादी का झूला उत्सव गुरूवार 15 अगस्त को होटल रेंगनेंट निरालानगर मे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मे पूर्व उप मुख्यमंत्री व सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, श्रीमती बिन्दू बोरा ने दादी के दरबार पहुंचकर दर्शन किए और दादी मां की आरती की। उनके साथ श्री दादी परिवार लखनऊ के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल व महामंत्री सुनील तुलस्यान मौजूद रहे।

झूला उत्सव की शुरूआत दादी मां की पूजा-अर्चना अर्चना करने के बाद प्रातः 10 बजे श्री नारायणी चरित्र मानस महामंगल पाठ से शुरू हुआ। दादी के इस पाठ को हैदराबाद की प्रियंका गुप्ता भागलपुर की रिया शर्मा ने अपने मधुर स्वरों में तथा नृत्य नाटिका के मंचन के साथ सम्पन्न कराया। शाम 6 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कोलकाता की स्वाती अग्रवाल और लखनऊ के पवन मिश्रा ने दादी मां के सुंदर सुंदर भजन सुनाकर लोगों को भावविभोर कर झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान पूरे दिन दादी मां के भक्त छप्पन भोग, सवामानी एवम महाप्रसाद का भोग दादी मां को अर्पित करते रहे। रात 10 बजे महाआरती, एवम चुनडी उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। मंगल पाठ में महिलाओं में प्रमुख रूप से द्रौपदी तुलस्यान, जमुना तुलस्यान, बिन्दु बोरा, अंजू गुप्ता, पूनम अग्रवाल, रूचि तुलस्यान, चित्रा तुलस्यान, खुशबू तुलस्यान, ज्योति तुलस्यान, स्नेहा अग्रवाल, रोली जैन, माया अग्रवाल, मीनू अग्रवाल आदि शामिल हुई। इसके अलावा श्री दादी परिवार के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, पुष्पा डालमिया, गिरजा शंकर अग्रवाल, पदम बंसल, संजय बंसल, आशीष अग्रवाल व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल व सदस्य आशुतोष तुलस्यान, मनीष तुलस्यान, नरेश बंसल, सुनील अग्रवाल, राजेश चंद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विशाल तुलस्यान, सुरेश अग्रवाल, समेत सैंकडों की संख्या में भक्त शामिल रहे थे। होटल के अंदर 15 अगस्त पर कई सेल्फी प्वाइंट बनाये थे, जिसपर लोगों की फोटो लेने की होड रही।

# ऐसे गुरु को बलि बलि जाइए आप मुक्त मोहि तारै...




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरमति चेतना समागम श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। दशमेश सेवा समिति के संचालक मंडल के तजेंद्र सिंह और इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इस अवसर पर हजूरी रागी भाई राजिन्दर सिंह जी ने ऐसे गुरु को बलि बलि जाइऐ आप मुक्त मोहि तारै... शबद कीर्तन गायन एवं समूह संगत को नाम सिमरन करवाया। उसके उपरान्त मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी गुरजिंदर सिंह जी कथा व्याख्यान किया। विशेष रुप से पधारे रागी जत्था भाई रकम सिंह जी बनारस वालों ने सो जीविआ जिस मनि वसिआ सोइ। नानक अवर न जीवै कोई। थिरु घरि बैसहु हरि जन पिआरे। सतिगुर तुमरे काज सवारे। मेरे सतिगुरा मैं तुझ बिनु अवर न कोइि। गुरबाणी कीर्तन द्वारा समूह साध संगत को निहाल किया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. राजेंद्र सिंह बग्गा जी ने गुरमत चेतना समागम में पधारे रागी जत्थे को गुरु घर का सम्मान सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। गुरमत चेतना समागम में आई हुई संगत के लिए सोसाइटी की तरफ से पाव भाजी और पानी के बताशे के स्टॉल लगाए गए थे, जिसे समिति के सदस्यों ने बड़े प्यार के साथ संगत में वितरित किया।

## भादों माह संक्रान्ति पर्व मनाया गया

**लखनऊ।** भादों माह संक्रान्ति पर्व ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी, नाका हिण्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। शाम का विशेष दीवान 6.30 बजे से प्रारम्भ हुआ जो रात्रि 9.30 बजे तक चला जिसमें रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में शबद कीर्तनः-भादुहि भरमि भुलाणीआ दूजै लगा हेतु। लख सीगार बणाईीया कारजि नाही केतु। एवं नाम सिमरन द्वारा आई साध संगतों को निहाल किया, उसके उपरान्त ज्ञानी गुरजिंदर सिंह जी ने भादों माह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईश्वर को छोड़कर किसी अन्य वस्तु से जुड़ना अज्ञानता है। माया का मोह भ्रम है, यह किसी काम नही आता, जिस दिन शरीर का नाश हो जायेगा जिन सम्बन्धियों के साथ प्यार था पल में छोड़ जायेंगे। यह शरीर रुपी धरती कर्मों का खेत है, जो जैसा बीज बोता है, वैसा ही काटेगा, किये गये कर्मों के मुताबिक फल मिलता है। श्री गुरु नानक देव जी फरमाते हैं जो जीव प्रभु की शरण में आ जाते हैं उन्हें चरण रुपी जहाज में बैठाकर प्रभु संसार से पार कर देता है। वह मनुष्य ही इस माह में नरक में नही जाते जिनका ईश्वर रखवाला है। सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने भी शब्द कीर्तन गायन कर समूह संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया ।

# अकादमी में हुई कथक प्रस्तुति 'लहरायेंगे हर घर में तिरंगा'




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के गोमती नगर परिसर में अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर और मुख्य अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस, जश्न के साथ-साथ जिम्मेदारियों को निर्वाह करने का भी महती संदेश देती है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

इस क्रम में अकादमी परिसर में स्थित वाल्मीकि रंगशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। उसमें वरिष्ठ गायक कमलाकांत ने कौम के खादिम की है, जागीर वन्दे मातरम, न चाहूँ मान दुनिया में, न चाहूँ स्वर्ग को जाना, और सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्ता हमारा सुनाकर राष्ट्र को मधुर नमन कर प्रशंसा हासिल की। इस प्रस्तुति में तबले पर पार्थ प्रतिम मुखर्जी और साइड रिदम पर शहनवाज ने प्रभावी संगत दी। इस क्रम में श्रुति शर्मा के निर्देशन में कथक प्रस्तुति लहराएंगे हर घर में तिरंगा हुई। इसमें प्रियंम, सृष्टि, विधि, आरोही, ऐशनी, शताक्षी, पूजा, अंजलि, मौसम, सान्वी, ईशानी, दीप्ति और एकता ने प्रभावी नृत्य कर वाहवाही हासिल की। कार्यक्रम का संचालन अविरल अग्निहोत्री ने किया। शैलजाकांत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी और उनकी धर्मपत्नी सुधा रस्तोगी को अकादमी निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने शॉल और तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पस्थित रहे।

## लेटे हुए हनुमानजी मंदिर में हुआ पवनसुत का त्रिवेणी शृंगार

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में प्राचीन लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में हुए भव्य त्रिवेणी श्रृंगार में श्री हनुमान जी महाराज को तीन रंग के फूलों से सजाकर राष्ट्र चेतना का एवं देशभक्ति का संदेश दिया गया। इस उपलक्ष्य पर सुबह हनुमान जी महाराज का सिंदूर का चोला चढ़ाया गया उसके बाद तिरंगे रंग के वस्त्र, तिरंगे रंग की माला अर्पित कि गई हनुमान जी का तिरंगी बर्फी का भोग लगाया गया, भव्य आरती के बाद भंडारा प्रारंभ हुआ और 77 किलो देसी घी के हलवे का भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरित किया गया। दोपहर 12 बजे अन्नपूर्णा सेवा संपन्न हुई जिसमें लगभग ढाई सौ जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। रात्रि आरती के बाद पुनः तहरी का भोग लगा और भक्तों के बीच वितरण हुआ। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विवेक तांगडी ने बताया की सबसे बड़ा धर्म, राष्ट्र धर्म होता है और जो राष्ट्र धर्म का पालन करता है वही सच्चा हनुमान भक्त होता है, क्योंकि हनुमान जी ने अपने संपूर्ण चरित्र में राष्ट्र धर्म के पालन का संदेश दिया है और प्रभु श्री राम की शरणागत रहते हुए अयोध्या राज्य की सदैव रक्षा की। इस उपलक्ष पर मंदिर ट्रस्ट के सचिव डॉक्टर पंकज सिंह भदोरिया ने तीन रंग के 11 किलो पुष्प की माला चढ़ाकर श्री हनुमान जी से राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की मंगलकामना की।

## विश्व शांति की कामना से हुआ इंद्र ध्वज विधान

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे जैन मुनियों के अमृतदभव पावसयोग के क्रम में अतिशयकारी इंद्र ध्वज महामंडल विधान का पांचवा दिन शुक्रवार को सम्पन्न हुआ।


## कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 1059/ ई-निविदा सूचना/नं.प.सिं.भे./2024-25 दिनांक. 02-08-2024

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सेक्टर के 'सीवरेज एवं जल निकासी योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्यों हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक 05.09.2024 को समय अपरान्ह 03:00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो कि दिनांक 16.08.2024 से 05.09.2024 को समय अपरान्ह 03:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत जमानत धनराशि के रुप में नकद/डिमान्ड ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. जो कि अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के नाम बन्धक मान्य हो संलग्न एवं निविदा मूल्य नगद नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा खीरी कार्यालय में जमा कर रसीद या बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट अपलोड करना अनिवार्य होगा कार्यों का विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं. 01 में झुन्ना के घर से तसदद्दुक के बाग तक नाला निर्माण कार्य। | 774000.00 | 15480.00 | 800.00 | 03 माह |
| 2 | वार्ड सं. 01 में इस्लाम उस्मानी के बाग सहादत अली के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 796000.00 | 15920.00 | 800.00 | 03 माह |
| 3 | वार्ड सं. 01 में इकबाल के घर से खलील चौराहे तक नाला निर्माण कार्य। | 759000.00 | 15180.00 | 800.00 | 03 माह |
| 4 | वार्ड सं. 01 में महमूद खां के घर से नज्जूल के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 768000.00 | 15360.00 | 800.00 | 3 माह |
| 5 | वार्ड सं. 01 में इसरार उस्मानी के घर से गुलाम के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 760000.00 | 15200.00 | 800.00 | 3 माह |
| 6 | वार्ड सं. 02 में देवराज सिंह के घर से मेवालाल के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 428000.00 | 8560.00 | 400.00 | 3 माह |
| 7 | वार्ड सं. 02 में बनवारी के घर से बैजनाथ के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 776000.00 | 15520.00 | 800.00 | 3 माह |
| 8 | वार्ड सं. 02 में आशाराम के घर से इतवारी के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 778000.00 | 15560.00 | 800.00 | 3 माह |
| 9 | वार्ड सं.02 में रम्मू के घर से मोती के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 920000.00 | 18400.00 | 900.00 | 3 माह |
| 10 | वार्ड सं. 08 प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र से पुलिया तक नाला निर्माण कार्य। | 2872000.00 | 57440.00 | 3000.00 | 3 माह |
| 11 | वार्ड सं0 10 में सययूब के घर से दरगाही चौराहा तक नाला निर्माण कार्य। | 770000.00 | 15400.00 | 800.00 | 3 माह |
| 12 | वार्ड सं0 10 में कैंसर के घर से शरीफ के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 777000.00 | 15540.00 | 800.00 | 3 माह |
| 13 | वार्ड सं0 10 में मो0 अहमद के घर से शिवगेश श्रीवास्तव के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 762000.00 | 15240.00 | 800.00 | 3 माह |
| 14 | वार्ड सं0 10 में योगेश श्रीवास्तव के घर से मुल्हे के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 766000.00 | 15320.00 | 800.00 | 3 माह |
| 15 | वार्ड सं0 12 में पनवारी मार्ग से सैययद के घर से तक नाला निर्माण कार्य। | 1029000.00 | 20580.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 16 | वार्ड सं0 12 में गोपाल रस्तोगी के घर से ओमप्रकाश गुप्ता के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 1035000.00 | 20700.00 | 1000.00 | 3 माह |

**निविदा की अन्य नियम व शर्ते निम्नवत हैं।**

1. निविदा प्रपत्र की हार्ड कापी निविदा के साथ 02 प्रतिशत जमानत धनराशि व निविदा शुल्क जमा साक्ष्य की प्रति, एवं समस्त टेक्निकल डाक्यूमेन्ट टी-4 व टी-5 एवं जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र सहित निर्धारित दिनांक 16.08.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में जमा किये जा सकते हैं। तथा निविदा दिनांक 05.09.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे के पश्चात खोले जा सकते हैं।
2. निविदादाता को 100 रूपया के स्टाम्प पेपर पर स्व घोषणा-पत्र (टी-6) संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदादाता की पंजीकरण व हैसियत की सीमा निदेशक स्थानीय निकाय के पत्र संख्या तक.सेल/07/निदे./2019, दिनांक 28.06.2019 के अनुसार होनी चाहिए।
4. निकाय में अपंजीकृत निविदादाता की निविदा न्यूनतम दर पर प्राप्त होने की दशा में निदेशालय के पत्र संख्या- एक/706/कम्यू.सेल/2019, दिनांक 06.11.2019 के अनुसार नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
5. 10 प्रतिशत से कम दर पर प्राप्त होने वाली निविदाओं में शासनादेश संख्या-8/2017/836/23-7-17-176 (सा.)/06, दिनांक 08.06.2017 व शासनादेश संख्या-622/23-12-2012-2/आडिट/08टी.सी.-2, लो.नि.वि.-12, दिनांक 08.06.2012 में प्राप्त निदेर्शों का पालन किया जायेगा।
6. प्राक्कलन में निर्धारित मानकों एवं विशिष्टियों व निर्धारित आगणन / डिजाइन के अनुसार कराया जाना होगा, निर्धारित समय के अन्दर तथा आगणन में दिये गये मानक के अनुरूप कार्य न करने अथवा विलम्ब की दशा में ठेकेदार के विरूद्ध दण्डात्मक (जमानत धनराशि जब्ती/निविदा निरस्त) कार्यवाही की जायेगी।
7. निर्माण कार्य निकाय के अधिकारियों/कर्मचारियों/अवर अभियन्ता नगर पंचायत की देख-रेख एवं उनके निदेर्शानुसार कराना होगा, कार्य के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर जांचोपरान्त कार्य मानक के अनुसार नहीं पाए जानें पर अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी को ठेका निरस्त करनें/निर्माण कार्य में कमी की क्षतिपूर्ति की राशि बिल से कटौती करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
8. यदि उपरोक्त कार्यों पर शासन/जिला/नगर पंचायत स्तर पर पृथक से कोई संशोधन आदेश जारी किया जाता है तो उक्त आदेश का अनुपालन निविदादाता/ठेकेदार को करना होगा। अन्यथा की स्थिति में दण्डात्मक (जमानत धनराशि जब्ती / निविदा निरस्त) कार्यवाही की जायेगी।
9. निविदा को किसी भी चरण में बिना कोई कारण बताये स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में निहित होगा।
10. निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
11. अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
12. अन्य नियम / शर्तें व आगणन प्रपत्र कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा से प्राप्त किये जा सकते हैं।

**अधिशाषी अधिकारी/उपजिलाधिकारी**
**नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा**
**लखीमपुर-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा**
**लखीमपुर-खीरी**

# कोलकाता में महिला डॉक्टर से दरिंदगी के विरोध में प्रदर्शन

- प्रदेश भर के रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर, शाम को निकाला कैंडल मार्च
- जूनियर डॉक्टर हाथों में काली पट्टी बांधकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की
- केजीएमयू में काम ठप, सिर्फ इमरजेंसी खुली, बलरामपुर अस्पताल में ओपीडी में कामकाज पूरी तरह ठप
- राजधानी में हड़ताल के चलते करीब 1000 ऑपरेशंस की डेट टाल दी गई






कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरींदगी के विरोध में 1090 चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते छात्र



कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी के विरोध में उत्तर प्रदेश के रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को जूनियर डॉक्टर हाथों में काली पट्टी बांधकर इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। डॉक्टरों ने प्रदर्शन के दौरान स्लोगन का भी इस्तेमाल किया, जिसमें 'सुनो द्रोपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद ना आएंगे' लिखा देखने को मिला। लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज (केजीएमयू), लोहिया संस्थान, एसजीपीजीआई और इसका असर दिख रहा है। इलाज की आस में ओपीडी के बाहर मरीज पांच दिनों से चक्कर काट रहे हैं लेकिन पर्चा नहीं बन रहा। हालांकि, इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं चालू हैं।

केजीएमयू की डॉक्टर आयुषी ने कहा कि जब तक सुरक्षा व्यवस्था और इतंजाम व पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। आयुषी ने कहा कि कोलकाता में महिला रेजिडेंट की निर्मम तरीके से हत्या की गई। देश के लोग और सभी रेजिडेंट डॉक्टर्स पीड़ित परिवार के साथ खड़े है। रेजिडेंट डॉक्टर्स 24 घंटे काम करता है। ऐसे में डॉक्टरों की सुरक्षा जरूरी है। असुरक्षित वातावरण में डॉक्टर्स कैसे काम करेगा? कोलकाता की घटना के बाद सभी रेजिडेंट डॉक्टर्स आहत है, डरे हुए हैं, जो घटना कोलकाता में हुई है। ऐसी घटना में कई स्थानों पर हो सकती है। इसी करण रेजिडेंट डॉक्टर्स हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

मेडिकल कॉलेज में 90 फीसदी काम ठप है। बलरामपुर अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने के चलते सुबह ओपीडी में कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। राजधानी में हड़ताल के चलते करीब 1000 ऑपरेशंस की डेट टाल दी गई है। सिविल और लोहिया हॉस्पिटल में डॉक्टरों की कमी से अफरा-तफरी का माहौल है। डॉक्टर्स कोलकाता रेप कांड में न्याय को लेकर न्याय धरने पर डटे हैं। उनका कहना है कि न्याय नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। 5 बजे शाम को करीब दो हजार डॉक्टर लखनऊ के 1090 चौराहे पर कैंडल मार्च निकाला। यहां भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं, डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने लोहिया संस्थान पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से मुलाकात की। डॉक्टरों ने उन्हें ज्ञापन भी सौंपा।

**कांग्रेसियों ने विरोध जताते हुए निकाला कैंडल मार्च:** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी के विरोध उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस जघन्य की घोर निंदा की और अपराधियों के लिए सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की। कांग्रेसियों ने मृत डॉक्टर की आत्मा की शांति के लिए तथा दोषियों के प्रति अपना विरोध जाहिर करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष डॉ. रिचा कौशिक एवं महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ममता चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में शुक्रवार को राजधानी के शहीद स्मारक पर चिकित्सकों एवं महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने कैंडल मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया।




कैंडल मार्च में चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा, महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा, अनामिका यादव, शहाना सिद्दीकी, महताब जायसी, डॉ इकरा, डॉ शुभा, डॉ भास्कर, सिद्धी श्री, डॉ वंदना, शीला मिश्रा, तनवीर फातिमा, रूबीना रईस सहित उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस तथा चिकित्सा प्रकोष्ठ की महिलाएं शामिल रहीं।

**भाजपा महिला मोर्चा ने निकाला मौन कैंडल मार्च:** बंगाल में महिला मेडिकल छात्रा के साथ हुई बर्बरता के विरोध में लखनऊ महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी के नेतृत्व में आज शाम मेडिकल कॉलेज कन्वेंशन सेंटर चौक (गौतम बुद्ध/हैप्पी पार्क) से मौन कैंडल मार्च किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं ने हाथों में नारी की अस्मिता और जिंदगी के खिलाफ हुए खिलवाड़ के विरोध की तख्ती लिए और मुंह पर काला कपड़ा बांधकर विरोध व्यक्त किया।

## नर्सों ने भी काला फीता बांधकर जताया विरोध

लखनऊ। कोलकाता में युवा डॉक्टर के साथ ही नर्स की रेप के बाद हत्या से आक्रोशित नर्सों ने शहर के चिकित्सा संस्थानों में काला फीता बांधकर विरोध जताया। नर्सों की मांग है कि उन्हें कार्यस्थल पर सुरक्षित माहौल दिया जाए। साथ ही ऐसी घटना को अंजाम देने वाले आरोपितों को जल्द से जल्द कठोर सजा दी जाए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान नर्सेज संघ उप्र की अध्यक्ष प्रिया यादव और महामंत्री अमित शर्मा की अगुवाई में संस्थान की नर्सों ने काला फीता बांधकर विरोध जताया। नर्सों ने वार्ड में काम प्रभावित नहीं किया। वहीं, शाम को नर्सों ने 1090 चौराहे पर कैंडल मार्च निकालकर उत्तराखंड नर्स और कोलकाता की डॉक्टर के हत्यारे को कठोर सजा देने की मांग की। इसके अलावा पीजीआई में नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष सीमा शुक्ला व सावित्री सिंह की अगुवाई में नर्सों ने संस्थान परिसर में डॉक्टरों के साथ मिलकर विरोध जताया और नारेबाजी की। नर्सिंग नेताओं ने कहा कि आरोपियों को कठोर सजा नहीं दी गई तो आगे कामकाज ठप कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## डॉक्टरों के समर्थन में छात्रों ने निकाला कैंडल मार्च

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। कोलकाता गैंग रेप और हत्या के मामले में महिला डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए शुक्रवार की शाम को लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण तरीके से कैंडल मार्च निकाला गया। मुख्य रूप से काजल गुप्ता, ओशिका सिंह, कशिश राजपूत, श्रद्धा यादव, सचिन सोनी, कृतांश तिवारी, ध्रुवराज गुप्ता, निखिल सिंह, एक्सपीरियंस शुक्ला, इंद्रजीत शुक्ला, दिव्यांश गुप्ता, निखिल, हर्षित शुक्ला और अन्य छात्र छात्राएं शामिल हुए और छात्रों का कहना है अगर जल्दी से जल्दी निष्पक्ष जांच पूरी नहीं हुई और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं हुई तब लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं जीवनदाता डॉक्टरों के सपोर्ट में एक विशाल धरने को बाध्य होंगे।

## यूपी के रहने वाले मनीष गोयल की असली कहानी से प्रेरित फिल्म साइबरमैन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले मनीष गोयल की असली जिंदगी से प्रेरित होकर हिंदी फीचर फिल्म ₹साइबरमैन₹ बनाई जा रही है। साइबर क्राइम, जो आज के दौर का सबसे खतरनाक अपराध बन गया है, पर आधारित इस फिल्म की घोषणा मुंबई में की गई। फिल्म के निमार्ता खालिद किदवई और मनीष गोयल हैं, जबकि लेखक और निर्देशक राकेश श्रीवास्तव हैं। फिल्म की शूटिंग फरवरी 2025 से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, और बेंगलुरु में शुरू होगी। मनीष गोयल, जो मुरादाबाद के निवासी हैं, साइबर ठगी के शिकार हुए थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और महीनों की मेहनत के बाद ठगों को गिरफ्तार करवाया। इस संघर्ष के बाद उन्हें 'साइबरमैन' के नाम से जाना जाने लगा। फिल्म में मिस ग्लोबल विनर एश्ले मेलेंडीज को इंट्रोड्यूस किया जा रहा है, जबकि जाकिर हुसैन और अन्य प्रमुख कलाकार भी फिल्म का हिस्सा होंगे। फिल्म का उद्देश्य पब्लिक में साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता फैलाना है। निमार्ता खालिद किदवई ने बताया कि साइबर ठगी का शिकार हर चौथा व्यक्ति होता है और यह फिल्म इसी विषय पर लोगों को जागरूक करने के लिए बनाई जा रही है।

## विकास नगर में सीवर लाइन के रिपेयर का डीपीआर तैयार, बारिश बाद होगा काम

लखनऊ। विकास नगर में 1600 एमएम डायमीटर की ट्रंक सीवर पाइपलाइन के रिपेयर का काम प्रगति पर है। भविष्य में फिर यहां सीवर लाइन में लीकेज से सड़क धंसने की समस्या न हो, इसके लिए जल निगम ने लाइन की रिपेयर का एक डीपीआर तैयार कराया है। यह कार्य बरसात खत्म होने के उपरांत पूर्ण कर लिया जाएगा। इस ट्रंक लाइन के साथ ही 400 एमएम की दूसरी सीवर पाइपलाइन जिसको अंडरग्राउंड केबल डालते समय डैमेज किया गया था उसका रिपेयर कार्य भी सुएज कंपनी की ओर से किया जा रहा है। यह काम अगले दस दिन में पूरा हो जाएगा। प्रमुख सचिव नगर विकास, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अन्य उच्चाधिकारियों के साथ यहां निरीक्षण किया। विकास नगर में 1600 एमएम डायमीटर की सीवर लाइन लीकेज से सड़क धस गई थी। निरीक्षण के समय जल निगम के एमडी, ज्वाइंट एमडी, सचिव नगर विकास, नगर आयुक्त सहित स्वेज के सभी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव ने कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने, किसी भी तरह की जनहानि से बचने के लिए सुरक्षा व्यवस्था रखे जाने इत्यादि के निर्देश दिए। जल निगम को बरसात उपरांत तत्काल कार्य शुरू कर इसे पूरा किये जाने के लिए निर्देशित किया।

## अटल जी एक व्यक्ति नहीं, विचार है : भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कृतज्ञ श्रद्धासुमन अर्पित किये। अटल जी की पुण्यतिथि पर पार्टी के पदाधिकारी, नेता, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद के प्रणेता, ओजस्वी वक्ता तथा करोड़ो कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज अटल बिहारी बाजपेयी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा प्रशस्त मार्ग के अनुसरण का संकल्प लिया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी एक व्यक्ति नही विचार है, अटल जी एक जीवन नही संस्कार है। भाजपा के पथ प्रदर्शक, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। श्रद्धेय अटल जी के अद्वितीय नेतृत्व दूरदृष्टि और राष्ट्रभक्ति को हम स्मरण करते है। उनके विचार हमारे लिए सदैव प्रेरणा के स्त्रोत बने रहेंगें। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि सुशासन के संवाहक, राष्ट्रवाद के प्रणेता एवं विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाने वाले जननेता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अटल जी के विचार, संस्कार, संगठन कौशल, नेतृत्व क्षमता सदैव हमें प्रेरित करते हुए हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## जीआईएस कैम्प में 60 भवन स्वामियों को मिली राहत

लखनऊ। जीआईएस सर्वे कैम्प में बुधवार को 60 भवन स्वामियों को राहत मिली। प्रार्थन पत्र देने के बाद उनके भवन का हाउस टैक्स कम हो गया। नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकीनाथ हॉल में भवन स्वामियों से लिखित आपत्तियां, साक्ष्य व भवन की वर्तमान फोटो देखकर टैक्स कम किए। जीआईएस सर्वे के दौरान निजी कम्पनी ने लोगों के मकानों का टैक्स मनमाने तरीके से बढ़ा दिया था। समाधान दिवस में महापौर सुषमा खर्कवाल भी कुछ समय के लिए समाधान दिवस में पहुंची। मौलवीगंज की जुबैदा खान के मकान का वार्षिक मूल्य 7290 कर दिया गया था। कम करके अब 6480 किया गया। बर्फखाना के मो. शफीक के मकान का वार्षिक मूल्य 10800 हो गया था। जिसे कम करके 5875 किया गया। कुंडरी रकाबगंज की अन्नपूर्णा सक्सेना के मकान का जीआईएस सर्वे में वार्षिक मूल्य 23040 रुपये कर दिया गया।

## दागी कंपनी को सफाई का ठेका, भाजपा पार्षदों ने लगाये आरोप

- नेचर ग्रीन व लॉयन सिक्योरिटी को मिला 34 वार्डों में कूड़ा प्रबंधन का काम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर की सफाई व्यवस्था में दाग लगाने वाली कंपनी को ही 34 वार्डों की सफाई का ठेका दे दिया गया है। कूड़ा प्रबंधन के अंतर्गत पैकेज संख्या-2 के अन्तगर्त जोन संख्या 2, 5 व 8 के सभी वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, सेकेंड्री ट्रांसपोर्टेशन, रोड व स्ट्रीट स्वीपिंग आदि कार्यों के लिए मे. लायन सिक्योरिटी व मे. नेचर ग्रीन (जॉइंट वेंचर में) को टेंडर अवार्ड किया गया है। नगर निगम प्रशासन के इस फैसले पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

असल में नगर निगम अभी तक लॉयन सिक्योरिटी को दागी कहता आ रहा है। कई वार्डों में सफाई में लापरवाही पर नोटिस व जुर्माने की कार्रवाई होती रही है। दो दिन पहले अफसरों के टेण्डर देते ही वह ठेकेदार बेदाग हो गया। वाह रे नगर निगम का गंगाजल... दो मिनट में ही दागी ठेकेदार को पाक-साफ बना दिया। नगर निगम में अब तानाशाही, हिटलरशाही चल रही है। यह बात भाजपा के पार्षदों की ओर से कही जा रही हैं। 34 वार्डों में कूड़ा प्रबंधन का काम दागी कंपनी को दिये जाने पर कई पार्षदों ने खुलकर आपत्ति दर्ज की है। सोशल मीडिया पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। पार्षद कह रहे हैं कि नगर आयुक्त की ऐसी कौन सी मजबूरी आ गई जो पहले से शहर बदहाल करने वाले ठेकेदार को काम दे दिया। नगर निगम ने एक वर्ष में शहर की सफाई के लिए सात बार टेण्डर कराया। बड़ी कम्पनियां आईं तो यह कहकर उन्हें टेण्डर देने से रोक दिया गया कि कार्यकारिणी की बैठक में मामले को रखा जाएगा। फिर नगर आयुक्त ने कहा कि अब ऑनलाइन सबका काम देखेंगे। फिर अचानक टेण्डर निरस्त कर दिया। अब लखनऊ के ठेकेदार को काम दे दिया गया। इस ठेकेदार पर वर्तमान व पूर्व के अफसरों ने सैकड़ों बार जुमार्ना लगाया है। पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने खुद इस पर दर्जनों बार जुर्माना लगाया था। इसको लेकर पार्षदों में भारी आक्रोश है। रामकी कंपनी को काम दिये जाने के मामले में आपत्ति दर्ज कराने वाले भाजपा पार्षद राम नरेश रावत ने लिखा है कि नगर आयुक्त कहते थे कि लोकल कम्पनी को काम नहीं देंगे। महापौर और नगर आयुक्त की कौन सी मजबूरी आ गई, जो दागी ठेकेदार को काम दे दिया। मेयर व नगर आयुक्त की पाक-साफ वाली मंशा कहा चली गई। सदन में बड़ी-बड़ी डींगें मारते थे। जब दागी कम्पनी को काम देना था तो इतना ड्रामा करने की क्या जरूरत थी? एक साल से ड्रामा क्यों किया जा रहा था? जनता के घरों में कचरा क्यों सड़ाया गया? अब सदन में मेयर कहेंगी, ठेकेदार पाक-साफ शीशे जैसा है। कोई दाग नहीं है। गंगाजल जैसा है। पार्षद शिवम उपाध्याय के पति दीपक तिवारी ने भी इस फैसले पर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि खबरदार जो आपने किसी पर अंगुली उठाई। पूरा नगर निगम गंगाजल की तरह पाक-साफ है। व्हाट्सऐप ग्रुप में किसी ने कमेंट किया कि दागी नेता भी तो चुनाव लड़ते हैं, फिर ठेकेदार पर सवाल क्यों? इस पर पार्षद पति ने लिखा है कि चुनाव लड़ने की योग्यता और इतना बड़ा टेण्डर लेने की योग्यता में जमीन आसमान का अंतर होता है।

**19 अधिकारियों की समिति ने दी मंजूरी:** नगर निगम प्रशासन की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि टेण्डर का मूल्यांकन 19 अधिकारियों की विभागीय समिति ने किया। इसमें सभी अपर नगर आयुक्त, सफाई, मुख्य नगर लेखा परीक्षक, मुख्य अभियंता, जेडएसओ, पर्यावरण अभियन्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी शामिल थे। कार्यवाही पारदर्शी व ई-टेंडरिंग के माध्यम से हुई है। वित्तीय बिडिंग में न्यूनतम निविदा दर की धनराशि वाली दो कम्पनियों के जॉइंट वेंचर को काम दिया गया। एक कम्पनी नोएडा की है। टेण्डर में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। सबसे पहले तीनों निविदादाता मे. बी.वी.जी. इंडिया लिमिटेड, मे. स्वच्छता कॉर्पोरेशन, मे. लायन सिक्युरिटी व मे. नेचर ग्रीन (जॉइंट वेंचर में) का कमेटी के समक्ष प्रस्तुतिकरण कराया गया। जिनकी वित्तीय बिडिंग दिनाँक 14 अगस्त को खोली गई। जिसमें न्यूनतम दर मेसर्स लायन सिक्युरिटी एवं नेचर ग्रीन जॉइंट वेंचर की प्राप्त हुई है। नेचर ग्रीन नोयडा बेस कंपनी है, जो देश के कई नगरों में सॉलिड वेस्ट से सम्बंधित कार्यों जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने का कार्य एवं सॉलिड वेस्ट संबंधित काम कर रही है।

## 5 रो-हाउस, बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर सील

लखनऊ। खनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने ठाकुरगंज क्षेत्र में 5 रो-हाउस भवनों को सील किया। वहीं, गुड़म्बा में कुर्सी रोड पर मानक के विपरीत बने बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि अरशद अली व अन्य की ओर से ठाकुरगंज के मलपुर में कानपुर रिंग रोड पर लगभग 5000 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से 05 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट/मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त निर्माण कार्य के विरूद्ध विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता शिवशंकर श्रीवास्तव व अवर अभियंता राम सागर वर्मा की ओर से प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से पांचों भवनों को सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि कुर्सी रोड पर अभियान चलाकर बेसमेंट में संचालित संस्थानों की जांच की गयी। इसमें राहुल वर्मा की ओर से बहादुरपुर में यूनिटी सिटी गोल चौराहे के पास बेसमेंट में संचालित न्यू वे क्लासेज कोचिंग सेंटर के खिलाफ कार्यवाही करते हुए सेंटर को सील कर दिया गया।

# रेरा की सख्ती, 400 प्रोजेक्ट को अबेएन्स में रखने की चेतावनी

- पोर्टल पर भूमि अभिलेख व मानचित्र अपलोड नहीं कर रहे प्रमोटर्स

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उन परियोजनाओं को अबेएन्स की श्रेणी में रखने का निर्णय लिया है। जो प्रोमोटर्स परियोजना की भूमि और मानचित्र के आवश्यक दस्तावेज रेरा के पोर्टल पर अपलोड नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का यह निर्णय यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में 152वीं बैठक में लिया गया। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि कई परियोजनाओं के प्रोमोटर्स की ओर से बार-बार नोटिस भेजने के बावजूद भी परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे भू-स्वत्व और मानचित्र रेरा के पोर्टल पर अपलोड नहीं किए गए हैं। ये दस्तावेज किसी भी परियोजना के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इन्हें देखकर ही आवंटी अपनी निवेश योजना बनाते हैं। यूपी रेरा की ओर से किए गए गहन परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि लगभग 400 परियोजनाओं के प्रोमोटर्स ने या तो परियोजना के मानचित्र या भू-स्वत्व से जुड़े दस्तावेज अपलोड नहीं किए हैं या उनमें से एक दस्तावेज पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है। यह परियोजनाएं रेरा के प्रारंभिक दिनों में पंजीकृत कराई गईं थीं और 2018 से ही इन्हें बार-बार आगाह किया जा रहा था कि वे अपने सभी दस्तावेज अपलोड कर दें। हालांकि, 57 प्रोमोटर्स ने रेरा की हालिया नोटिस का उत्तर प्रस्तुत किया है। इनमें से 03 परियोजनाओं को कंप्लीशन सर्टिफिकेट (सीसी) मिल चुका है, जबकि 04 अन्य परियोजनाओं ने सीसी के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा 25 परियोजनाओं के प्रोमोटर्स ने पोर्टल पर अभिलेख अपलोड करने के लिए एडिटिंग की सुविधा की मांग की है। रेरा के पोर्टल पर उपलब्ध परियोजना की जानकारी से आवंटी यह तय कर सकते हैं कि वे किस परियोजना में निवेश करें। यदि सभी आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं, तो होम बायर्स धोखा खा सकते हैं और किसी ऐसी परियोजना में निवेश कर सकते हैं, जिसकी स्वीकृतियां पूरी नहीं हैं। रेरा ने इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करते हुए इन परियोजनाओं को अबेएन्स की श्रेणी में रखने का निर्णय लिया है, ताकि आवंटी सावधान रहें और समझदारी से निवेश करें। संजय भूसरेड्डी ने इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि रेरा का यह प्रयास है कि आवंटियों को पोर्टल से परियोजना से संबंधित सही और पूरी जानकारी प्राप्त हो। उन्होंने यह भी कहा कि प्रोमोटर्स की ओर से परियोजना के विज्ञापनों और विक्रय प्रस्तावों में केवल रेरा की पंजीकरण संख्या का उल्लेख करके अपनी जिम्मेदारी समाप्त कर दी जाती है, जिससे सामान्य आवंटी धोखे का शिकार हो सकता है।

**नोटिस देने के बावजूद बाज नहीं आ रहे बिल्डर:** उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह परियोजनाएं रेरा के प्रारंभिक दिनों में पंजीकृत कराई गई थीं, लेकिन बार-बार समय और नोटिस देने के बावजूद भी प्रोमोटर्स द्वारा दस्तावेज दुरुस्त न करना एक गंभीर समस्या है। ऐसे प्रोमोटर्स को चेतावनी दी जा रही है कि वे बिना किसी विलंब के परियोजना की स्वीकृतियां और भू-अभिलेख रेरा के पोर्टल पर अपलोड कर दें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भूसरेड्डी ने आवंटियों से भी अपील की है कि वे अबेएन्स में रखी गई परियोजनाओं में निवेश करने से बचें।

## राजधानी में बनेगा टाउन हॉल, डिजिटल लाइब्रेरी व वूमेन हॉस्टल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में टाउन हॉल, डिजिटल लाइब्रेरी और महिला हॉस्टल का निर्माण होगा। साथ ही बड़े होटलों के आसपास की सड़कें नई बनेंगी। ये सभी कार्य मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत होंगे। इस संबंध में शुक्रवार को कमिश्नर रोशन जैकब ने जरूरी दिशानिर्देश दिए। बटलर पैलेस स्थित शिविर कार्यालय में कमिश्नर रोशन जैकब ने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह और मुख्य अभियंता नगर निगम महेश वर्मा को टाउन हॉल, डिजिटल लाइब्रेरी और महिला हॉस्टल के लिए डीपीआर बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कमिश्नर ने जर्जर और खस्ताहाल सड़कों को चिह्नित करने का भी बैठक में निर्देश दिया। साथ ही कहा कि सूची बनाने के साथ उनकी मरम्मत शुरू करा दी जाए। इसके अलावा अमौसी रोड, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान की सड़क, रेनेसां, हयात होटल की सड़क और हेरिटेज रोड का कार्य करने का निर्देश दिया। कमिश्नर ने कहा कि नगरोदय योजना का उद्देश्य प्रदेश के सभी नगरीय स्थानीय निकायों में समान सार्वजनिक बुनियादी ढांचे तक पहुंच सुनिश्चित करना है। साथ ही नगरीय स्थानीय निकायों की कमाई बढ़ाने के लिए नए अवसर पैदा करना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

## फैजुल्लागंज और शहीद पथ के पास बनेगा वाहनों का डम्पिंग यार्ड

लखनऊ। थानों में सीज वाहन रखने की जगह नहीं है। इस वजह से बेतरतीब वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इस समस्या के लिए दो नए डम्पिंग यार्ड के लिए जगह तय कर ली गई है। फैजुल्लागंज और शहीद पथ के पास जमीन चिह्नित की गई हैं। शुक्रवार को आयुक्त शिविर कार्यालय में आयोजित बैठक में नगर निगम की ओर से चिह्नित की गई जमीनों के बारे में कमिश्नर रोशन जैकब को जानकारी दी गई। कमिश्नर ने कहा कि यह सूची संभागीय परिवहन अधिकारी को सौंपने के निर्देश दिए। उपयोगिता के आधार पर आरटीओ चयन करेंगे। परिवहन विभाग के अनुसार शहर में डम्पिंग यार्ड की कमी है। अधिसंख्य थाने सीज किए गए वाहनों से पटे पड़े हैं। मौजूदा समय कल्ली पश्चिम में एक डम्पिंग यार्ड है। बैठक में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव मौजूद रहे। कमिश्नर ने नो पार्किंग जोन में गाड़ियां पार्क करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि टेंडर प्रक्रिया अपनाते हुए अच्छी क्रेन कंपनी का चयन कर लें। कमिश्नर ने नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ को आपस में समन्वय रखते हुए रोजाना कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके तहत कमता चौराहा, चारबाग, उतरेटिया समेत अन्य चौराहों पर नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों का चालान करने के निर्देश दिए।

संक्षेप

## हादसे में बाइक सवार घायल

पुरवा, उन्नाव। बाइक अनियंत्रित होकर पुल से टकराई जिससे युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया और उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रिफर किया गया। सदर क्षेत्र के गांव सोथरा निवासी शिवपाल का 30 वर्षीय बेटा सोनू यादव बाइक से शुक्रवार शाम समय लगभग छः बजे अपने मामा गिरजा शंकर निवासी गांव त्रिलोकपुर जा रहा था। तभी पुरवा-अचलगंज मार्ग पर भूलेमऊ गांव के पास लोन नदी पुल के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गई। इससे सोनू सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं पीछे बाइक से चल रहे ममेरे भाई राजबहादुर सोनू को सीएचसी लेकर पहुंचा जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

## अज्ञात युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

पुरवा-उन्नाव। अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। नगर के मोहल्ला शीतलगंज स्थित पक्का तालाब के पास शुक्रवार दोपहर 35 वर्षीय युवक संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने युवक को अचेत अवस्था में पड़ा देख डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी उसे लेकर सीएचसी पहुंची जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आसपास लोगों से शिनाख्त कराई लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। मृतक सफेद रंग की फुल सर्ट व डार्क ग्रे कलर की पैंट पहने हुए है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जा रहा है।

## एनसीपी कार्यालय पर फहरा तिरंगा

सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यालय पर 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर हरिश्चंद्र सिंह ने पार्टी कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष रामप्रीत शर्मा, प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह, अमय प्रताप सिंह, रोविल, प्रमोद कुमार सिंह, राजवीर, मनीष तिवारी, अजय कुमार, गौरव, नबीन, प्रतीक सिंह, हिमांशू सिंह आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज

तंबौर/सीतापुर। क्षेत्र के एक गाँव में शौच के लिये खेत गई किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला आने पर पुलिस ने आरोपी तीन युवकों पर मामला दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली किशोरी बुधवार को खेत मे शौच के लिए गई थी। थाने में दी गई तहरीर में आरोप है। कि गाँव जालिमपुर मंडोर के निवासी सौरभ यादव, अवनीश यादव व ब्रजेश ने घर वापस आते समय रास्ते मे रोक लिया और हाथ पकड़कर खींचने लगे। शोर मचाने पर पास ही खेत में काम कर रहे उसके चाचा के आने पर आरोपी मौके से भाग गए इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## युवक ने लगायी फांसी, मौत

थानगांव/सीतापुर। क्षेत्र में बृहस्पतिवार को गांव के बाहर धान के खेत में लगे एक आम के पेड़ से फांसी का फंदा बनाकर एक युवक झूल गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को होती इससे पहले ही युवक का दम टूट चुका था। परिजनों कि सूचना पर थानगांव थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लालपुर निवासी सुखदराज पुत्र राजेश पिछले कई महीनों से शारीरिक पीड़ा से परेशान चल रहा था। जिससे मानसिक कमजोरी होना भी बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार दवाओं के काम न करने से परेशान सुखदराज कुछ हदों तक मानसिक विक्षिप्त भी हो गया था। कड़ी निगरानी की जा रही थी किन्तु उसकी मौत के सामने सभी प्रयास नाकाम साबित हुए।

# धूमधाम से मनायी गयी आजादी की वर्षगांठ

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। आजादी जश्न 15 अगस्त को पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह तिरंगा यात्राएं निकाली गईं।

कार्यालय व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया गया। मिठाईयां बांटी गई और स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने तिरंगा ध्वज फहराया। इस बीच राष्ट्रगान से पूरा परिसर गूंज उठा। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पुलिस लाइंस में एसपी चक्रेश मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। वहीं पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। खैराबाद विकास खंड कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने झंडारोहण किया।

खैराबाद नगर पालिका परिषद कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष बेबी गुप्ता व प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया। नगर पालिका सीतापुर में पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी व बिसवां नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष पुष्पू जायसवाल ने झंडारोहण किया। एचआरए इंटर कालेज पीतपुर में प्रबंधक जुबेर अंसारी ने झंडारोहण किया। प्रधानध्यापक अर्चना सिंह की मौजूदगी में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी तरह से जिले के अन्य संस्थानों में स्वंतत्रता दिवस का जश्न मनाया गया।

## तिरंगा बाइक रैली निकाल मनाया गया आजादी का जश्न



खैराबाद/सीतापुर। खैराबाद की नगर पालिका में नगर पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू व अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। कस्बे के अमर शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार जनों को सम्मानित किया गया। अमर शहीद लाल हरि प्रसाद व अल्लामा फजले हक के स्मारक पार्क पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कुष्ठ आश्रम पर बच्चों तथा बुजुर्गों को फल वितरण किया गया। खैराबाद कस्बे के मछरेहटा रोड स्थित शांति नगर से खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता के नेतृत्व में 2100 बाइकों से तिरंगा यात्रा निकाली गई। बाइक यात्रा का शुभारंभ निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने झंडी दिखा कर किया। बाइक तिरंगा यात्रा शांति नगर से शुरू होकर मछरेहटा चौराहे होते हुए खैराबाद के विभिन्न मोहल्ले से गुजरती हुई एमजे गोल्ड पैलेस पर संपन्न हुई। इस आयोजन में भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, निरंकार गुप्ता, पवन मिश्रा, राजू पांडेय, बबलू मिश्रा, मुरसलीन अंसारी, विवेक विश्वकर्मा, आलोक बाजपेई, हसीन युसुफ खान, शकील खान, राकेश गुप्ता, कुलदीप जायसवाल, संतोष जायसवाल, संदीप मिश्रा, शुभम गुप्ता, भाजयुमो खैराबाद मंडल अध्यक्ष अंशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना

महोली/सीतापुर। नगर से लेकर क्षेत्र में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। जहां विद्यालय के विद्यार्थियों ने संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया वहीं प्रभात फेरी निकालकर भारत माता की जय का उदघोष किया। गुरुवार को तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर प्रभारी तहसीलदार महेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार शिव प्रकाश, राजस्व निरीक्षक संजीव मिश्रा, अवधेश पांडेय, संतोष श्रीवास्तव अशोक राजवंशी, प्रवीण दीक्षित,, अनिल स्वरूप सहित लेखपाल व कर्मचारी मौजूद रहे। कृषक इंटर कॉलेज में विधायक शशांक त्रिवेदी ने ध्वजारोहण में किया वहीं शहीद मनोज यादव की प्रतिमा पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रभुल्ल मिश्रा सहित अध्यापक मौजूद रहे। रजिस्टार ऑफिस में सब रजिस्टार राकेश त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र दीक्षित व महासचिव नीरज मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। खंड विकास कार्यालय में प्रमुख जगदीश प्रसाद ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर बीडीओ प्रतीक यादव हर्षकेश शुक्ला, मनमोहन सिंह, सिद्धार्थ, दिलीप पांडे, गिरीश तिवारी, मुनीश खां, हरिओम शुक्ला, मंजेश कुमार, रिचा मिश्रा, राकेश मिश्रा सहित कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पंचायत में अध्यक्षा केतुका द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर ईओ शीष मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, रवि गुप्ता, निरंजन दीक्षित, हनीफ, अरुण बाजपेई, कांति श्रीवास्तव सहित सभासद मौजूद रहे। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में उप निबंधक राकेश त्रिपाठी ने



ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नरेंद्र अग्निहोत्री, विशाका विश्वास, डॉक्टर रूपचंद वर्मा, राजेश तिवारी, जयप्रकाश मिश्रा सहित अभिभावक मौजूद रहे। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में वार्डन रेनू मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर पूजा, नीलम, अंकिता, सोमवती, रुचि अग्निहोत्री, प्रतिभा सीमा, मुनेंद्र कुमार मौजूद रहे। कोतवाली परिसर में इंस्पेक्टर विनोद मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। क्षेत्राधिकारी कार्यालय में क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। राम प्रसाद जूनियर हाई स्कूल में विद्यालय के संस्थापक हरिकरन नाथ दीक्षित ने ध्वजारोहण किया वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय में एसबीआई के प्रबंधक द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर कल्पना मिश्रा, शिवम पटेल, आस्था बाजपेई, उषा शुक्ला, कोमल, तृप्ति, मानसी, रंजना, रेनू, आरती एयाज सहित अध्यापक मौजूद रहे। डॉ भीमराव अंबेडकर सेवा संस्थान द्वारा अंबेडकर पार्क में प्रबंधक परशुराम सागर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा केतुका, जगजीवन भारती, खुशीराम चैधरी, डॉक्टर तेजपाल मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर इमरान द्वारा ध्वजारोहण किया। सहकारी गन्ना विकास समिति, गन्ना विकास परिषद में भी ध्वजारोहण किया गया वहीं क्षेत्र के उरदौली, बड़ागांव नेरी में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

## भारत रत्न स्वर्गीय अटल जी को याद किया



सीतापुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने लालबाग अटल चौक पहुंचकर पुष्प अर्पित किए। भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अटल जैसा व्यक्तित्व होना अपने आप में गौरव का विषय है। न उनके पहले कोई था, न उनके बाद कोई है। स्र्गीय अटल बिहारी बाजपेयी ने वो कर दिखाया, जिसको कोई अन्य नेता नहीं कर सका। भारत को परमाणु संपन्न देश बनाने में स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने दुनिया के प्रतिबंधों की परवाह न करते हुए परमाणु परीक्षण किया और भारत को परमाणु संपन्न देश बनाया। भारत के विकास में स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ीं। अटल जी एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपनी राजनीतिक सूझबूझ और अप्रतिम विद्वता से देश को प्रगति का मार्गदर्शन कराया। उनके महान आदर्श व राष्ट्रभक्ति की भावना सदैव हम सबको प्रेरणा देती रहेगी। इस मौके पर भाजयुमों के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, उत्तम पांडेय, शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

## दो पक्षों में कब्जेदारी को लेकर हुआ विवाद, दो लोग घायल

जिला संवाददाता(vol)

थानगांव/सीतापुर। थाना क्षेत्र में स्थित एक आश्रम पर कब्जेदारी को लेकर दो साधुओं में शुक्रवार दोपहर में खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें एक पक्ष से दो लोग घायल हुए हैं। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र थानगांव के लोखरिया पुरवा गांव के निकट स्थित त्यागी महाराज के आश्रम की 13 बीघा जमीन है।

जहां वर्तमान में आश्रम भी है। इसी जमीन की कब्जेदारी को लेकर मारपीट में आश्रम पर रह रहे मुरारी दास पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम बासभारी मजगव्वा हाल पता मेउड़ी सेल्हवा व रामेश्वर उम्र 65 वर्ष पुत्र मैकू निवासी बरौरा गंभीर घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस कि मदद से सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र रेउसा में भर्ती कराया गया। घायल पक्ष द्वारा पहले आश्रम पर रहकर पूजा पाठ करने वाले सुशील राजकुमार जितेन्द्र निवासी सेल्हवा सहित 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध थानगांव पुलिस को तहरीर देकर धार दार हथियारों से प्रहार व आश्रम में घुसकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

मौके पर थानगांव पुलिस फोर्स की मुस्तैदी के साथ ही थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी के अनुसार अग्रिम कार्यवाही तत्काल प्रभाव से प्रचलित कर दी गई है।

## स्कूल मे अंडा वाला केक परोसने पर मचा बवाल

सीतापुर। जिले का कस्बा सिधौली मे एक कान्वेन्ट स्कूल मे स्वंतत्रता दिवस पर बच्चो को अंडा वाला केक खाने के लिये मजबूर करने क मामला समाने आया है।

अभिववकों ने स्कूल के प्रशासन के खिलाफ शिक्षा विभाग मे शिकायत दर्ज कराई है। वहीं स्कूल प्रशासन ने किसी भी छात्र को खाने के लिये मजबूर किये जाने का आरोप को नकार दिया है सराया गांव निवासी श्री पति मिश्र ने शिक्षा विभाग व ग्रहविभाग को आईजीआरएस के माध्यम सेदिये गये शिकायती पत्र मे कस्बे के विसवा रोड पर स्थित सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल पर आरोप लघाया की सावन का पवित्र महिना चल रहा है इसी बीच 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस आया जिसे सभी ने बडे ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। वही सेठ आनंद राम




जयपुरिया स्कूल में छात्रों को ब्रिटेनिया कंपनी का अंडा युक्त केक बांटा गया

मामले कि जांच खाद्य निरिक्षक सिधौली को दी गईहै। जांच रिपोर्ट आने पर उचित कार्यवाही की जायेगी।
अनिल कुमार
एसडीएम सिधौली

छात्रों को केक में अंडा होने की बात भी नहीं बताई गई जबकि हिन्दू व जैन धर्म में बहुत से परिवार लहसुन व प्याज तक का सेवन नहीं करते हैं। शिकायत कर्ता श्रीपति मिश्र इस घटना को धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताते हुये कहा कि हमें क्या खाना है क्या नहीं खाना है के अधिकार के उल्लंघन का मामला है उन्होने शिक्षा विभाग एवं गृह विभाग से दोषियों के विरूद्ध कार्यवाई की मांग की है।

## उत्साहपूर्वक मना आजादी का महापर्व



पाटन, उन्नाव। स्वाधीनता दिवस का महापर्व पूरे क्षेत्र में उत्साह पूर्वक झंडा रोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर ग्राम भ्रमण किया गया।

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत सरकारी अर्द्ध सरकारी व निजी संस्थानों में स्वाधीनता दिवस का यह महापर्व भारी उत्साह के साथ झंडा रोहण कर मनाया गया। इस मौके पर तहसील मुख्यालय पर उप जिलाधिकारी क्षितिज कुमार ने झंडा रोहण किया तथा देश को मिली आजादी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं आजादी को अक्षुण बनाए रखने के लिए एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला, तथा तहसील के राजस्व कर्मचारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कस्बा के न्यू उन्नाव पब्लिक इंटर कॉलेज पाटन का झंडा रोहण प्रबंधक अरविंद पटेल ने किया। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज का झंडा रोड प्रबंधक द्वारा किया गया। कस्बा बिहार स्थित त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज का झंडा रोहण विद्यालय के संरक्षक कुंवर बाबू द्वारा किया गया इस मौके पर दिलीप सिंह शिक्षक रमेश सिंह सहित अन्य गण मन लोग उपस्थित रहे। कस्बा बिहार के गिरजा शंकर सरला देवी इंटर कॉलेज का झंडा रोहण संरक्षक गुड्डू सेठ द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा देश भक्ति सहित अनेका-नेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और प्रतिभागी बच्चों को लोगों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा सहित अन्य कक्षाओं में विद्यालय का नाम रोशनकरने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कमल बहादुर सिंह, रवि शंकर गुप्ता, अरविंद पटेल ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित कर सहयोग बनाए रखने की अपील की। छाछी राई खेड़ा स्थित रघु राजा रामगोपाल महाविद्यालय का झंडा रोहण प्रधानाचार्य गिरीश कुमार सिंह द्वारा वही लोटस कॉन्वेंट विद्यालय का झंडारोहण मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख द्वारा व कस्बा पाटन स्थित बीज गोदाम का प्रभारी मिश्रा जी द्वारा झंडा रोहण किया गया इसी क्रम में थाना बिहार का झंडा रोहण थाना प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्र द्वारा किया गया। कस्बा भगवंत नगर स्थित यू एस व निराला इंटर कॉलेज का झझंडा रोहण संरक्षक सुंदरलाल बाजपेई द्वारा किया गया लाल बहादुर पब्लिक इंटर कॉलेज का झंडा रोहण विद्यालय के प्रबंधक ने किया। ग्राम प्रधानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालयों का झंडारोहण किया गया।

## शहीद वीरांगना अवंतीबाई की जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन



पुरवा, उन्नाव। अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की 193वीं जयंती के अवसर पर पुरवा स्थित महारानी अवंतीबाई लोधी प्रेरणा स्थल में भाजपा नेता उत्तम चन्द्र लोधी ने अपने सैकड़ों साथियों व बहनों के साथ दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया। कस्बा अंतर्गत पुरवा उन्नाव मार्ग पर स्थित नहर पुल के आगे बने भाजपा नेता उत्तम चंद्र लोधी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शहीद वीरांगना अवंतीबाई की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी साथियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवा कर बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा नेता उत्तम चन्द्र लोधी के साथ के.के वर्मा, गंगा प्रसाद वर्मा, बैजनाथ वर्मा, देवी शंकर फौजी चाचा, सतीश त्रिपाठी, अमित त्रिवेदी, कुलदीप अवस्थी, जय नारायण गौतम, राजू गौतम, गायत्री लोधी, गीता लोधी, सुनीता रावत, राखी गौतम, सुष्मा रावत, शीला रावत, संतोष कुमारी लोधी, विकाश सिंह, सौरभ सिंह, राधे श्याम लोधी, लखन लोधी, ओम प्रकाश लोधी, धर्मेंद्र यादव, पंकज राजपूत, राजकुमार लोधी, सचिन राजपूत, अयोध्या प्रसाद निषाद, जितेंद्र लोधी, सभासद पंकज, सभासद अंकित साहू, महेंद्र लोधी, रमाकांत लोधी, डॉ अनिल लोधी, सूरत लोधी, अनूप लोधी, पंकज लोधी, समाजसेवी स्वयंवर राजपूत सत्यम गुप्ता, पंकज यादव, लक्ष्मी लोधी, रामबाबू लोधी, नितिन कुमार (राजवीर लोधी) सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल छात्रों व प्रशिक्षुओं ने न्याय के लिए लगायी गुहार

उन्नाव। सरस्वती मेडिकल कॉलेज, के मेडिकल छात्रों एवं प्रशिक्षु चिकित्सकों ने कोलकाता में रेप पीड़िता चिकित्सक की हत्या पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस घटना ने पूरे देश को हिला दिया है। हमारे समाज में महिलाओं एवं चिकित्सकों की सुरक्षा के प्रति चिंता जताई है। छात्रों एवं प्रशिक्षु चिकित्सकों ने कहा कि यह घटना हमारे समाज के लिए एक कलंक है। हमें इसे बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। हम न्याय के लिए गुहार लगाते हैं। सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस घटना के विरोध में छात्रों एवं प्रशिक्षु चिकित्सकों ने कॉलेज परिसर में एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च किया और न्याय के लिए नारे लगाए। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं एवं चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाएंगे और समाज में इस प्रकार की घटनाओं को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

## हर्षोल्लास पूर्वक मना स्वतंत्रता दिवस

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में 78वां स्वतंत्रता दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया। क्षेत्र के कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं आदि में



झंडारोहण के साथ साथ राष्ट्र भक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। नगर के जवाहर लाल नेहरु इण्टर कालेज, क्षेत्र के नगर पंचायत ऊगू मे नगर अध्यक्ष अनीता ने झंडा रोहण किया तथा साथ मे पूर्व चेयर मैन अनुज दीक्षित तथा समाज सेवी अवधेश दीक्षित क्षेत्र के जूनियर तथा प्राइमरी स्कूलों में संस्था प्रधानों ने झंडारोहण किया। ब्लाक में प्रमुख ने, अस्पताल में प्रभारी डाक्टर ने थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार ने नगर पंचायत ऊगू व फतेहपुर चैरासी में अध्यक्ष ने झण्डा फहराया। विद्यालयों में बच्चों ने राष्ट्रीय गीत, कविता, नाटक आदि प्रस्तुत किए।

## चोरी की बाइकों के साथ दो गिरफ्तार



सीतापुर। कोतवाली नगर पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के आवास अंडर पास के निकट छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भूड़ पुरवा निवासी हरिओम वर्मा पुत्र हरीश वर्मा, मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडेरी निवासी विश्वनाथ प्रताप सिहं उर्फ आशू सिंह पुत्र गोविन्द प्रकाश सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर वाहन चोर हैं। इन्होंने एक बाइक आवास विकास कालोनी से तथा दूसरी बाइक जिला महिला अस्पताल के निकट से चोरी की है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में में बिजली के मीटर में शार्ट सर्किट से बोर्ड में उतरे करंट से हादसा हो गया। मोबाइल चार्जिंग पर लगाते समय



चार्जर में आए करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। परिजन जब तक मौके पर पहुंचते तब तक ग्रामीण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीण की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ। बताते चले कि घटनाएं इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके की है। यहां बिजली के करंट से परिवार में हादसा हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम हाथुरी गांव निवासी उमेश कुमार पुत्र कुबेर घर में बिजली के बोर्ड में चार्ज लगा रहा था। परिजनों ने बताया कि मोबाइल चार्जिंग पर लगाते समय अचानक बिजली के मीटर में धुआं उठने लगा। चार्जर लगे बोर्ड में करंट उतर आया। मोबाइल चार्जिंग पर लगा रहा उमेश जब तक कुछ समझ पाता। तब तक उसे करंट लगते ही वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गया। मृतक की पत्नी पुष्पा जब कमरे में पहुंची, तो बेसुध पति को देखकर मामले की सूचना ग्रामीणों और पुलिस को दी। मीटर में शार्ट सर्किट से लगी आग की सूचना पाकर मौके पहुंचे विद्युत विभाग मामले की जांच पड़ताल कर रहा है। घटना की सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने साक्ष्य संकलन कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना




सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। विद्यालय के चेयरमैन ओम प्रकाश सिंघानिया, श्रीमती मंजू सिंघानिया एवं सचिव परीक्षित त्रिपाठी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विद्यालय के चेयरमैन ओम प्रकाष सिंघानियाह्न ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस का महत्त्व बताते हुए शहीदों की कुर्बानियों और देश की आजादी में अपना योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण कराया। विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिनमें श्लोक वाचन तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। प्री प्राइमरी वर्ग के नन्हे मुन्ने बच्चों ने देशभक्तों की वेशभूषा में उनके व्यक्तित्व को दर्शाकर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीत गाकर सभी को देशभक्ति के रस में सराबोर कर दिया। विद्यालय में बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके साथ ही साथ प्रत्येक कक्षा के छात्रों ने ह्यफूड फीस्टाह्य प्रतियोगिता के अंतर्गत एकता एवं भाईचारे का परिचय देते हुए अपनी कक्षा के सहपाठियों के साथ विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों को आपस में बाँटकर खाया। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारियों एवं छात्रों को इस अवसर पर मिष्ठान भी वितरित किया गया।

संक्षेप

## तिरंगा यात्रा जश्न में शामिल हुए सभी वर्ग के लोग



**ललितपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर सनातन सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में नगर में तिरंगा यात्रा निकली जिसमें भारतीय संस्कृति को दशार्ती हुई प्रजापति ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय वरदानी भवन द्वारा झांकी वाहन पर निकली सैकडों की संख्या में लोग तिरंगा लहरा रहे थे। रेलवे स्टेशन से प्रारम्भ हुई तिरंगा यात्रा के आगे आगे वाहनों पर तिरंगा पताकाएं एवं महापुरूषों के स्वरूप आकर्षण का केन्द्र रहे। तिरंगा यात्रा रेल्वे स्टेशन से वर्णी चैराहा, तुवन चैराहा से घंटाघर चैक होते हुए सावरकर चैक पहुंची स्थान स्थान पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर हर्ष जताया, साथ ही मिष्ठान वितरित किया गया। समापन पर राष्ट्रीय गान हुआ जिसमें उपस्थित लोगों ने राष्ट्र को नमन किया।

## मोहिनी ग्रुप के जितेन्द्र कुमार हुए मुख्यमंत्री से सम्मानित

**ललितपुर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 विधान सभा के मुख्य कार्यक्रम संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत योजनांतर्गत संस्कृति से समृद्धि थीम पर बुंदेलखंड के लोकनृत्य/लोकसंगीत की सराहनीय प्रस्तुति के फलस्वरूप मोहिनी ग्रुप के जितेन्द्र कुमार को टीम सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तदोपरांत सभी कलाकारों मुख्यमंत्री के आवास पर भोजन भी कराया गया। इसके पहले भी जितेन्द्र कुमार मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश गौरव पुरुस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। इस दल द्वारा भारत के अनेक बड़े बड़े मंचों पर प्रस्तुतियां दी है। यह दल भारत के एक दर्जन से अधिक राज्यों में बुंदेली सांस्कृतिक प्रस्तुति दे चुका है। जी-20, राजधानी दिल्ली में राजभवन, इंडिया गेट राजपथ एवं अनेक बड़े बड़े राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समारोह का हिस्सा रह चुका है।

## जीजीआईसी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

ललितपुर। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कालेज में किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों से लोकगीत लोकनृत्य, की प्रस्तुति की गयी। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम निशान्त तिवारी, जीजीआईसी प्रधानाचार्या पूनम मलिक उपस्थित रहे। प्रतिभाग करने वाले कलाकारों द्वारा कला का उत्तम प्रदर्शन किया गया है जिनमे से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कलाकारों दीक्षा, राधा, प्राची, प्रिंसी, प्रज्ञा, नैन्सी आदि को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार वितरण में एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम निशान्त तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।

# स्वतंत्रता दिवस का दिन आजादी व लोकतंत्र की भावना को रखता है कायमः सितारा देवी

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर में आजादी के 78 वे स्वतंत्रता दिवस को बहुत ही हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में

- **पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस**

एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स, उन्नत भारत के वॉलिंटियर्स एवं महाविद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्राएं एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी, प्राचार्य डॉक्टर सूफिया द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। भारत सरकार द्वारा चलाया गया अभियान हर घर तिरंगा के अवसर पर संगोष्ठी, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान पर चर्चा, तथा हर घर तिरंगा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। छात्राओं के द्वारा आजादी एवं भारत की एकता और अखंडता को दशार्ते हुए सांस्कृतिक प्रोग्राम किए गए। महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी ने छात्राओं को बताया कि यह दिन आजादी व लोकतंत्र की भावना को कायम रखता है और प्रत्येक भारतीयों के दिल और दिमाग में देशभक्ति का उत्साह जगाता है। इस राष्ट्रीय पर्व को भारत के सभी धर्मों व जातियों के लोग पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं। यह दिन उन महान योद्धाओं और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर श्रद्धांजलि देने का भी है जिन्होंने भारत को स्वतंत्र राष्ट्र बनाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सूफिया ने अपने वक्तव्य में बताया कि जब हम स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाते हैं तो वास्तव में हम एक महान लोकतंत्र के नागरिक होने का उत्सव भी मनाते हैं। हममें से हर एक की अलग-अलग पहचान है। जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के अलावा हमारी कार्य-क्षेत्र से जुड़ी पहचान भी होती है। इस अवसर पर एनसीसी कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक असि०प्रो० प्रीति शुक्ला, असि० प्रो० साधना नागल, असि० प्रो० रंजना श्रीवास्तव, असि० प्रो० सुषमा पटेल, असि० प्रो० नेहा याज्ञिक, श्रीमती रजनी यादव, पूजा सिंह, राघवेंद्र सिंह, जगत झा, मुश्ताक खान, श्रीमती गेंदा, मालती राज, नेहा अहिरवार, मुजफ्फर अली सचिन पटेल, राम सहाय, विमला परमानंद तथा वर्षा उपस्थित रहीं।

## मेडिकल कॉलेज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**ललितपुर।** मेडिकल कॉलेज ललितपुर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। आज स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्ष गाँठ मनायी गयी। मेडिकल कालेज प्रांगण में प्रधानाचार्य डॉ द्विजेंद्र नाथ ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का संचालन डा वी0 डी0 पाण्डेय ने किया तथा चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षका डॉ मिनाक्षी सिंह उपस्थित रहीं। मेडिकल कॉलेज में ध्वजारोहण के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ द्विजेंद्र नाथ ने स्वतंत्रता दिवस पर सार गर्भित एवम अनुकरणीय उद्बोधन दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि मेडिकल कॉलेज चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करने में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है मैं चाहता हूँ कि मेडिकल कॉलेज प्रथम स्थान तक पहुचे और प्रथम स्थान पर बना रहे। मेडिकल कॉलेज में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम में अध्यनयनरत छात्र छात्राओं को भविष्य में परिश्रम से कौशल विकास करते हुए प्रशिक्षण ग्रहण कराया जायेगा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज तथा चिकित्सालय में काकोरी काण्ड के 100 वर्ष पुर्ण के उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेता चिकित्सा शिक्षकों, चिकित्सकों, लिपिकों, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारियों, स्वक्षकों को पुरस्कार दिया गया।

तदोपरांत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा मेडीकल कॉलेज ललितपुर रक्तकोष में रक्त दान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। रक्त दान शिविर में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारियों एवम जुनियर रेजिडेंट चिकित्सको ने रक्त दान किया।

चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में फल वितरित किया गया। इमरजेंसी मेडिसीन विभाग एवम ट्रामा सेन्टर में सदर विधायक राम रतन कुशवाहा, प्रधानाचार्य डा द्विजेंद्र नाथ ने एवम सी एम एस ने तथा सभी विभागाध्यक्षों ने अपने सम्बन्धित विभाग में मरीजों को फल वितरित किया।

इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के सभी विभागध्यक्ष, सभी संकाय सदस्य, सिनीयर एवम जूनियर रेसिडेंट डॉक्टर्स, नर्सिंग मातृकाएँ, नर्सिंग स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# एलयूसीसी चिटफण्ड कम्पनी के तीन सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

**ललितपुर।** जनपद की भोली भाली जनता को ज्यादा कमीशन देने का सपना दिखाकर भ्रमित करते हुये चिटफंड कम्पनी में निवेश कराकर उनका हजारों करोड़ रूपया लूटकर बड़े-बड़े महानगरों में आलीशान प्रोपर्टी खरीदकर आलीशान जिदंगी जीने वाले गिरोह के सदस्यों एवं मुखिया तक पहुंचने में जनपद की पुलिस को सफलता तो मिल रही है, लेकिन मुख्य आरोपी रवि तिवारी अभी भी पुलिस हजार के इनामिया हैं। पकडे. गये आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के उपरांत जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्यवाही करते हुये पकड़े गये तीनों आरोपियों के बैंकिंग खातों को फ्रीज करा दिया है, और उनकी कुल 49 लाख 463 रुपए की धनराशि फ्रीज करायी गयी है, अन्य बैंक खातों में जमा धनराशि को फ्रीज कराने की प्रकिया प्रचलित है। वहीं लगभग 51 करोड से ज्यादा रुपए की

- **जनपद से 18 हजार लोगों को जोड़कर खा गये पांच सौ करोड़ से अधिक रूपया, देष भर में फैला रखा था नेटवर्क**
- **ज्यादा कमीशन का लालच देकर एलयूसीसी चिटफंड कम्पनी में लगवाया था हजारों करोड़ रूपया**
- **जनता से धोखाधड़ी कर अरबों रूपया बंदरबांट करते हुए लगा दिया था जमीनों, प्रोपर्टी एवं लग्जरी कारों सहित आलीषान जीवन जीने में**
- **अभी तक आठ ठगों की हो चुकी है गिरफ्तारी, मुख्य आरोपी रवि तिवारी पुलिस की पकड़ से बाहर**



की गिरफ्त से बहुत दूर है। जनपद पुलिस ने शुक्रवार को एलयूसीसी चिटफण्ड कम्पनी में लोगों को सपने दिखाकर अधिक से अधिक निवेश कराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह तीनों आरोपी भी 25-25 जमीन, प्लाट, गाडियों की पहचान की गयी है और इनके सीजर की प्रकिया की विधिक कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गये इन आरोपियों में द्वारिकाप्रसाद झाँ, सुरेन्द्र पालसिंह, महेश प्रसाद रजक शामिल हैं। इससे पूर्व तीन नीरज जैन, आरोपी आलोक जैन, जगत सिंह एवं राहुल तिवारी एवं रामनरेश साहू पहले ही पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं।

पकड़े गये उक्त तीनों ठगों ने पुलिस को बताया कि वह सभी बेरोजगार थे, और रोजगार की आवश्यकता थी, इसी बीच हम लोग समीर अग्रवाल, आलोक जैन एवं रवि तिवारी आदि के सम्पर्क मे आये थे जिन्होने वर्ष 2016 में एलयूसीसी नामक चिटफण्ड कम्पनी बनायी थी जिसमें हम लोग भी एजेन्ट के रूप में जुड़ गये थे। इस कम्पनी के ऑफिस कई राज्यो सहित उ0प्र0 के कई जिलो में बनाये गये थे। हम लोगो ने बुकलेट, पम्पलेट के माध्यम से कूटरचित दस्तावेज तैयार करके, लोगो को लालच भरी स्कीमे बताकर अधिक से अधिक संख्या में जोडना शुरू किया। हम लोगो को बताते हैं कि आप साधारण सीपी बनकर हजारो रुपए का निवेश करने पर लाखो रुपए का लाभ तथा इसी क्रम में चैम्पियन क्लब में शामिल होने पर करोड़ो रुपए का लाभ कमा सकते हैं। इसी प्रकार साधारण सीपी में जहां आल्टो कार तो चैम्पियन क्लब में मसर्डीज जैसी गाडियां प्राप्त कर सकते हैं। आमजनमानस को इस सोसाइटी मे रुपए निवेश करने पर मोटा रुपए मिलने का झूठा आश्वासन देकर करोड़ो रुपयों का निवेश कराना आरम्भ कर दिया। हम लोग ऐसे लोगो को टारगेट करते थे जिन्हे डूब क्षेत्र से मुआवजा का रूपया मिला हो। इस प्रकार हम लोग जनता के लोगों के साथ धोखाधड़ी करके करोड़ो रुपया का लाभ अर्जित करते हैं जिसे हम आपस में बांट करके अपने शौक व जरूरतें पूरी करते है ।

अभियुक्त सुरेन्द्र ने बताया कि वह मास्टर आफ ट्रैनर के रूप में इस कम्पनी में कार्य करता है, वह कम्पनी के एजेन्टों को ट्रैनिंग था एवं एजेन्टों को व निवेश करने वाले ग्राहकों को इस कम्पनी की लुभावनी स्कीम के बारे में बढा चढाकर कर करोड़ों रूपयों का निवेश कराया और वह रूपया आपस में बंदरबांट हो जाता था, जिसको हम सभी ने देश के विभिन्न राज्यों में जमीनें खरीदने, लग्जरी कारों और व्यापार में लगा दिया था।

## शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित



**महोबा।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने झंडा फहराने के बाद शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से मोर्चा लेते समय शहीद हुए मलकपुरा महोबा के राकेश चौरसिया के माता-पिता एवं कारगिल युद्ध में शहीद हुए ग्राम गंज जनपद महोबा के जगदीश यादव की माता जी एवं उनके भाई को अंगवस्त्र, श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्या सरगम खरे ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश की आजादी के लिए कुर्बान होने वाले क्रांतिकारियो के बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। हम सभी को उन महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। यही उनके लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राएं, अतिथिगण, शिक्षिकाएं तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसपी रजत पदक से सम्मानित



**महोबा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक द्वारा जनपद महोबा के थाना पनवाड़ी क्षेत्रांतर्गत माह जनवरी 2024 में सरार्फा व्यावसायी के साथ हुई लूट काण्ड की घटना के सफल अनावरण किए जाने पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता को रजत पदक से सम्मानित किया गया एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा किये जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गई।

# आयुक्त व डीएम ने किया ध्वजारोहण, दी सलामी

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा।** स्वतंत्रता दिवस पर आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी तथा राष्ट्रगान हुआ। इसके पश्चात उन्होने आयुक्त कार्यालय में नवनिर्मित सत्यमेव जयते, अशोक स्तंभ का लोकार्पण किया। 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उन्होने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं लोगों को बधाई देते हुए कहा कि भारत को अंग्रेजों से मुक्त कराकर आजादी दिलाने में अनेकों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, क्रांतिकारियों एवं अमरवीर शहीदों ने अपना बलिदान व त्याग कर आजादी दिलाई। आजादी के प्रति उनकी शोंच को क्रियान्वित करने का सभी का दायित्व है। उन्होने कहा कि भारत का संविधान सबसे बड़ा है, हमें संविधान में दिए गये कर्तव्य एवं दायित्वों के प्रति समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। उन्होने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यों को पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ संपादित करें तथा जन समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करें। डीएम नगेन्द्र प्रताप ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ। उन्होने कलेक्ट्रेट मे प्रमुख सचिव विधानपरिषद राजेश कुमार सिंह व पद्मश्री उमाशंकर पांडेय के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीद सेनानियों के परिजनों गोपीनाथ, प्रिया द्विवेदी, योगेश भरद्वाज, मयंक, विमल सक्सेना आदि को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होने जिला अस्पताल में मरीजों को फल एवं मिष्ठान वितरित किया तथा गरीबो को शिविर में निःशुल्क चश्मा वितरण करने के साथ ही रक्तदानियों को प्रमाणपत्र दिए। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों व गण्यमान लोगों को जिलाधिकारी, प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश विधानपरिषद राजेश कुमार सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम में आयुक्त कार्यालय व डीएम कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारी तथा गण्यमान लोग मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम हुई सतर्क



**ललितपुर।** त्यौहारी सीजन में जनपदवासियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने एवं मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम लगातार छापामार कार्रवाईयों को अंजाम दे रही है। जिलाधिकारी के निर्देशन में चलाये जा रहे इस अभियान में अभिहित

- **नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों से भरे गये दूध, लड्डू, घी एवं बेसन के नमूने**
- **नझाई बाजार में बिक रहा था अधोमानक बेसन, 13 बोरी बेसन किया गया सीज**

अधिकारी विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में विभागीय टीमों ने नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छापामार अभियान चलाया। इस दौरान कुछ दुकानदार से चुपके से निकल लिये और कुछ टीम के हत्थे चढ़ गये। जानकारी देते हुये अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार श्रीवास, नागेंद्र पटेल, आर के निरंजन के साथ उन्होंने छापामार अभियान चलाया। जिसमें टीम द्वारा नगर क्षेत्र में आर्यन होटल के पास से भूपत यादव दूध विक्रेता से दूध का नमूना भरा, इसी प्रकार भरवाड़ी निवासी यादवेंद्र दूध विक्रेता से दूध का नमूना लिया गया। कस्बा जखौरा स्थित प्रताप रैकवार और संजय कुमार जैन से क्रमश बेसन के लड्डू के नमूने लिये गये। साहू डेयरी सुपर मार्केट ललितपुर से घी का नमूना लिया गया। टीम ने नगर क्षेत्र में शांति ट्रेडर्स नझाई बाजार से 56 भोग ब्रांड बेसन का नमूना संग्रहित किया गया और 13 बोरी लगभग 388 किलोग्राम बेसन को सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बेसन की बोरी पर पैकिंग नियमों का पालन नहीं किया गया था, जिस कारण बेसन की बोरी की बिक्री पर रोक लगा दी गई, जांच रिपोर्ट आने पर उक्त सभी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में मेधावी छात्र सम्मानित

बांदा। शहर के अतर्रा रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, जिला विद्यालय निरीक्षक विजय पाल सिंह, उपभोक्ता फोरम की जज गीतांजलि भारती रहीं। उन्होने हाई स्कूल के 7 व इंटरमीडिएट के 7 छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान किए। अपराध निरोधक समिति के मंत्री वी पी पांडेय ने बताया कि यह कार्यक्रम जिलाधिकारी के निर्देश पर आयोजित किया जाता है तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर उन्हे निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी जाती है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के विद्या सागर द्विवेदी एडवोकेट, विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी जगदीश प्रसाद तिवारी, सचिव महेशचंद्र गोखले आदि ने संबोधित कर छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रतिभा प्रदर्शित करने को प्रेरित किया।

## अध्यक्ष नगर पालिका व ईओ ने फहराया तिरंगा



**बांदा।** नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू एवं अधिशाषी अधिकारी नीलम चैधरी ने तिरंगा फहराया। इसके पश्चात परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। नगर पालिका कार्यालय सभागार में स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं दीं। अधिशाषी अधिकारी नीलम चैधरी ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सभासदों को पावन पर्व पर शुभकामनाएं दीं। स्वच्छता गोष्ठी को अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित गुप्ता बासू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन अभिषेक खरे, कर अधीक्षक तेज बहादुर यादव ने शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा नये भारत को विकसित एवं स्वच्छ तथा सुंदर बनाने की अपील की। इसके पश्चात अधिकारियों, कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित कर स्वतंत्रता का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में शहर के वार्ड सभासद, सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसाद, रामजस आर आई, हेड क्लर्क केदारनाथ, सुशांत शुक्ला निर्माण लिपिक एवं बड़ी संख्या में कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी तथा गण्यमान लोग मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्य तिथि, भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



**बांदा।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्य तिथि पर भाजपाईयों ने जिला पंचायत कार्यालय परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा में दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, अखिलेश त्रिपाठी जीतू, अखिलेश श्रीवास्तव व बालमुकुंद शुक्ला ने अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विकसित भारत का आशीर्वाद मांगा। जलशक्ति राज्य मंत्री ने कहा कि जन नेता सुशासन के आदर्श प्रतिमान, सभी के प्रेरणास्त्रोत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्य तिथि पर उन्हे ह्रदय से नमन करते हैं। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि श्री बाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र व जन कल्याण को समर्पित रहा। राजनीतिक सुचिता के प्रतिमान, आदर्श व्यक्तित्व व प्रेरक कविताएं सदैव हमारी प्रेरणा हैं। भारतीय राजनीति के अजातशत्रु कोटिशः भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुंज अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्य तिथि पर सत सत नमन करता हूं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह ने कहा कि बाजपेयी जी ने भारतीय राजनीति में सेवा तथा सुशासन की मजबूत आधारशिला रखने के साथ पोखरण परमाणु परीक्षण के जरिए संपूर्ण विश्व को भारत के विराट सामर्थ्य का परिचय दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनका अनन्य समर्पण, गरीब कल्याण के सतत प्रयास व अद्वितीय संगठन कौशल सदैव हमारी प्रेरणा है। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी जीतू, अखिलेश श्रीवास्तव ने उनकी कविता ह्यमै जी भर जिया, मै मन से मरूं, लौटकर आऊँगा, कूच से क्यों डरूं ? को याद करते हुए महान कवि, भारत को सफल नेतृत्व देने वाले प्रधानमंत्रियों में बाजपेयी जी को अग्रगण्य बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला ने कहा कि सक्षम और सशक्त भारत के निर्माण में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। इस अवसर पर कई ब्लाक प्रमुख, नगर पालिका चेयरमैन मालती बासू, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, ममता मिश्रा, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, वंदना गुप्ता, राजनारायण द्विवेदी, मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, उत्तम सक्सेना, अजीत प्रकाश गप्ता, राकेश बाजपेयी आदि मौजूद रहे।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से हड़कम्प मच गया। रात करीब सवा दो बजे परिजन व्यक्ति को मरणासन्न स्थिति में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मोहल्ला रामनगर में रहने वाले 45 वर्षीय राजेश राठौर रात में सोने के लिए अपने कमरे में चला गया। रात में उसके परिजनों ने देखा कि राजेश फांसी के फंदे पर लटका हुआ है।

आनन-फानन में राजेश को फांसी के फंदे से उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के दौरान राजेश को मृत घोषित कर दिया।

## अचानक बढ़े जल स्तर से फंसे छह लोगों को सुरक्षित निकाला

**ललितपुर।** गुरूवार की सुबह हुई बारिश के कारण सजनाम बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ा गया था। पानी छोड़े जाने से अचानक बढ़े जल स्तर के कारण थाना महरौनी अंतर्गत ग्राम खजुरिया में छह लोग फंस गये थे।

बांध का पानी छोड़े जाने से बढ़े जल स्तर के बीच छह लोगों के फंस जाने की सूचना मिलने पर चैकी इंचार्ज खितवांस साबिर अली ने तत्काल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर फंसे लोगों से संपर्क करने का प्रया किया। तदोपरान्त तहसीलदार घनेन्द्र तिवारी ने भी मौके पर पहुंच कर बांध का पानी छोड़े जाने से रूकवाया और सभी छह लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

**क्षेत्रीय कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., चित्रकूटधाम, मण्डल बाँदा**

पत्रांकःपी.सी.एफ./क्षे.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2024-25 दिनांकः-16.08.2024

**हैण्डलिंग कार्य हेतु अल्पकालीन ई-टेण्डर-नोटिस**

पी.सी.एफ. में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले धान के **हैण्डलिंग कार्य** हेतु चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के बांदा के चित्रकूट के अनुमोदित धान क्रय केन्द्रों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी क्षेत्रीय प्रबन्धक पी.सी.एफ. चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-**8765985022** पर की जा सकती है।

**क्षेत्रीय प्रबन्धक**
**पी.सी.एफ.**
**चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा**

# ओलंपिक में प्रदर्शन ?

भारत के निराशाजनक प्रदर्शन और विनेश फोगाट के साथ ही पूरे देश को परेशान करने वाली हुई ट्रेजडी के साथ पेरिस ओलंपिक का सफर पूरा हो गया। कुछ उपलब्धियां रहीं, कुछ 'पहली बार' के रिकॉर्ड बने, हॉकी ने कमाल किया, लेकिन कुल मिला कर सफर 'निराशाजनक' रहा। एक बार फिर भारत शीर्ष 70 देशों की सूची में नहीं है। भारत एक रजत पदक और 5 कांस्य पदकों के साथ 71वें स्थान पर रहा, जबकि टोक्यो ओलंपिक में हमारा स्थान 48वां था। 1996 के अटलांटा और 2000 के सिडनी ओलंपिक खेलों में भी भारत मात्र 1-1 कांस्य पदक के साथ 71वें स्थान पर था। यह 1992 के बाद पहला मौका है, जब भारत पाकिस्तान (62वां स्थान) से पीछे रहा है। उस साल भारत खाली झोली लौटा था, जबकि पाकिस्तान एक कांस्य पदक हासिल करने में कामयाब रहा था। विश्व जनसंख्या में भारत की 18 फीसदी हिस्सेदारी है, लेकिन ओलंपिक में हमारा प्रदर्शन बेहद कमजोर है। पदकों का आंकड़ा निराशाजनक ही नहीं, राष्ट्रीय अपमान भी है। ओलंपिक पदक का सीधा संबंध आबादी से नहीं है, क्योंकि एक लाख जनसंख्या वाले देश ने भी स्वर्ण पदक जीता है और 144 करोड़ की सर्वाधिक आबादी वाले भारत को एक-एक पदक के लिए तरसना पड़ता है। पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन 16 खेलों में ही अपना हुनर दिखा पाए। उसमें भी मुट्ठी भर सूरमाओं को छोड़ कर शेष भागीदारी करने से अधिक कुछ खास नहीं कर पाये। चूंकि उन खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, लिहाजा हम उनकी प्रशंसा में तालियां बजाएं, हम ऐसा नहीं कर सकते। इन खिलाड़ियों



पर सरकारी कोष से 470 करोड़ रुपये खर्च किए गये। यह करदाता का ही पैसा था। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिलाया गया, विदेशी कोच रखे गए, विदेश में खेलने के अवसर दिए गए और देश में सुविधाएं मुहैया कराई गईं। इतना सब कुछ महज प्रतिनिधित्व के लिए नहीं किया गया। दिक्कत यह है कि हमारे अधिकतर खिलाड़ी चैम्पियन की मानसिकता से ही नहीं खेले, लिहाजा 6 मुकाबलों में 8 खिलाड़ी चौथे स्थान पर रहे। हमारे खिलाड़ियों को चौथे स्थान से इतना लगाव क्यों है, यह समझ से परे है। मीराबाई चानू (भारोत्तोलन), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), अर्जुन बाबुता (शूटिंग), मनु भाकर (शूटिंग), धीरज बोम्मदेवरा-अंकिता भक्त (तीरंदाजी), माहेश्वरी चौहान-अनंतजीत सिंह (स्कीट मिश्रित) आदि खिलाड़ी ऐसे ही हैं, जो जीत की दहलीज से वापस मुड़े हैं। लक्ष्य ने कांस्य पदक मुकाबले में पहला सैट जीत लिया था, लेकिन उसके बाद उन्होंने खेल में आत्मसमर्पण ही कर दिया। मीराबाई मात्र एक किलोग्राम से पिछड़ गईं, जबकि वह टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता रही हैं। स्कीट जोड़ी भी चीन से मात्र एक अंक पिछड़ी मनु भाकर ने तो 10 मीटर पिस्टल में दो कांस्य पदक जीत कर इतिहास रचा है। लेकिन 25 मीटर पिस्टल में, आखिरी पलों में, निशाना चूक गईं। यह कुछ हद तक क्षम्य है। बैडमिंटन में तो भारत को खाली हाथ लौटना पड़ा है। सात्विक-चिराग की विश्व विख्यात जोड़ी क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ी। उनसे स्वर्ण पदक की अपेक्षा थी। भारत ने कुछ छह पदक जीता लेकिन स्वर्ण पदक नहीं, लिहाजा पेरिस ओलंपिक के दौरान एक बार भी भारत के राष्ट्रगान की धुन नहीं बजी। सिर्फ स्वर्ण पदक जीतने पर ही राष्ट्रगान की धुन बजाई जाती है। पेरिस ओलंपिक खेलों का पटाक्षेप हो चुका है, लिहाजा भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल मंत्रालय और अन्य सभी हित धारकों को व्यापक विमर्श करना चाहिए कि लगातार प्रयासों के बावजूद भारत खेलों में पिछड़ा क्यों है ? ताकि 2028 को लेकर देशवासी अपने खिलाड़ियों से कुछ उम्मीदें पाल सकें।

## विचार

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

–हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

# लालकिले से बेझिझक, बेबाक बोले मोदी



वीना गौतम

आजादी के 78 वें सुप्रभात पर लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेझिझक, बेबाक 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य तय कर दिया है। लगातार 11वीं बार लाल किले पर तिरंगा फहराते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश की आम जनता में भारत को विकसित देशों की कतार में देखने की जबर्दस्त आकांक्षा है, इसका सबूत उन्होंने देशवासियों से मिले उन 10 महान सुझावों को दिया, जो उनके मुताबिक उन्हें देशवासियों की तरफ से मिले हैं। अपने 103 मिनट के लंबे भाषण में प्रधानमंत्री ने वर्तमान में देश के लगभग सभी मुद्दों के महत्वपूर्ण बिन्दुओं की चर्चा की, इन पर अपनी राय प्रकट की और देशवासियों को बढ़-चढ़कर भारत के नव-निर्माण में भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए कहा, आजादी के दीवानों ने आज हमें स्वतंत्रता के माहौल में सांस लेने का सौभाग्य दिया है, ये देश उन महापुरुषों का सदैव ऋणी रहेगा।

अठत्तरवें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री को राष्ट्र संबोधन से पहले स्वदेशी 105 एमएम लाइट फील्ड गन से 21 तोपों की सलामी दी गई। इस साल के स्वतंत्रता दिवस की यह भी एक विशिष्ट उपलब्धि रही, साथ ही इस बार का यह समारोह इस मायने में भी विशेष रहा कि इसमें 6000 से ज्यादा विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इस वर्ष विशेष तौर पर अटल इनोवेशन मिशन जैसी पहलों से जुड़े कार्यकर्ता, मेरा युवा भारत के वॉलंटियर्स, आदिवासी समुदाय के लोग और देश के विभिन्न हिस्सों से आये किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी इस समारोह में शामिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद सबसे ज्यादा बार लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करने का गौरव पाने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण को यूं तो हर दिशा में ले गए मगर मुख्यतः उन्होंने खुद को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य और संकल्प पर ही फोकस किया। देश को विकसित देशों की कतार में देखने के लिए आम देशवासियों से मिले सुझावों को उन्होंने इस मंच से पूरे देश के साथ साझा किया।

> पीम ने कहाकि हम रक्षा क्षेत्र की कई चीजों के निर्माण के मामले में मैन्यूफैक्चरिंग हब बन चुके हैं। आज हम कई प्रकार के हथियार एक्सपोर्ट कर रहे हैं। इसी तरह कृषि और बैंकिग क्षेत्र पर उन्होंने कहा, हमने बैंकिंग क्षेत्र में रिफॉर्म किया है, जिसके कारण आज दुनिया की मजबूत बैंकों के बीच हमारी बैंकों ने अपनी जगह बनायी है। बैंकिंग सेक्टर मजबूत हो तो विकास होता है।



इनके मुताबिक बड़ी संख्या में देशवासी चाहते हैं कि 2047 में हम जब आजादी का 100वां जश्न मनाएं तब भारत दुनिया की एक स्किल सुपर पावर हो। देश कुशल कामगारों की महाशक्ति हो। जबकि इसी क्रम में बहुत सारे लोग चाहते हैं कि अगले 23 सालों में हम दुनिया का मैन्यूफैक्चरिंग हब बन कर उभरें। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर बताया कि बड़े पैमाने पर लोग यह भी चाहते कि भारत ग्लोबल एजूकेशन का हब बने तो बहुत से लोगों ने यह भी सुझाव दिया है कि भारत को अगले 23 सालों में मीडिया का ग्लोबल हब बनाना चाहिए। अगले ढाई दशकों में कई विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों के निर्माण का लक्ष्य भारत सरकार का भी है और देश के आम लोगों ने भी इसका सुझाव दिया है ताकि दुनिया में एक बार फिर से शिक्षा की नालंदा परंपरा विकसित की जा सके। इस सम्बंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा विश्विद्यालय को फिर से उसके गौरव और गरिमा के साथ शुरू किया जा चुका है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने यह भी कहा की साल 2047 तक दुनिया की हर डाइनिंग टेबल तक भारत का श्रीअन्न (मोटा अनाज) पहुंचाना है और इससे देश के किसानों को मजबूत बनाना। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की पीठ भी खुद थपथपाई। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने गवर्नेंस के मॉडल को बदला है, जबकि उनकी सरकार के पहले देशवासियों को माई-बाप कल्चर से गुजरना पड़ता था। पीएम मोदी के मुताबिक आज सरकार खुद जनता की जरूरतें पूरी करने के लिए उसके दरवाजे तक जा रही है। आज के अपने भाषण पर उन्होंने यह भी कहा कि देश में 75 सालों से कम्युनल सिविल कोड है, वक्त आ गया है कि देश को अब सेक्युलर सिविल कोड मुहैय्या कराया जाये। देश की मेडिकल एजूकेशन पर बोलते हुए पीएम ने कहा कि देश के बच्चों को जाने कैसे-कैसे देशों में मेडिकल की पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है। इसलिए अगले पांच सालों में उनकी सरकार देश में 75 हजार नई मेडिकल सीटें बढ़ायेगी।

> प्रधानमंत्री ने देश को दिखाया विकसित भारत का सपना

आज के अपने राष्ट्र सम्बोधन में पीएम मोदी ने कोलकाता रेप-मर्डर जैसी तात्कालिक घटना को भी छुआ और कहा कि ऐसे राक्षसों को फांसी पर लटकाया जाए। हालांकि अपने संबोधन में पीएम मोदी ने मणिपुर जैसे कुछ मुद्दों से दूरी भी बनाये रखी, मगर ऐसे एक दो मुद्दों को छोड़कर उन्होंने लगभग हर मुद्दे को छुआ। मगर अपने भाषण का कोर विकसित भारत को ही बनाये रखा। भाषण के दौरान वह बार बार इसी की ओर लौटते रहे। उन्होंने कहा- 2047 का विकसित भारत हमारी प्रतीक्षा कर रहा है। देशवासी इसके लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए उन्होंने अपने लक्ष्य का भी खुलासा किया। पीएम ने कहा विकसित भारत के लिए मैं अपने तीसरे टर्म में तीन गुना काम करूंगा ताकि देश के सपनों को पूरा कर सकूं। उन्होंने इस लक्ष्य के परत दर परत खुलासे पर जोर दिया। उन्होंने कहा अब दुनिया के लिए भारत को 'डिजाइनिंग इंडिया' पर भी बल देना है। उनके मुताबिक अब इंडियन स्टैंडर्ड, इंटरनेशनल स्टैंडर्ड बनना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि डिजाइन के क्षेत्र में हम दुनिया को बहुत कुछ दे सकते हैं। नई शिक्षा नीति पर भी पीएम खूब बोले। उनके मुताबिक एजुकेशन सिस्टम में नई शिक्षा नीति आने से मातृभाषा को बल मिला है। हमेशा की तरह आज भी उन्होंने यह बात जोर देकर कही कि भाषा टैलेंट के रास्ते नहीं आनी चाहिए। देश की न्यायिक व्यवस्था पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने 1500 से ज्यादा गैर जरूरी कानूनों को खत्म कर दिया। हमने दंड नहीं न्याय पर फोकस रखा है।

रक्षा क्षेत्र पर बोलते हुए पीएम ने कहा कि लंबे समय तक हमारे रक्षा बजट का बड़ा हिस्सा विदेशों से हथियार खरीदारी पर खर्च हो जाता था, लेकिन आज ऐसा नहीं है आज हम रक्षा क्षेत्र की कई जरूरतों के मामले में आत्मनिर्भर बन चुके हैं। आज हम रक्षा क्षेत्र की कई चीजों के निर्माण के मामले में मैनयूफैक्चरिंग हब बन चुके हैं। आज हम कई प्रकार के हथियार एक्सपोर्ट कर रहे हैं। इसी तरह कृषि और बैंकिग क्षेत्र पर उन्होंने कहा, हमने बैंकिंग क्षेत्र में रिफॉर्म किया है, जिसके कारण आज दुनिया की मजबूत बैकों के बीच हमारी बैंकों ने अपनी जगह बनायी है। बैंकिंग सेक्टर मजबूत हो तो विकास होता है। पीएम ने रिफार्म को लेकर यही दावा कृषि क्षेत्र के लिए भी किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हम किसानों की मदद कर रहे हैं, आसान लोन दे रहे हैं, उसे टेक्नोलॉजी दे रहे हैं। कृषि को एंड टु एंड होल्डिंग मिले उस दिशा में काम रहे हैं। इससे आज देश के दुनिया के लिए ऑर्गेनिक फूड का बॉस्केट बनने की भरपूर संभावनाएं बन गयी हैं। इस तरह पी एम मोदी ने अपने लंबे भाषण में देश को अगले 23 सालों में विकसित देश बनाने का विस्तृत खाका पेश किया।

## सोशल मीडिया



भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी ने आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखी, आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन। –सीएम योगी.

# साधना का कठिन मार्ग

## अंतर्दृष्टि

बुरी संगत हमेशा नुकसान का कारण बनती है। अपने प्रभाव में आने वाले हर हर इंसान को यह प्रभावित जरूर करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वेष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

# कथा सम्राट से नयी पीढ़ी को कैसे जोड़ें

**सवाल है नई पीढ़ी को उनसे कैसे जोड़ा जाए ? इसका तरीका यही है कि प्रेमचंद पाठ्यक्रमों में खूब पढ़ाये जाएं, उनके कहानियों और उपन्यासों को आज के जमाने की परिस्थितियों से जोड़ा जाए ओर बताया जाए कि कैसे एक जमाने में ये परिस्थितियां मुख्य थीं। प्रेमचंद के साहित्य को लेकर हर साल सघन आयोजन हों, तभी प्रेमचंद को हम आज की नई पीढ़ी के बीच वास्तविक रूप से भी उतना ही लोकप्रिय पाएंगे, जितना कि उन्हें रस्मी तौर पर माना जाता है।**



लोकमित्र ● लोकमित्र

शैक्षिक पाठ्यक्रमों और आलोचनात्मक लेखन के केंद्र में होने के कारण हिंदी के कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद अकसर चर्चा का विषय तो बने रहते हैं। मगर सवाल है क्या नई पीढ़ी अपने इस कथाशिल्पी को उतनी ही अतंरगता से समझती है, जितनी अतंरगता से वे लेखकों और आलोचकों के बीच चर्चा का विषय होते हैं? दरअसल हिंदी के महान कथाकार प्रेमचंद का जन्म आजादी के करीब 7 दशक पहले 31 जुलाई 1880 को वाराणसी के निकट लमही गांव में हुआ था और उनका निधन आजादी मिलने के 11 साल पहले 8 अक्टूबर 1936 को वाराणसी में हुआ था। इस तरह देखा जाए तो प्रेमचंद का अधिकांश लेखन 20वीं शताब्दी की शुरूआत से शुरू होकर अगले तीन दशकों तक फैला है, जो आज करीब एक शताब्दी पुराना हो चुका है।

हालांकि किसी बड़े लेखक की पहचान ही यही होती है कि उसका लेखन, उसके बाद भी कितने समय तक प्रासंगिक बना रहता है। लेकिन दुनिया के हर लेखन में अपने समय की अनिवार्य मौजूदगी भी होती है, जो करीब 100 सालों के बाद पूरी तरह से बदल जाता है। इस तरह देखा जाए तो प्रेमचंद ने अपनी जिन रचनाओं को 20वीं शताब्दी के दूसरे और तीसरे दशकों की उठापटक भरी परिस्थितियों में किया था, वो परिस्थितियां आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। उस समय के ज्वलंत सामाजिक मुद्दे भी आज दूर दूर तक गायब हैं और आज की समस्याओं की उन दिनों कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। इस तरह देखा जाए तो आजादी के पांच छह दशकों बाद पैदा हुई पीढ़ी ने जिन सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों के बीच आंखें खोली हैं, वो परिस्थितियां प्रेमचंद के लेखन के समय में दूर दूर तक कहीं नहीं थीं।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या देश की नई पीढ़ी अपने कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद से बखूबी परिचित भी है या वह उन्हें पाठ्यक्रमों का लेखक मानकर ही, लेखकों और आलोचकों द्वारा दिन रात की जा रही उनकी चर्चा को पचाती है ? इसमें कोई दो राय नहीं है कि किसी भी भाषा के महान लेखक हमेशा जिंदा नहीं रहते और वह कभी भी पैदा हों, एक वक्त के बाद उनका वक्त आउटडेटेड हो ही जाता है। इसके बावजूद हर समाज में कुछ महान लेखक होते हैं, जो उस समाज को पीढ़ी दर पीढ़ी प्रभावित करते हैं, जिस कारण महान लेखक किसी देश, समाज की हर पीढ़ी के लेखक होते हैं। सवाल है क्या अपने कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद के साथ भी ये स्थितियां हैं ? इसमें कोई दो राय नहीं है कि लेखकों के बीच और साहित्य में रूचि रखने वाले साहित्य प्रेमियों की बीच तो हमारे कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद आज भी पूरी तरह से प्रासंगिक हैं। इसलिए वह लोकप्रियता की सबसे ऊंची सीढ़ी पर विराजमान हैं। लेकिन आम नौजवान जो सीधे सीधे साहित्य से नहीं जुड़ा है, फिर भी पढ़ने का शौक रखता है, उसके लिए काफी हद तक प्रेमचंद आउटडेटिड हो चुके हैं। नई पीढ़ी जो सोशल मीडिया के कारण साहित्य की तरफ आयी है और इंटरनेट के माध्यम से ही ज्यादातर पढ़ना चाहती है, ऐसी पीढ़ी के लिए प्रेमचंद वही महत्व नहीं रखते, जो महत्व उनके लिए नई पीढ़ी के लेखक रखते हैं। क्योंकि यह पीढ़ी प्रेमचंद के लेखन में ज्यादातर ऐसी बातों से दोचार होती है, जिसका उसके व्यवहारिक जीवन में कोई अनुभव नहीं है। हाल के दशकों में अंग्रेजी माध्यमों से पढ़कर नौजवान हुई पीढ़ी तथा सोशल मीडिया के कारण लिखने, पढ़ने के ग्लोबल एक्सपोजर हासिल करने वाली युवा पीढ़ी भी प्रेमचंद को उतना एक्स्ट्रा ऑर्डनरी नहीं समझती, जितना की उन्हें बताया जाता है। क्योंकि प्रेमचंद का लेखन उनके लिए ऐसे समाज के लिए किया गया लेखन है, जिस समाज से वो परिचित नहीं हैं। इससे भी बड़ी बात यह कि यह नई पीढ़ी प्रेमचंद के लेखन से अपने आपको भावनात्मक रूप से नहीं जोड पाती। नई पीढ़ी ने मुंशी प्रेमचंद की अनेक कहानियां और उपन्यास पाठ्यक्रमों में तो पढ़े हैं और अध्यापकों तथा साहित्यकारों से उनके बारे में सुना है। लेकिन वे उनके साहित्य से उस तरह से जुड़ नहीं पाते, जैसा जुड़ाव आजादी के पहले या आजादी के आसपास के दशकों की पीढ़ियां महसूस करती थीं। इसकी वजह यह है कि उन दिनों की परिस्थितियां, उन दिनों के साहित्यिक व राजनीतिक मुद्दे प्रेमचंद के साहित्य से सीधे सीधे जुड़े थे, इसलिए पाठक उनकी रचनाभूमि से भावनात्मक रूप से जुड़ पाते थे। लेकिन आज की जीवनशैली, तकनीकी विकास और रहन-सहन से लेकर काम धंधे तक में जो व्यापक परिवर्तन आया है, प्रेमचंद का साहित्य उस व्यापक परिवर्तन को व्यवहारिक तौर पर नहीं पकड़ता। हालांकि संवेदना में उनका साहित्य, आज की परेशान करने वाली परिस्थितियों से कहीं ज्यादा जुड़ा हुआ है। लेकिन भौतिक रूप से पांच दशक पहले और वर्तमान में जमीन आसमान का फर्क हो जाने के कारण आज की युवा पीढ़ी के लिए होरी, धनिया, गांव के खेती व खेतिहर समाज की परिस्थितियां तथा किसानों की स्थितियां और समाज के तानेबाने में जमीन आसमान का फर्क हो गया है। इसलिए नई पीढ़ी के लिए प्रेमचंद के 90 फीसदी से ज्यादा साहित्य को आज के सवालों से सीधे सीधे जोड़ पाना मुश्किल हो रहा है। मगर अपने सबसे बड़े कथाकार को नई पीढ़ियों को समझना ही चाहिए। सवाल है उसके लिए क्या अनुकूल परिस्थितियां हों ? जिनके चलते नई पीढ़ी कथाशिल्पी प्रेमचंद को उसी संवेदना और वेग के साथ समझ सकें। जैसा उन्हें उनके लेखन के दौरान या उसके बाद के कई दशकों तक समझा गया है। वास्तव में प्रेमचंद जिस भारत में अपना रचना कर्म कर रहे थे, वह एक पराधीन और खेती पर निर्भर भारत था, जिसमें सामाजिक और आर्थिक गति बहुत धीमी थी। लेकिन आज वह स्थिति नहीं है। आज के भारत में भले दुनिया के सबसे ज्यादा गरीब और बेरोजगार लोग मौजूद हैं, लेकिन आज भारत विश्व अर्थव्यवस्था की एक मजबूत कड़ी है। आज का भारत इतना बड़ा और ताकतवर बाजार है कि पूरी दुनिया उसकी तरफ ललचायी नजरों से देख रही है। आज का भारत दुनिया के नक्शे में अपनी राजनीतिक और कूटनीतिक दोनों ही आवाजों का वजन रखता है। जाहिर है ऐसे भारत के मुद्दे आज के 50-60 साल पहले के मुकाबले बिल्कुल भिन्न है। आज के भारत की जद्दोजहद पहले से भिन्न है, इसलिए 80 के दशक के चाहे तो फैशन डिजाइनर हों, चाहे म्यूजिशियन हों यहां तक कि चाहे वास्तुकार ही क्यों न हों, वे आज के अपने ही क्षेत्र के प्रोफेशनलों से पिछड़ गये हैं। इन सब स्थितियों में प्रेमचंद के साहित्य का महज एक मामूली हिस्सा जो यूनिवर्सल परिस्थितियों से जुड़ता है, वही सीधे सीधे उनकी रचनाओं का प्रतिनिधित्व करता है, बाकी प्रेमचंद के जमाने की ज्यादातर ग्रामीण परिस्थितियां, शोषण और वहां के समाज का रहन-सहन बिल्कुल बदल गया है। इसलिए नई पीढ़ी सीधे सीधे इस सबसे नहीं जुड़ पाती। लेकिन नई पीढ़ी को उनसे जोड़ना जरूरी है, क्योंकि वो हमारे पुरखा लेखक हैं।




सवाल है नई पीढ़ी को उनसे कैसे जोड़ा जाए ? इसका तरीका यही है कि प्रेमचंद पाठ्यक्रमों में खूब पढ़ाये जाएं, उनके कहानियों और उपन्यासों को आज के जमाने की परिस्थितियों से जोड़ा जाए ओर बताया जाए कि कैसे एक जमाने में ये परिस्थितियां मुख्य थीं। प्रेमचंद के साहित्य को लेकर हर साल सघन आयोजन हों, तभी प्रेमचंद को हम आज की नई पीढ़ी के बीच वास्तविक रूप से भी उतना ही लोकप्रिय पाएंगे, जितना कि उन्हें रस्मी तौर पर माना जाता है।

# आप की बात

## हिन्दुओं के साथ हिंसा

पाकिस्तान हो या बांग्लादेश, अल्पसंख्यकों के लिए यहां का समाज और राज्य किसी दुःस्वप्न से कम नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत के विभाजन के समय यहां पाकिस्तान में भी और उससे अलग होकर बने बांग्लादेश में बड़ी संख्या में हिन्दू रह गये। लेकिन इन देशों के अस्तित्व में आने से पहले ही हिन्दुओं पर अत्याचार शुरू हो गया था। यही कारण है कि कभी बांग्लादेश में 29 फीसद हिन्दू आबादी थी जो अब घटकर 7 फीसद रह गयी है। पाकिस्तान में भी हिन्दू दो-तीन फीसद बचे हैं, कट्टरपंथी इन पर भी बेइंतिहा जुर्म कर रहे हैं। इसलिए धीरे-धीरे यह भी समाप्त हो रहे हैं। ऐसे असभ्य देशों में हिन्दुओं का रहना खतरे से खाली नहीं है। इसलिए भारत को इनकी रक्षा के लिए ठोस पहल करनी चाहिए।

**धीरेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

## शिक्षा के साथ खिलवाड़

शिक्षा राष्ट्र निर्माण का सबसे बेहतरीन माध्यम है लेकिन अगर शिक्षा देने का तौर-तरीका ठीक नहीं होता है, तो इससे संपूर्ण देश का भविष्य भी प्रभावित होता है। इसलिए अदालती टिप्पणियों, सरकारी बयानबाजी और प्रशासनिक कार्रवाई की सिफारिशों से मामला सुलझने वाला नहीं है। देश में विशेषकर जेईई, नीट और अन्य बड़ी प्रवेश परीक्षाओं से जुड़े कोचिंग को हतोत्साहित करने, कोचिंग की जरूरत खत्म करने जैसी बयानबाजियां दशकों से चल रही हैं। इस बीच कोचिंग उद्योग अब कारपोरेट आकार ले चुका है और सरकार को इसमें मोटा टैक्स भी मिलता है। क्योंकि इन संगठित आकार के कोचिंग उद्योग पर सरकार 18 प्रतिशत की दर से भारी भरकम जीएसटी भी लगाती है। इस तरह कोई छात्र कोचिंग करके अपनी शिक्षा निखारने में मदद पाता है या नहीं यह सब उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है और सीधे सीधे सरकार और कोचिंग संस्थाएं मुनाफा काटती हैं। मुनाफे के इस खेल में जब सरकार भी शामिल हो गयी है, तो गैर जरूरी बयान बाजी का कोई तुक नहीं। ऐसा लगता है कि कोचिंग के खिलाफ गैर जरूरी बयानबाजी करने के अलावा सरकार के पास कोई ठोस विकल्प नहीं है। दरअसल कोचिंग कोई गलत चीज नहीं है। अगर छात्र स्कूल की शिक्षा से अपने पाठ्य विषय की अच्छी से तैयारी नहीं कर पा रहा है, तो उसे कोचिंग के जरिए मदद लेनी चाहिए इसमें कोई हर्ज नहीं है। यहां समस्या यह है कि स्कूल की पढ़ाई को ठेंगा दिखा कर सिर्फ कोचिंग के सहारे परीक्षा और प्रतियोगिता को पास करने का जुगाड़ किया जाने लगा है। यहीं से डमी स्कूल का कान्सेप्ट उभरा है।

**शिव प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय सहादतगंज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अटल जी ने राजनीति में अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से न केवल व्यापक स्वीकार्यता व पूरी दुनिया में सम्मान हासिल किया बल्कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया। उनके पथचिन्हों पर चलते हुए आज योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के पात्रों को प्रदान किया जा रहा है।महामंत्री प्रतीक श्रीवास्तव ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व इतना आकर्षक था कि विपक्षी भी उनकी तारीफ किया करते थे। गांवों को मुख्यमार्ग से जोड़ने के लिए उनके कार्यकाल में सड़को का जाल बिछाया गया। सरकारें आयेंगी जाएंगी, पाटियां बनेगी बिगड़ेंगी मगर यह देश रहना चाहिए संसद में उनके द्वारा कहा गया यह कथन आज भी राजनेताओं को प्रेरणा प्रदान करता है। महानगर उपाध्यक्ष तिलकराम मौर्या ने कहा कि अटल जी एक प्रखर राजनेता व ओजस्वी वक्ता थे।

# शान से लहराया विजयी विश्व तिरंगा प्यारा

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** जनपद में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हषोल्लास के साथ मनाया गया। सकारी कार्यालय, स्कूल, संगठनों में ध्वजारोहण व राष्ट्र गान हुआ। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक शान से तिरंगा लहराया, स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली व अधिकारियों ने अपने-

● **शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम**

अपने कार्यालय में ध्वजारोहण किया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक के स्कूलों में ध्वजारोहण किया गया। जनपद के प्रभारी मंत्री व कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने सर्किट हाउस में ध्वजारोहण किया तथा ध्वज की सलामी ली। उन्होंने कहा कि ह्लह्लशत-शत नमन तिरंगे तुमको, तू है जान से प्याराह्लह्ल। आजादी का यह अमृत महोत्सव संपूर्ण भारतवर्ष के लिए शुभ हो, सुख-समृद्धि व उन्नति प्रदाता हो, ऐसी कामना है। यह सौभाग्यशाली दिन जिन स्वतंत्रता सेनानियों की तपस्या और बलिदान के कारण हमारे जीवन में आया है, उन सभी महात्माओं को कोटि कोटि नमन। जय हिंद...जय भारत...भारत माता की जय। सर्किट हाउस अयोध्या में ध्वजारोहण के पश्चात मंत्री साकेत महाविद्यालय स्नातकोत्तर में पहुचे तथा वहां ध्वजारोहण तथा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व आजाद हिन्द फौज के सदस्य रहे स्वर्गीय अभय सिंह की धर्मपत्नी को अंगवस्त्र व पुष्प-माला पहना सम्मानित किया तथा परेड का निरीक्षण कर परिसर में वृक्षारोपण किया एवं उपस्थित अतिथियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह जी, जिलाधिकारी अयोध्या चन्द्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण व अधिकारी गण उपस्थित रहे।मंडलायुक्त गौरव दयाल ने आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण किया तथा ध्वज की सलामी ली। मंडलायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि यह हमारी आजादी, त्याग, बलिदान, संघर्षो आदि से मिली है हम इसको बनाये रखने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य करें। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की मण्डल एवं जनपद वासियों को बधाई दी। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने आयुक्त सभागार में सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कैंप कार्यालय व कलैक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया तथा कलेक्ट्रेट परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन को अंगवस्त्र प्रदान कर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके उन्होंने शहीद उद्यान में शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों तथा देश के लिए अपना सर्वोत्तम बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए देश एवं प्रदेश को उनके सपनों का भारत बनाने, तीव्र गति से देश को आगे ले जाने हेतु समावेशी विकास करने को कहा। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह ने भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या राजकरन नय्यर द्वारा पुलिस लाइन परिसर में ध्वजारोहण किया गया एवं पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए प्रशस्त्रि पत्र/प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किया गया एवं उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। एस0एस0पी ने सभी को संकल्प पत्र पढ़कर भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने, आपसी भाईचारा, बन्धुता, दृढ़संकल्प तथा सभी मतभेद शांतिपूर्ण तरीके से दूर करने शपथ दिलाई गई। सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मी पु0उपा0 आशुतोष मिश्रा ह्लरजतह्ल , उ0नि0 गनेश राम व उ0नि0 अमरेश कुमार त्रिपाठी को ह्लसराहनीय सेवा सम्मान चिन्हह्ल, उ0नि0 आशीष कुमार राय ह्लगोल्डह्ल , एफ0एस0ओ0 गिरीश कुमार दुबे व फायरमैन सूर्य कुमार यादव व फायरमैन अनिल कुमार को ह्लरजतह्ल एवं प्रधान परिचालक श्री विजय बहादुर व फा0सर्विस चालक राजकुमार को ह्लअतिउत्कृष्ट सेवा पदकह्ल सहित फायर सर्विस/यू.पी. 112 जनपद अयोध्या के कुल 13 अधि0/कर्म0 को महोदय द्वारा प्रशस्त्रि पत्र/प्रशंसा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंडल कारागार में एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें अर्थदंड न जमा करने के कारण जेल में बंद पांच कैदियों को रिहा किया गया। इन कैदियों की रिहाई जीडी फाउंडेशन की पहल पर संभव हो सकी। रिहाई की प्रक्रिया में सहयोगी सतनाम सिंह और समाजसेवी सौरभ कनोजिया भी महत्वपूर्ण भूमिका में रहे।

## शहीदों की शहादत को याद रखना चाहिएः किदवाई



**बाराबंकी।** हमें देश के वीर शहीदों की शहादत को याद रखना चाहिए। कि उन्होंने इस देश को आजाद कराने के लिये अपने जीवन का बलिदान कर दिया। हम उनको नमन करते हैं। देश की एकता, अखण्डता, सांप्रदायिक सौहार्द एवं भाई चारा कायम करने का संकल्प करते हैं। यही देश की आजादी में शामिल हमारे पूवर्जो को सच्ची श्रृद्धांजलि होगी। उक्त उद्गार पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहसिना किदवाई के सिविल लाइन आवास पर 78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव फवाद किदवाई ने झण्डारोहण करने के पश्चात व्यक्त किये। झण्ड़ारोहण के उपरान्त पूर्व महासचिव श्री किदवाई ने आगे कहा कि हमें महात्मा गांधी, पं0जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सरदार भगत सिंह जैसे सच्चे देश भक्तों के दिखाये गये रास्ते का अनुसरण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बृजेश दीक्षित, सुरेश श्रीवास्तव, रमन द्विवेदी, विजय चन्द्र शुक्ला, मास्टर सईद, मजहर अजीज खाँ मज्जू, चैधरी शुएब अहमद, के0पी0बाजपेयी, तैय्यब किदवाई, अतीक अहमद शद्दन, रमेश कश्यप, फरहान किदवाई, शमशाद बंकी, फरहान अहमद आदि मौजूद रहे।

## 284 स्कूली वाहनों का पंजीयन निलम्बित

**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा अनफिट स्कूली वाहनो के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज 284 स्कूल वाहन का पंजीयन निलम्बित किया गया। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि विभाग की ओर से जनपद मे संचालित स्कूलों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर सूचना दी जा रही थी। सूचना के बाद भी फिटनेस स्वास्थ्यता प्रमाण पत्र प्राप्त न किये जाने पर कुल 284 स्कूल वाहन का पंजीयन निलम्बित करते हुये समस्त वाहनो की सूची इंटीग्रेटेड़ टैजफिक मैनेजमेंट सिस्टम को भी उपलब्ध करा दी गई है।

## आधा दर्जन ऑटो के चालान, कई सीज



*बाराबंकी।* परमिट शर्तो का उल्लंघन कर सड़को पर फर्राटा भरने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनो सीएनजी आटो के चालान व कई वाहनो को सीज करने के साथ गाडि ?ों के दस्तावेजों को भी जांचा गया। इस सम्बन्ध मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि ओवरलोड़, अनाधिकृत डग्गामार, अनफिट स्कूली वाहनो के साथ ही परमिट शर्तो का उल्लंघन कर चलने वाले आटो के खिलाफ यात्री/मालकर अधिकारी उमाशंकर मिश्रा व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले 3 सीएनजी आटो को सीज व 5 का चालान किया। इसके साथ ही हाइवे पर नो पार्किंग पर खडे दर्जनो वाहनो के चालान, 2 ओवरलोड़ सीज, 1 डग्गामार का चालान, व हाइवे पर संचालित ई-रिक्शा को सीज किया गया।

## सांसद तनुज पुनिया ने किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का भ्रमण



**बाराबंकी।** जिला प्रशासन कटान पीड़ितों की दुश्वारियां दूर करने में असफल है। सरयू नदी के तांडव से घर से बेघर हुये ग्रामीण दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। राजस्व कर्मी युद्ध स्तर पर नदी के पानी से कटान वाले गांव में कटान पीड़ितों को चिन्हित करके उन्हें राहत चेक आपदा आवास, घर बनाने की जगह व भूखे कटान पीड़ितों को खाद्यान उपलब्ध करायें। बाढ़ खण्ड के अधिकारी तथा बाढ़ चैकी पर तैनात कर्मी 24 घण्टे नदी के पानी पर निगाह रखे हैं जिससे नदी के किनारे बसे गांवों को कटान से बचाकर और बरबादी और इंसान की जिंदगी को बचाया जा सके। उक्त निर्देश सांसद तनुज पुनिया ने विकासखण्ड सूरतगंज के कटान पीड़ित गांव बबुरी गांव हेतमापुर केदारीपुर, बिझला, में कटान पीड़ितों के मिलने के बाद दूरभाष पर स्थानीय प्रशासन एवं बाढ़ से सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। भ्रमण के दौरान राजेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, सौरभ पाण्डेय, सद्दाम हुसैन, राम कुमार लोधी, सचिन त्रिपाठी, मोहम्मद गोपी कनौजिया, राजेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# रामनगरी को मिलने जा रही एक और ओवरब्रिज की सौगात

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** प्रदेश की योगी सरकार की ओर से रामनगरी अयोध्या में चलायी जा रही अरबों रुपयों की विकास परियोजनाओं के बीच सेतु निगम का एक और बड़ा प्रोजेक्ट पूरा होने जा रहा है। 31अगस्त 2024 को

● **सम्पार संख्या 105 पर बनकर तैयार हो रहा ओवर ब्रिज**



सूर्य कुंड के समीप सम्पार संख्या - 105 पर आरओबी का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके पूरा होते ही दो साल से परेशानियों का सामना कर रहे लाखों लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। करीब 115.15 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण नवम्बर 2021 में प्रारम्भ हुआ था।कार्यदायी संस्था सेतु निगम की ओर से मिली जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग और भारतीय रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से ओवरब्रिज निर्माण के लिए फंडिंग उपलब्ध कराई गई थी। 115.15 करोड़ की लागत से बना यह ओवरब्रिज सूर्य कुंड के समीप सम्पार संख्या - 105 पर संपूर्ण हुआ है। इसके चलते सूर्य कुंड सम्पार पर लगने वाले जाम और अयोध्या से होकर प्रयागराज, लखनऊ और अम्बेडकरनगर तक सीधे यातायात सुगम हो गया है। निगम के अनुसार नवम्बर 2021 में निर्माण प्रारम्भ कर 31 अगस्त 2024 को ओवरब्रिज जन सामान्य के लिए सुलभ करा दिया जाएगा। कार्यदायी संस्था सेतु निगम की ओर से जारी सूचना के अनुसार इस महत्वाकांक्षी ओवरब्रिज की कुल लंबाई 675.00 मीटर है। दो लेन के इस ओवरब्रिज में सबसे खास बात यह है कि इसकी उतार और चढ़ान दोनों अत्याधुनिक तरीके से दुर्घटना रहित बनाई गई है। इस उपर गामी सेतु का निर्माण कार्य में रेलवे भाग की लम्बाई 173.00 मीटर है। सेतु के कैरज वे की चैड़ाई 7.50 मीटर है। इसके अलावा सेतु के दोनों ओर 3.75 मीटर चैड़ाई में सर्विस रोड का निर्माण अभी किया जा रहा है। जो बचा हुआ कार्य उसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

## टीआरसी लॉ कॉलेज में विधि छात्रों ने प्रस्तुत किए गीत एवं नृत्य



**सतरिख, बाराबंकी।** टीआरसी ला कालेज में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधि महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सुजीत चतुवेर्दी एवं प्राचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पूर्व सभी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक डॉक्टर चतुवेर्दी ने कहा कि वास्तव में जब देश के लिए अमर शहीदों द्वारा दी। कुर्बानियों को हम देख, सुन नहीं पाते हैं। तो हर देश के सापेक्ष विचार हमारे मन में नहीं आते हैं। उन्हीं में से एक अमर शहीद है चंद्रशेखर आजाद। जिनके समर्पण को राष्ट्रीय पर्वों के द्वारा हमेशा याद करते रहेंगे। कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक नृत्य, गीत, भाषण आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक समन्वयक डॉक्टर दीप माला श्रीवास्तव, नवीन कुमार सिंह, अमजद अंसारी, धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में अराजक तत्वों ने राष्ट्रीय पर्व कार्यक्रम को बिगाड़ने का किया प्रयास

**बाराबंकी।** स्वतंत्रता दिवस पर जहा एक तरफ झंडा रैली निकाल कर आम जन मानस को शांति का संदेश दिया जा रहा था। तो वही दूसरी तरफ मुंशी रघुनन्दन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर महाविद्यालय

● **महिला महाविद्यालय सचिव ने पुलिस अधीक्षक को सौपा शिकायती प्रार्थना पत्र**

प्रबंधक/सचिव के साथ झंडारोहण के दौरान अराजकतत्वों द्वारा देश की आजादी के कार्यक्रम के माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया गया। राष्ट्रीय पर्व के दौरान अराजक तत्वों द्वारा किए गए अवैधानिक कृत्यों से महाविद्यालय में अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला। जिसके बाद महाविद्यालय के प्रबंधक/सचिव ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करते हुये कार्यवाही की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र मे सचिव/प्रबन्धक उमाशंकर वर्मा मुन्नू ने कहा है कि 15 अगस्त को 9:10 बजे महाविद्यालय मे झण्ड़ारोहण कार्यक्रम के दौरान गैंगस्टर ओमप्रकाश वर्मा के भतीजे अरुण कुमार व शिव कुमार अपने 10 अन्य साथियो के साथ महाविद्यालय मे आकर धक्का-मुक्की शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी देते हुये सचिव को झण्डारोहण करने से रोका। जिसके बाद महाविद्यालय मे अफरा-तफरी के माहौल के साथ कार्यक्रम अस्त-व्यस्त हो गया।

राष्ट्रीय पर्व पर महाविद्यालय मे हुयी घटना से समाज मे गलत संदेश भी गया है। पीड़ित सचिव ने पुलिस महानिदेशक समेत आई0जी को कार्यवाही हेतु शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा है।

## गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला शव

बीकापुर-अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के साराय खरगी ( भीखा पांडे पुरवा ) निवासी सालिक राम करी पुत्र छोटू उम्र लगभग 45 वर्ष शुक्रवार की सुबह लगभग चार बजे से ही घर से गायब हो गए था। सुबह छः बजे तक घर वापस न आने पर लोग खोजना शुरू किये तो गांव के पास एक बाग में बरगद के पेड़ से धोती के सहारे फांसी से लटकता हुआ शव ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। जिसकी पहचान सालिक राम के नाम से परिजनों ने की है। मौके पर हल्का दरोगा आशीष यादव हमराही सिपाही के साथ जानकारी होने पर घटनास्थल पहुंचकर मृतक सालिक राम के शव को कब्जे में लेकर लिखा पड़ी करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना प्रस्तावित

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि विभिन्न समाचार पत्रों एवं मीडिया पोर्टल्स में ग्राम माँझा जमथरा में स्थित भूमि के सम्बन्ध में कई प्रकार की सूचनाएं प्रकाशित हो रही हैं। जिससे जन-सामान्य में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किया जाना आवश्यक है। ग्राम माँझा जमथरा, राम की पैड़ी व श्री राम जन्मभूमि मंदिर के नजदीक स्थित है. इस क्षेत्र का अयोध्या महायोजना-2031 के अनुसार भू-उपयोग पार्क एवं खुला स्थल है।

इसका अभिप्राय यह है कि चैदहकोसी, पंचकोसी तथा बंधा मार्ग के मध्य स्थित ग्राम माँझा जमथरा के भू-भाग पर अयोध्या महायोजना-2031 के अनुसार पार्क, खेल का मैदान, खेल प्रशिक्षण केन्द्र, खेल परिसर, कारवां पार्क, पिकनिक स्पॉट आदि हेतु प्रस्तुत मानचित्र ही स्वीकृत किया जायेगा।

## नपा में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में देश भक्ति की रही धूम

**बहराइच ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देर शाम नगर पालिका परिषद, बहराइच के सभागार में नगर पालिका परिषद बहराइच चेयरमैन श्रीमती सुधा देवी के प्रतिनिधि श्याम करण टेकड़ीवाल की अध्यक्षता में

● **पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरण ने किया सम्मानित**



कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के कवियों एवं शायरों ने देशभक्ति से सराबोर रचनाएं प्रस्तुत कीं। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर बहराइच जनपद के वरिष्ठ कवियों एवं शायरों असर बहराइची, डॉ. मुबारक अली, राघवेंद्र त्रिपाठी, पी.के. प्रचण्ड, रईस सिद्दीक ी, रश्मि प्रभाकर, शिवांगी राज, तिलक राम अजनबी, फौक बहराइची आदिल बहराइची, किशोरी लाल, सुनील कुमार सहित अन्य लोगों द्वारा काव्यपाठ किया गया। कार्यक्रम के अन्त श्री टेकड़ीवाल कवियों एवं शायरों को पुष्पगुच्छ, मिष्ठान व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी, सभासद एवं श्रोतागण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## जनपद न्यायालय में समारोह पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**बहराइच ।** भारतवर्ष की आजादी के 78 वें वर्षगांठ के अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश, बहराइच उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय, बहराइच में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायालय में न्यायिक अधिकारीगण, विद्वान अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम ध्वजारोहण हुआ और उसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ। देश को आजादी दिलाने में संघर्ष करने एवं योगदान देने वाले महान विभूतियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। उन्होनें सभी को देश की स्वाधीनता एवं राष्ट्र एकता की रक्षा करने और उसे सुदृढ़ बनाने का संकल्प भी दिलाया गया।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होंगे प्रशिक्षक

**बहराइच ।** जनपद के 52 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के उद्देश्य से मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता प्रमाण-पत्र धारक 17 लोगों का 03 माह के लिए प्रशिक्षक के रूप में चयन किया जायेगा। चयनित प्रशिक्षकों को सम्बन्धित प्रधानाचार्य द्वारा रू. 5,000=00 की दर से मानदेय दिया जायेगा। चयन की योग्यता रखने वाले 18 से 45 आयु वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकृत डाक के माध्यम से अपने आवेदन पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक बहराइच के कार्यालय में 30 अगस्त 2024 तक जमा कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए डीआईओएस मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी नाम, अभिभावक का नाम, जन्म तिथि, लिंग, निवास का पता, शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता से सम्बन्धित विवरण तथा एक अदद फोटो के साथ निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकते हैं। श्री अहिरवार ने बताया कि प्रशिक्षक के रूप में यथा संभव महिला प्रशिक्षक का ही चयन किया जायेगा। महिला प्रशिक्षक ने मिलने की स्थिति में पुरूष प्रशिक्षक चयनित किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी के लिए उनके कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## खूंटे के विवाद में चार महिला घायल

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के बकचुना गांव में शुक्रवार सायं खूंटे के विवाद में एक बदहवास व्यक्ति ने कहर बरपा दिया। जिसमें तीन महिलाएं व एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में ग्रामीणों ने सीएचसी खण्डासा भर्ती कराया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार आरोपी सचिन कुमार शुक्ला अपने पड़ोसी अजय कुमार शुक्ला से खूंटे के लिए विवाद कर रहा था सचिन के भाई की पत्नी रीना 40 वर्ष व मां गिरजा देवी 70 वर्ष ने उन्हें विवाद करने से मना किया तो वह उनके ऊपर हमलावर हो गया और लाठी डंडे से उनकी जमकर पिटाई कर दी जिससे उनका सिर फट गया पिटाई करता देख उनकी बुजुर्ग चाची सीतापती 70 वर्ष मौके पर पहुंच कर बीच बचाव का प्रयास कर रही थी कि उन्हें भी डंडो से खूब मारा पीटा जिससे उनके हाथ टूट गया।

# मेडिकल कालेज के रेजीडेंट डाक्टर बैठे हड़ताल पर




**अयोध्या।** कोलकाता की घटना के विरोध में मेडिकल कालेज के रेजीडेंट डाक्टर हड़ताल पर बैठ गये। रेजीडेंट डाक्टर के हड़ताल पर बैठने से कालेज की चिकित्सीय व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो गयी। ओपीडी में आये बड़ी संख्या में मरीज वापस लौटते दिखाई दिए। हालांकि मेडिकल कालेज प्रशासन 12 बजे तक ओपीडी के संचालन का दावा करता रहा। लेकिन मेडिकल कालेज में ऐसे भी मरीज थे जो दस बजे से भटक रहे थे। लेकिन उन्हें इलाज नहीं मिला।

प्रदर्शन कर रहे रेजिडेंट डाक्टरों का कहना था कि कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ रेप व मर्डर की घटना का विरोध कर रहे डाक्टरों को मारा गया। उनके बैनर तोड़ दी गयी। इमरजेंसी तोड़ दी गयी। इसका हम विरोध कर रहे है। यहां मेडिकल कालेज में मारपीट व छेड़छाड़ की घटनाएं हो चुकी है। हम लोग की केन्द्रीय कानून की मांग कर रहे है। आज सारे रेजिडेंट व इंर्टन हड़ताल पर है। जब तक सरकार से प्रोटेक्शन एक्ट का लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। कुछ देर तक ओपीडी चली है। इमरजेंसी सेवाएं हम दे रहे है। मेडिकल कालेज के सीएमएस अरविंद सिंह का कहना है कि ओपीडी 12 बजे तक चली है। उसके बाद हड़ताल के लिए बंद कर दी गई। हड़ताल के चलते आपरेशन नहीं हुए। भर्ती मरीजों को देखने के लिए मीटिंग की जा रही है। इमरजेंसी पूरी तरह से चल रही है।

# वृद्धजनों को अंग वस्त्र भेंट कर मनाया आजादी का जश्न

एस पी मिश्रा

**बहराइच ।** स्वतंत्रता दिवस का जश्न जनपद मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिलाधिकारी श्रीमती मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी, ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए बधाई दी। जिले के समाज कल्याण अधिकारी ,जिला पूर्ति अधिकारी आबकारी, शिक्षा , श्रम,विद्युत,चिकित्सा सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपने संस्थाओं में तिरंगा फहराया और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी।

इस अवसर पर आदर्श कल्याण सेवा समिति द्वारा संचालित ओल्ड एज होम राजापुर माफी थाना राम गांव के आश्रम पर आज 78 वे स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया वृद्ध आश्रम में मुख्य अतिथि जिले के युवा समाजसेवी अनिल कुमार प्रधान द्वारा झंडा रोहण कर शहीदों को नमन कर कहा कि आजादी हमारे पूर्वजों की कुबार्नी का प्रतिफल है इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। कार्यक्रम




संचालन आश्रम वार्डन श्रीमती अनुराधा द्वारा किया गया।आश्रम में निवास कर रहे सभी वृद्ध माता-पिता ने एक साथ मिलकर जमकर भारत माता व वंदे मातरम का जयकारा लगाया समाजसेवी प्रबंधक अनिल प्रधान ने कहा कि सभी लोगों देश भक्तों का सम्मान करें ।

आज की युवा पीढ़ी को देश के वीर सपूतों से प्रेरणा लेनी होगी।उन्होंने कहा कि देश से बढ़कर कुछ भी नहीं है हमें अपने देश की एकता अखंडता के लिए सदैव तात्पर रहना चाहिए और देश से प्रेम का मन और भारत का अभिमान बनाये रखना चाहिए। वृद्ध माता-पिता के द्वारा स्वरित देशभक्ति भजनों ने मन मोह लिया श्री प्रधान ने वृद्ध माता-पिता वह ग्राम वासियों में मिठाई फल समोसा चाय करवाकर उन्हें अंग वस्त्र भी सप्रेम भेंट किया।इस अवसर पर आश्रम का समस्त स्टाफ व ग्रामवासी भारी संख्या में मौजूद रहे।समारोह समापन पर वार्डन श्रीमती अनुराधा ने मुख्य अतिथि व आश्रम के वृद्ध माता-पिता संग सामूहिक भोज किया गया जहाँ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण भीशामिल हुए।वहीँ दूसरी तरफ आदर्श कल्याण सेवा समिति द्वारा संचालित आदित्य ओल्ड एज होम आलापुर ग्राम बाबूरिया बाराबंकी में आजादी के पर्व को अनोखे अंदाज के साथ मनाया गया।यहाँ मुख्य अतिथि बाल कल्याण मजिस्ट्रेट श्रीमती दीपशिखा श्रीवास्तव व सलाह अधिकारी श्री कृष्ण मोहन ने वृद्ध माता-पिता व स्टाफ से मिलकर हाल जाना और

झंडा रोहण के साथ शहीदों को याद कर नमन किया। कार्यक्रम संचालिका आश्रम वार्डन कुमारी अनुभा श्रीवास्तव ने स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े सेनानियों को याद कर कहा कि देश वासियों की आन बान शान तिरंगा है इसे मिलकर बरकरार रखने की जिम्मेदारी का निर्वहन हम सभी को करना होगा। मजिस्ट्रेट दीपशिखा ने आश्रम में निवासरत वृद्ध माता-पिता के लिए प्रातः काल में खान पान में शामिल हो उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि वृद्धजनों के मध्यआजादी के जश्न को दोगुना कर दिया है यहीहमारी परंपरा व संस्कृति हैं।

इस अवसर पर आश्रम के वृद्ध माता-पिता व स्टाफ ने मिलकर भजन व कीर्तन का एक छोटा-मोटा कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

जिसकी प्रशंसा करते हुए मजिस्ट्रेट ने कहा कि जिंदगी कैसे मस्त होकर जीनी चाहिए इसका आज उन्हें अच्छा अनुभव प्राप्त हो रहा है। क्योंकि वृद्ध जनों के ह्रदय में जो खुशी रही वह चेहरे पर साफ झलक रही थी ।

संक्षेप

## एमजी विंडसर का नया टीजर पेश

नईदिल्ली। जेएसडब्ल्यूएमजी मोटर इंडिया ने अपने जल्द लॉन्च होने वाले भारत के पहले क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल सीयूवी एमजी विंडसर का नया टीजर पेश किया है इस टीजर में पानी में फर्राटे से चलने की इसकी बेजोड़ खूबियों को पेश किया गया है यह नया टीजर एमजी विंडसर की बेहतरीन इंजीनियरिंग और भारतीय सड़कों के अनुकूल इसकी विभिन्न खासियतों को पेश करती है। इसकी यही खूबियां इस कार को भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लिए एक सबसे उपयोगी एवं इंटेलिजेंट सीयूवी के रूप में स्थापित करती हैं। इस टीजर की बात करें तो इसमें एमजी विंडसर को चुनौतीपूर्ण इलाकों से बेहद आत्मविश्वास के साथ गुजरते हुए दिखाया गया है।

## ग्लेंजो ने जीता प्रेस्टिजियस ओओएच एडवरटाइजिंग अवार्ड

नईदिल्ली। ग्लेंजो बहुत ही कम समय में भारत के बेस्ट टॉयलेट क्लीनरों में से एक बन गया है और परिवर्तन और विकास का नया बेंचमार्क बना रहा है। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अपना क्लब को हमारे उत्कृष्ट सार्वजनिक और सामाजिक सेवा अभियान के लिए प्रतिष्ठित रोशन स्पेस ओओएच एडवरटाइजिंग अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उस प्रयास का फल है जो अपनाक्लब के ग्लेन्जो टीम ने, 7 दिवसीय घाट क्लीनिंग एक्टिविटी का आयोजन करके किया था।

## सैमसंग 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' ने की टॉप 20 टीमों की घोषणा

नईदिल्ली। सैमसंग इंडिया ने आज अपने प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024 के लिये राष्ट्रीय स्तर पर चुनी गई टॉप 20 टीमों की घोषणा कर दी है। यह टीमें आगामी नेशनल राउंड में जाने के लिये तैयार हैं और ये सभी टीमें देश के अलग-अलग हिस्सों से आई हैं। इनमें भारत के 12 राज्यों और 2 संघ शासित क्षेत्रों के लोग हैं। कुछ लोग तो देश के सुदूर इलाकों जैसे कि मणिपुर के इंफाल, मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से आए हैं। प्रोग्राम के तीसरे एडिशन में विद्यार्थियों ने दो बेहद महत्वपूर्ण विषयों पर अपने आइडिया दिये थे- कम्युनिटी एण्ड इंक्लूजन और एनवायरनमेंट एण्ड सस्टेनेबिलिटी।

## पीएमआई डीएनए लॉन्च

नई दिल्ली। सांस्कृति परिवर्तन के मार्ग पर, फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) के भारतीय सहयोगी, आईपीएम इंडिया ने हाल ही में पीएमआई डीएनए का लॉन्च किया है। यह एक मापयोग्य ढांचा है, जो लोगों द्वारा यह नई संस्कृति अपनाए जाने के दौरान उनकी मुख्य शक्तियों और मूल्यों का प्रदर्शन करता है। इस अभियान के अंतर्गत तीन स्तंभ निर्धारित किए गए हैं ताकि लोगों को पीएमआई को सर्वश्रेष्ठ बनाने में मदद मिल सके। वी केयरः ज्यादा स्वैचिछक, सक्रिय, समावेशी बनने की प्रतिबद्धता एवं हर समय अन्य लोगों का सहयोग करना। वीआर बैटर टुगैदरः मतभेदों को अलग रखना, अलग-अलग न रहना और मिलकर एक पीएमआई बनाना ताकि पीएमआई मजबूत बने।

## गुणवत्ता के नारियलों के लिए है मशहूर मालाबार

नई दिल्ली। उत्तरी केरल का मालाबार क्षेत्र नारियल की खेती के लिए जाना जाता है, क्योंकि अनुकूल जलवायु के चलते यहां गर्मी, नमी और अच्छी बारिश होती है, जिससे नारियल की खेती के लिए यह स्थान एकदम सही है। आपको बता दें कि बेहतर नारियल तेल के लिए अच्छे नारियल बहुत जरूरी हैं और उत्तरी मालाबार प्रीमियम ग्रेड के नारियल के उत्पादन के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि ऑयल ऑफ मालाबार ब्रांड अपने उत्पाद के लिए लगभग 10 फीसद नारियल तेल मालाबार से लेता है, ताकि अच्छे नारियल तेल का निर्माण किया जा सके। कम ही लोगों को पता होगा कि मालाबार तट पर सदियों से नारियल के पेड़ों की खेती की जा रही है।

## ध्वजारोहण में की एक वृक्ष मां के नाम लगाने की अपील

लखनऊ। सीतापुर रोड स्थित डा एल पी लाल मेमोरियल स्कूल में आजादी के नाम ढेर सारे रंगारंग कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर गांधी, नेहरू, टैगोर और लिकन सदनों के बीच आजादी की थीम पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां सभी के आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में प्रमुख भूमिका का निर्वाह करने की अपील की। किसी भी राष्ट्र का युवा अपनी सोच से देश की दशा और दिशा में करिश्माई परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने वर्ष 2023 के बोर्ड परीक्षा टॉपर लक्ष्य शुक्ला को हाईटेक साइकिल देकर भी पुरस्कृत किया।

# सेंसेक्स में 1,331 अंकों की उछाल



मुंबई। अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने से वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार में सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से शुक्रवार को बड़ी बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,331 अंकों की छलांग के साथ दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 397 अंक चढ़कर 24,500 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,330.96 अंक यानी 1.68 प्रतिशत उछलकर 80,436.84 अंक पर बंद हुआ। यह इसका दो महीने से अधिक समय में एक दिन के कारोबार का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय I,412.33 अंक यानी 1.78 प्रतिशत तक उछलकर 80,518.21 अंक पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 397.40 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 24,541.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा स्टील के शेयर सर्वाधिक बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सिर्फ सन फार्मा में गिरावट रही। जापानी येन की स्थिरता वैश्विक बाजार को मजबूत करने में मददगार रही है। इसके अलावा मजबूत अमेरिकी खुदरा बिक्री और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों में गिरावट ने अमेरिका में मंदी की आशंकाओं को कम करने में मदद की है। अमेरिकी खुदरा मुद्रास्फीति में कमी आने से भी बाजार की धारणा में सुधार हुआ है। इस पृष्ठभूमि में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में खरीद को लेकर जबर्दस्त दिलचस्पी देखने को मिली। बाजार में चौतरफा तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई मिडकैप में 1.8 प्रतिशत की तेजी आई जबकि स्मॉलकैप 1.7 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

### निवेशकों की संपत्ति 7.30 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच शुक्रवार को निवेशकों की संपत्ति में 7.30 लाख करोड़ रुपये का बड़ा उछाल देखा गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर पड़ा और यह एक ही सत्र में 7,30,389.86 करोड़ बढ़ गया।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करेगा : शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया तथा कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने के साथ ही क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलेगा।

शाह ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा का भी स्वागत किया और कहा कि पिछले 10 वर्षों में राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन का एक नया अध्याय लिखा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों से चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेने और एक ऐसी सरकार बनाने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की जो शांति एवं विकास बरकरार रखे तथा युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं निर्वाचन आयोग द्वारा आज जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा किए जाने का स्वागत करता हूं। पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार ने लगातार कई पहलों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने का एक नया युग स्थापित किया है। गृह मंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करेगा तथा क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलेगा। हरियाणा विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत करते हुए शाह ने कहा, बीते 10 साल में हरियाणा में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने खर्ची-पर्ची मुक्त नौकरी से लेकर ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया और किसान व गरीब कल्याण के कार्यों द्वारा सुशासन का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि इस विधानसभा चुनाव में हरियाणा के मतदाता प्रचंड बहुमत से प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएंगे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव करीब एक दशक बाद होगा। यह 18 सितंबर से तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जो अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश के लोगों के लिए सरकार चुनने का मंच तैयार करेगा।

# पेरिस पैरालम्पिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद



नयी दिल्ली। अपनी जिंदगी में हर तरह की चुनौतियों को मात देकर पैरालंपिक खेलों में भारत के प्रतिनिधित्व के लिए तैयार खिलाड़ी एक बार फिर से इन खेलों में अपनी चमक बिखरने को तैयार हैं। पैरालंपिक खेलों का आयोजन 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस में होगा।

भारत के 84 सदस्यीय दल के लिए शुक्रवार को यहां आयोजित विदाई समारोह में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि उन्हें चुनौती को चुनौती देने वाले खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। इस मौके पर खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया और उद्घाटन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक भाला फेंक चैंपियन सुमित अंतिल मौजूद थे। मांडविया ने पिछले कुछ वर्षों में पैरा खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, भारत का 84 सदस्यों का दल पेरिस जा रहा है। पिछली बार तोक्यो पैरालंपिक में यह संख्या 56 थी। हमारे 56 खिलाड़ियों के दल ने 19 पदक जीते लेकिन इस बार हमारे खिलाड़ियों की संख्या 84 है। हमें उम्मीद और विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी पेरिस में पहले से अच्छा प्रदर्शन कर अपने माता पिता और देश का गौरव बढ़ायेंगे। उन्होंने पैरालंपिक खिलाड़ियों से कहा, आप चुनौती को चुनौती देने वाले खिलाड़ी हो, आप विपरीत परिस्थिति को अनुकूल करने वाले लोग हो। आपको बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। इस मौके पर भाला फेंक चैंपियन सुमित और गोला फेंक की अनुभवी खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव को उद्घाटन समारोह के लिए भारतीय दल का ध्वजवाहक नामित किया गया।

## ओलंपिक चक्र में लक्ष्य हमारी भागीदारी बढ़ाना

पेरिस। दल प्रमुख गगन नारंग ने हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि अब नये ओलंपिक चक्र में के लिये रोडमैप बनाने और लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले खेलों में भागीदारी बढाने पर फोकस होना चाहिये। भारत के 117 खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक में 16 खेलों में भाग लिया और छह पदक जीते। नारंग ने पेरिस से लौटने से पहले कहा, मैं पदक विजेताओं को बधाई देना चाहता हूं। छह पदक मिलना अच्छा प्रयास है। निजी तौर पर मेरा मानना है कि हम कुछ और पदक जीत सकते थे। कुछ खिलाड़ी बहुत करीब आकर चूक गए।

# विश्व चैम्पियनशिप में भागीदारी पर खतरा

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने शुक्रवार को कहा कि वह दिल्ली उच्च नयायालय के आदेश को चुनौती देगा जिसमें खेल संस्था के कामकाज संभालने के लिए आईओए (भारतीय ओलंपिक संघ) की तदर्थ समिति को बहाल करने का आदेश दिया गया है और उसका कहना है कि इस हस्तक्षेप से भारतीय पहलवानों की आगामी विश्व चैम्पियनशिप में भागीदारी पर खतरा मंडरा सकता है।

मौजूदा आदेश डब्ल्यूएफआई के कामकाज पर रोक लगाने और खेल के लिए राष्ट्रीय महासंघ के रूप में कोई भी गतिविधि करने से रोकने की मांग की याचिका पर आया है। शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि आईओए समिति का पुनर्गठन कर सकता है। आईओए ने चार अप्रैल को तदर्थ पैनल भंग कर दिया था और यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव कराने के बाद इस साल 13 फरवर के निलंबन हटा दिया था। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने पीटीआई से कहा, हम इसे दो न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष ले जायेंगे। आईओए ने अपना तदर्थ पैनल भंग कर दिया था। हम विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से भी संपर्क करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी थी कि बाहरी हस्तक्षेप का असर खिलाड़ियों पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा, दो विश्व चैम्पियनशिप होने वाली हैं। भारतीय पहलवानों की भागीदारी खतरे में आ सकती है। अंडर-17 विश्व चैम्पियनशिप 19 से 25 अगस्त तक जोर्डन में अम्मान में आयोजित की जायेगी जबकि अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप दो से आठ सितंबर तक स्पेन के पोंटेवेड्रा में होगी। यूडब्ल्यूडब्ल्यू अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने 25 अप्रैल को डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को लिखे पत्र में स्पष्ट किया था कि महासंघ का कामकाज संभाल रहा तदर्थ पैनल उन्हें स्वीकार्य नहीं है।

# बीओबी ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

मुम्बई। बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने कई नवोन्मेषी पहलों के साथ भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद, कार्यपालक निदेशकों, सीवीओ और वरिष्ठ कार्यपालकों ने मुंबई स्थित बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में सहभागिता की। बैंक और उसके कर्मचारियों ने हर घर तिरंगा अभियान का भी बड़े उत्साह के साथ समर्थन किया। यह पहल देशभक्ति की भावना को प्रगाढ़ करने हेतु नागरिकों को अपने घरों और कार्यालयों में गर्व से तिरंगा फहराने और हर घर तिरंगा पोर्टल पर उसकी तस्वीरें पोस्ट करने के लिए आमंत्रित करती है।

# एसबीआई ने मनाया आजादी का पर्व

लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल द्वारा 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस, स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ में हर्षो-उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक शरद स चांडक ने अपने सम्बोधन में कहा कि आजादी के बाद भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राष्ट्र की आर्थिक प्रगति हेतु भारतीय स्टेट बैंक हमेशा से प्रतिबद्ध है। हमें खाताधारकों के साथ निरंतर संवाद करते हुए उन्हें बेहतर ग्राहक सेवा एवं बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते रहना होगा।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 670.11 अरब डॉलर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.119 अरब डॉलर रह गया।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया, इससे पिछले सप्ताह की समाप्ति पर यह 7.533 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 674.919 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नौ अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.079 अरब डॉलर घटकर 587.96 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार की कीमत 86 करोड़ डॉलर घटकर 59.239 अरब डॉलर रह गई। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.282 अरब डॉलर हो गए। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत का आरक्षित जमा 1.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.638 अरब डॉलर हो गया।

# पीएनबी ने धूमधाम से मनाया गया स्वतन्त्रता दिवस

लखनऊ। पंजाब नैशनल बैंक में आज दिनांक 15 अगस्त को बैंक के पीएनबी अंचल कार्यालय परिसर में स्वतन्त्रता दिवस समारोह मनाया गया जिसमें बैंक के अंचल प्रमुख मृत्युंजय ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों ने समवेत स्वर में राष्ट्रगान किया। मृत्युंजय ने सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम के सभी शहीदों को श्रृद्धांजलि दी। भारतीय होने पर हमें गर्व होना चाहिए एवं भारत को उन्नत एवं मजबूत बनाने के लिए हम सभी को मिलकर पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी व लगन से अपना कर्त्तव्य निर्वहन करना चाहिए।

# टोयोटा ने हरित वाहन गतिशीलता के लिए समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया

नई दिल्ली। टोयोटा 2050 तक कार्बन तटस्थता के लिए प्रतिबद्ध है और इसका लक्ष्य 2035 तक विनिर्माण कार्यों में शुद्ध शून्य कार्बन प्राप्त करना है। यह टोयोटा पर्यावरण चुनौतियों 2050 (टीईसी 2050) से निर्देशित होगा।

आज, विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ससटेनेबल मोबिलिटी (जारी रहने योग्य गतिशीलता) के प्रति अपनी कटिबद्धता को दोहराता है। कंपनी करंट एनर्जी मिक्स (चालू ऊर्जा मिश्रण), अनूठी उपभोक्ता आवश्यकताओं, बुनियादी ढांचे की तत्परता और 2047 तक ऊर्जा में 'आत्मनिर्भर' बनने की दिशा में सरकार के विविध प्रयासों जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करते हुए कई स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को पेश करके और उनका समर्थन करके अधिक तत्परता के साथ हरित गतिशीलता समाधानों को आगे बढ़ा रही है। भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। आयात के साथ-साथ देश में जीवाश्म ईंधन की खपत भी तेजी से बढ़ रही है। इससे अप्रैल 2024 के दौरान कच्चे तेल का आयात तीसरे सबसे ऊंचे स्तर के रिकार्ड पर पहुंच गया। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता भारत ने 21.4 मिलियन टन (एमटी) कच्चे तेल का आयात किया और वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 232.5 मिलियन टन कच्चे तेल का आयात किया।

# अदाणी पावर बांग्लादेश को देता रहेगा बिजली

नयी दिल्ली। अदाणी पावर ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने 1,600 मेगावाट क्षमता वाले झारखंड संयंत्र से बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति जारी रखेगी।

इस संयंत्र से उत्पादित 100 प्रतिशत बिजली की आपूर्ति बांग्लादेश को की जानी थी। बिजली मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में निर्यातोन्मुख इकाई के रूप में स्थापित संयंत्रों से भारत के भीतर बिजली बेचने की अनुमति देने के लिए बिजली आयातानिर्यात दिशानिर्देशों में संशोधन किया था। संशोधन में प्रावधान है कि सरकार ऐसे उत्पादन संयंत्र को भारतीय ग्रिड से जोड़ने की अनुमति दे सकती है, जो अपनी पूरी या आंशिक क्षमता को लगातार निर्यात नहीं कर पा रहे हैं या जहां बिजली खरीद समझौते (पीपीए) के तहत भुगतान में देरी सहित किसी भी चूक की स्थिति बन रही है। भारत के भीतर बिजली की बिक्री को सुविधाजनक बनाने के लिए ऐसा किया गया। अदाणी पावर का 1,600 मेगावाट क्षमता वाला गोड्डा संयंत्र शायद देश का एकमात्र संयंत्र है, जिसे बांग्लादेश को 100 प्रतिशत बिजली आपूर्ति की प्रतिबद्धता के साथ स्थापित किया गया है। अदाणी पावर ने बयान में कहा कि भारत के बिजली निर्यात दिशानिर्देशों में संशोधन एक सार्वभौमिक प्रावधान है, जिसका मकसद मौजूदा व्यवस्थाओं में बदलाव किए बिना बिजली निर्यात प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित बनाना है।

## सरकार वाहनों पर सख्त सुरक्षा मानक करेगी लागू

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने एक अक्टूबर 2024 से डंपर तथा उत्खनन मशीनों सहित इलेक्ट्रिक पावरट्रेन विनिर्माण उपकरण वाहनों के लिए नए सख्त सुरक्षा मानकों का प्रस्ताव दिया है। मंत्रालय ने एक अधिसूचना के मसौदे में केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन का प्रस्ताव किया है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देना है। नियमों के मसौदे में में कहा गया, एक अक्टूबर, 2024 को और उसके बाद इलेक्ट्रिक पावरट्रेन से लैस विनिर्माण उपकरण वाहन एआईएस-174 में निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करेंगे, जब तक कि भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 2016 के तहत संबंधित बीआईएस विनिर्देशों को अधिसूचित नहीं किया जाता।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में एफडीआई 30 प्रतिशत घटकर 5,037 करोड़



नयी दिल्ली। भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत घटकर 5,037.06 करोड़ रुपये रह गया है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 2022-23 के दौरान 7,194.13 करोड़ रुपये का एफडीआई आया था। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने लोकसभा में पेश आंकड़ों में बताया कि इस क्षेत्र में एफडीआई 2021-22 में 5,290.27 करोड़ रुपये और 2020-21 में 2,934.12 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में एफडीआई 2019-20 में 6,414.67 करोड़ रुपये, 2018-19 में 4,430.44 करोड़ रुपये, 2017-18 में 5,835.62 करोड़ रुपये, 2016-17 में 4,865.85 करोड़ रुपये और 2015-16 में 3,312 करोड़ रुपये था। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिए मंत्रालय ने कई कदम उठाए हैं, जिसमें क्षेत्रीय नियमों के अधीन खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए स्वतः मंजूर मार्ग से 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति शामिल है। इसके साथ ही भारत में बने खाद्य उत्पादों के संबंध में ई-कॉमर्स सहित अन्य व्यापार के लिए सरकारी अनुमोदन मार्ग के तहत 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी गई है।

# फिक्की फ्लो बिजनेस प्रतिनिधिमंडल ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अध्यक्ष जॉयश्री दास वेमा के नेतृत्व में फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन बिजनेस प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में, वर्तमान में फिनलैंड, स्वीडन, एस्टोनिया और लातविया का दौरा कर रही 63 महिला उद्यमियों और पेशेवरों ने यूरोपीय संघ के सदस्य देश लातविया की राजधानी रीगा में देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फिक्की एफएलओ उन अजेय महिलाओं को सलाम करता है जो बाधाओं को तोड़कर सफलता की राह पर आगे बढ़ रही हैं। उद्यमिता, कौशल और शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना, जमीनी स्तर से लेकर कॉर्पोरेट तक महिलाओं का समर्थन करके एक उज्जवल, समावेशी भविष्य के लिए एफएलओ का मिशन है, बाद में फिक्की एफएलओ को लातविया गणराज्य के विदेश मंत्रालय में एक व्यावसायिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया।

## पेज एक का शेष

### अटलजी की

पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी भारत रत्न वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। कई केंद्रीय मंत्रियों और सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने भी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। सदैव अटल वाजपेयी का स्मारक है। वर्ष 2018 में आज ही के दिन दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उनका लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

### 69 हजार शिक्षक

शिक्षक भर्ती परीक्षा में जिन अभ्यर्थियों ने आरक्षण का लाभ लिया है उन्हें अनारक्षित श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। वहीं अपने फैसले में दो जजों की पीठ ने कहा है कि सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित मेरिट के मार्क्स लाने पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी में ही माइग्रेट किया जाए। दो जजों की पीठ ने यह भी कहा है कि हमारे द्वारा दिए गए निदेशों के अनुसार दिए जाने वाले ऊर्ध्वाधर आरक्षण का लाभ क्षैतिज आरक्षण को भी देना होगा। कोर्ट ने आरक्षण के सम्बंध में कहा है कि सर्विस रूल्स 1981 के नियम 14 के तहत नयी चयन सूची बनाने के बाद आरक्षण अधिनियम 1994 की धारा 3 ;6द्ध के तहत दिये गये आरक्षण नियमों का पालन किया जाये।

### जम्मू-कश्मीर

अध्यक्षता में पांच न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला देते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का फैसला बरकरार रखा था। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को इस साल सितंबर तक इस पूर्ववर्ती राज्य में विधानसभा चुनाव कराने के लिए कदम उठाने को कहा था। जम्मू-कश्मीर में पिछला विधानसभा चुनाव 2014 के नवंबर-दिसंबर में पांच चरणों में हुआ था।

### देश में एक

में स्थित एक संपत्ति, जिसे 1.63 करोड़ रुपये की आरंभिक कीमत के मुकाबले 3.29 करोड़ रुपये में बेचा गया। अयोध्या में स्थित एक संपत्ति, जिसे 0.92 करोड़ रुपये की आरंभिक कीमत के मुकाबले 4.11 करोड़ रुपये में बेचा गया। शत्रु संपत्ति के निपटान के लिए खाली संपत्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए रखा जाता है। ऐसी संपत्तियों की गृह मंत्रालय की ओर से गठित शत्रु संपत्ति निपटान समिति जांच करती है।

### मुख्यमंत्री उद्यमी

से जोड़ने में सफलता मिलेगी। योजना के अंतर्गत नौकरी के बजाए उद्यम के लिए इच्छुक युवाओं को 10 लाख एमएसएमई इकाइयों के गठन के लिए सरकार उन्हें आर्थिक रुप से सहयोग करेगी। इसके माध्यम से 50 लाख युवाओं के लिए रोजगार के सृजन की नई संभावना आगे बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं के उन्नयन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में अब तक हुए निवेश से एक करोड़ 62 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अपनाकर 62 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में भी मदद मिली है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से विगत 7 वर्ष में 6०5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करने में हमें सफलता प्राप्त हुई है तो स्टार्ट अप इकाइयों के वित्त पोषण के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा युवाओं को आकर्षित करने के लिए स्टार्ट अप फंड की भी स्थापना की गई है।

### अटलजी ने

को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि पर लोकभवन में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश को सुशासन, इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रामीण विकास का मॉडल अटल ने दिया था। सीएम योगी ने कहा कि अटल की सरकार में चलाए गए अंत्योदय के कार्यक्रम उनकी दूरदर्शिता को प्रदर्शित करते हैं।

### इसरो ने

किया गया जिसने अपने मिशन के उद्देश्यों को पूरा किया। इसरो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, एलवी की तीसरी विकासात्मक उड़ान सफल रही। एलवी-डी3 ने ईओएस-08 को कक्षा में सटीक रूप से स्थापित किया। यह इसरोडीओएस की एलवी विकास परियोजना के सफल समापन का प्रतीक है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करने के अलावा भारतीय उद्योग और एनएसआईएलइंडिया अब वाणिज्यिक मिशन के लिए एलवी का उत्पादन करेंगे। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने यहां मिशन नियंत्रण केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ईओएस-08 उपग्रह के प्रक्षेपण के साथ तीसरी विकासात्मक उड़ान एलवी-डी3 सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। रॉकेट ने अंतरिक्षयान को योजना के अनुसार निर्धारित कक्षा में एकदम सटीकता से स्थापित कर दिया है।

### कोलकाता रेप

कि मेडिकल संस्थानों को हेल्थकेयर वर्कर पर हमले के 6 घंटे के अंदर ही एफआईआर दर्ज करानी होगी। मंत्रालय का ये फैसला मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले और 14 अगस्त को इसी कॉलेज में हुई हिंसा को लेकर आया।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

